सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-328 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 23 मई 2025
24 जिकाद 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

बीकानेर से प्रधानमंत्री ने 26 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

22 को हमला, 22 मिनट में लिया बदला : मोदी

- करणी माता के आशीर्वाद से विकसित भारत बनाने का हमारा संकल्प और हो रहा है मजबूत
- सिंदूर मिटाने वाले मिट्टी में मिल गए
- मैं देश को कभी भी नहीं मिटने दूंगा : पीएम

बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के बीकानेर पहुंचे हैं। पीएम ने पलाना गांव में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कहा, मैं करणी माता का आशीर्वाद लेकर आप के बीच आया हूं। करणी माता के आशीर्वाद से विकसित भारत बनाने का हमारा संकल्प और मजबूत हो रहा है।

विकास से जुड़ी 26 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है. हमारी सड़कें आधुनिक हो, हमारे एयरपोर्ट, रेलवे आधुनिक हो इसके लिए पिछले 11 साल में तेज गति से काम किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चूरू-सादुलपुर रेल लाइन (58 किमी) की आधारशिला रखी और सूरतगढ़-फलोदी (336 किमी), फुलेरा-डेगाना (109 किमी), उदयपुर-हिम्मतनगर (210 किमी), फलोदी-जैसलमेर (157 किमी) तथा समदड़ी-बाड़मेर (129 किमी) रेल लाइन विद्युतीकरण और राजस्थान के लिए 26,000 करोड़ रुपये की जनकल्याणकारी परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। पीएम ने इस मौके पर कहा, देश जितना पैसा पहले खर्च करता था उससे 6 गुना ज्यादा खर्च कर रहा है. आज भारत में हो रहे इन विकास कार्यों को देखकर दुनिया भी हैरान है. पीएम ने आगे कहा, 70 रूट पर वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं. माल गाड़ियो के लिए स्पेशल पटरियों पर काम चल रहा है. 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बना रहे हैं. देश की पहली बुलैट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है. आधुनिक हो रहे इन रेलवे स्टेशनों को देश ने अमृत भारत स्टेशन का नाम दिया है. आज इनमें से 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन बनकर तैयार हैं। पीएम मोदी ने जहां एक तरफ विकास की रफ्तार गिनाई वहीं दूसरी तरफ पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया. ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी गिनाते हुए उन्होंने कहा, 22 तारिख (पहलगाम हमला , 22 अप्रैल) को हमले के जवाब में 22 मिनट में आतंकवादियों के ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया. सबने देखा जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है।

भारत में ट्रेनों का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी ट्रेनों का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है। वंदे भारत और नमो भारत ट्रेनें देश की नई गति और प्रगति का प्रतीक हैं। वर्तमान में देश के लगभग 70 रूटों पर वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं। पिछले 11 वर्षों में सैकड़ों रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही, 34 हजार किलोमीटर से अधिक नए रेल ट्रैक बिछाए गए हैं, जो हमारे रेल नेटवर्क को और मजबूत कर रहे हैं।

सीएम ने पीएम मोदी का जताया आभार

लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए इसे गति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं। बता दें कि अमृत भारत स्टेशन न केवल आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देंगे।

वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम सुनवाई पूरी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद गुरुवार को तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया। जिसमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति भी शामिल है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले करीब तीन दिन तक वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनीं, जो संशोधित वक्फ कानून के विरोध में याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा। केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और संवैधानिकता की धारणा के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन तथा गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने का जरिया बताया।

ज्योति मल्होत्रा की रिमांड बढ़ी चार दिन पुलिस हिरासत में रहेगी

जासूसी मामला

हिसार। हिसार की एक अदालत ने यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पुलिस हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। जासूसी के संदेह में गिरफ्तार यूट्यूबर (33) को पांच दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था। मल्होत्रा उन 12 लोगों में शामिल है जिन्हें पिछले दो सप्ताह में जासूसी के संदेह में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। जांचकर्ताओं को उत्तर भारत में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के सक्रिय होने का संदेह है। हिसार की रहने वाली यूट्यूबर ज्योति के चैनल का नाम है 'ट्रैवल विद जो' है।

पिछले सप्ताह न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। हिसार पुलिस ने बुधवार को कहा कि ऐसा कोई सबूत सामने नहीं आया है जिससे ये पता चले कि मल्होत्रा के पास किसी सैन्य या रक्षा संबंधी जानकारी तक पहुंच थी। पुलिस ने कहा कि लेकिन वह निश्चित रूप से कुछ लोगों के संपर्क में थी और जानती थी कि वे पाकिस्तानी खुफिया एजेंट हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में नवंबर 2023 से थी। दानिश को जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण 13 मई को भारत ने निष्कासित कर दिया था। पुलिस ने मल्होत्रा के तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

भीषण गर्मी पर राष्ट्रीय दिशा निर्देशों को सख्ती से लागू करने के दिए निर्देश

नई दिल्ली। पिछले साल भीषण गर्मी (हीटवेव) के कारण 700 से अधिक लोगों की मौत होने का दावा करने वाली एक जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने ऐसी मौसमी स्थिति के प्रबंधन पर कार्य योजना तैयार करने के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी करने के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने गृह मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और अन्य को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने 'पूर्वानुमान, गर्मी की चेतावनी जारी करने/पूर्व चेतावनी प्रणाली और चौबीसों घंटे निवारण हेल्पलाइन आदि के लिए सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश देने की भी मांग की।' तोंगड़ की ओर से पेश हुए वकील आकाश वशिष्ठ ने कहा कि पिछले साल भीषण गर्मी के कारण 700 से अधिक लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि बार-बार भविष्यवाणियां की गई हैं कि 'हीट स्ट्रेस' (गर्मी का प्रकोप) अधिक तीव्र होता जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है।

सीएम योगी का ऐलान : अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर होगा औरैया का मेडिकल कॉलेज

- 1725 से 1795 तक आदर्श शासन की स्थापना की
- लोगों को अहिल्याबाई होल्कर का योगदान बताएं

लखनऊ। लखनऊ में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों को जाति, मत या मजहब के आधार पर नहीं बांटा जा सकता। पिछली सरकारों ने महापुरुषों को विभाजित करने का प्रयास किया। सपा सरकार में औरैया में माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर स्थापित डिग्री कॉलेज का नाम बदलने का प्रयास किया गया। सीएम ने औरैया मेडिकल कॉलेज का नाम माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सकारात्मक ऊर्जा से देश के 140 करोड़ लोग प्रेरित हो रहे हैं। वर्ष 2014 से पहले की सरकारों ने राम और कृष्ण को काल्पनिक बताया। रामसेतु को तोड़ने की कोशिश की। तब भ्रष्टाचार, अराजकता व राजनीतिक साजिश का बोलबाला था। मोदी सरकार ने नेशन फर्स्ट का भाव पैदा किया, जिससे देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सीएम ने कहा नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं। ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत उदाहरण है। सीएम ने कहा, अहिल्याबाई ने छोटी उम्र में विवाह के बावजूद शिक्षा जारी रखी और 1725 से 1795 तक आदर्श शासन की स्थापना की। पशुपतिनाथ, रामेश्वर, महाकाल, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और बंगाल तक के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। बनारस की तरह माहिष्मति की सीढ़ियां और नर्मदा घाट की भव्यता उनके भव्य शासन की गवाही है। प्रदेश में सात वर्किंग वीमेन हॉस्टल अहिल्याबाई के नाम पर बनाए जा रहे हैं। नारी वंदन अधिनियम और शासन की अन्य योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीएसी की तीन वाहिनियों का नाम अवंतीबाई, झलकारी बाई और वीरांगना ऊदा देवी के नाम पर रखा गया है। सीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अगले 10 दिनों तक लोगों को माता अहिल्याबाई के जीवन और योगदान के बारे में बताएं। पूरे देश में 21 से 31 मई तक पीएम मोदी के नेतृत्व में अहिल्याबाई के सम्मान में कार्यक्रम हो रहे हैं।

पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठियों के निशाने पर अयोध्या, मथुरा और काशी

- नेपाल सीमा से 37 संदिग्धों के घुसपैठ की आशंका, चौकसी बढ़ी
- 1,500 से अधिक जवानों ने सीमा पर संभाल रखा है मोर्चा
- 24 घंटे रास्तों पर आने-जाने वालों पर रखी जा रही पैनी नजर

बहराइच। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच 37 पाकिस्तानी और बांग्लादेशियों के नेपाल सीमा से देश में घुसने की आशंका है। यह इनपुट मिलने के बाद नेपाल सीमा से सटे जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। सीमावर्ती गांवों में लोगों को ड्रोन दिखाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि ऐसी कोई वस्तु उड़ती दिखे तो सूचना दी जाए।

नेपाल से आने वालों पर पैनी नजर रखने के साथ आधार कार्ड की भी जांच की जा रही है। सीमावर्ती गांवों व रास्तों पर सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी हो रही है। सीमा पर 24 घंटे जवानों की टोली गश्त कर रही है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह के मुताबिक यह इनपुट मिला है कि अयोध्या, मथुरा और काशी आदि शहर घुसपैठ करने वालों के निशाने पर हैं। महराजगंज, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर और पीलीभीत जिले की 560 किलोमीटर की सीमा अति संवेदनशील है। नेपाल की खुली सीमा न सिर्फ तस्करों, बल्कि आतंकियों और घुसपैठियों के लिए भी मुफीद साबित होती रही है। इससे पहले भी इस रास्ते आइएसआइ के एजेंट, पाकिस्तानी जासूस, आतंकी व लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी कमांडर भारत में प्रवेश कर चुके हैं। फिर से घुसपैठ की सूचना पर नेपाल से सटे जिलों पर तैनात एसएसबी भी अलर्ट हो गई है। नेपाल से आने वालों पर पैनी नजर रखने के साथ उनके आधार व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज की जांच की जा रही है। सामान को स्कैन किया जा रहा है। होटलों में रुकने वालों की भी डिटेल खंगाली जा रही है। 1,500 से अधिक जवान घुसपैठ रोकने को लेकर अलर्ट हैं। 12 अगस्त 2008 को पाकिस्तान की कराची निवासी आइएसआइ एजेंट व पाक जासूस मशरूर उर्फ रमेश चौधरी को रुपईडीहा स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। 27 अक्टूबर 2013 को इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी अफजल उस्मानी को गिरफ्तार किया गया। 2013 में आतंकी यासीन भटकल को बहराइच से गिरफ्तार किया गया।

दो पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

नई दिल्ली। यूपी एटीएस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक जासूस की गिरफ्तारी दिल्ली के सीलमपुर इलाके से हुई है जबकि दूसरे जासूस को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से धर दबोचा है। सीलमपुर से पकड़े जाने वाले जासूस का नाम मोहम्मद हारून और वाराणसी से गिरफ्तार हुए जासूस का नाम मोहम्मद तुफैल है। ये दोनों पाकिस्तान के लोगों के साथ संपर्क में थे और भारत से जुड़ी कई सूचनाएं साझा कर रहे थे। एटीएस को इन दोनों के खिलाफ खुफिया इनपुट मिला था जिसके बाद इन दोनों पर एक्शन लिया गया। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है। मोहम्मद हारून दिल्ली के सीलमपुर में स्क्रैप का काम करता है। एटीएस के मुताबिक हारून पाकिस्तान दूतावास के कर्मचारी मुजम्मल हुसैन के साथ मिलकर पाकिस्तानी वीजा दिलाने के नाम पर लोगों से पैसा वसूल रहा था।

अपने नागरिकों को स्वीकार नहीं रहा बांग्लादेश : विदेश मंत्रालय

अवैध रूप से रह रहे 2,369 बांग्लादेशियों को वापस भेजने में अड़चन

भारत ने लगाई क्लास

नई दिल्ली। भारत की तरफ से सारे सबूत देने के बावजूद बांग्लादेश यहां अवैध तरीके से रहने वाले अपने नागरिकों को स्वीकार नहीं कर रहा है। बार-बार सूचना भेजने के बावजूद भी इनकी नागरिकता को सत्यापित करने में बांग्लादेश मदद नहीं कर रहा है। इस वजह से 2369 बांग्लादेशियों को वापस उनके देश नहीं भेजा जा सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत लगातार बांग्लादेश सरकार से आग्रह कर रहा है कि वह यहां अवैध तरीके से रहने वाले अपने नागरिकों को वापस ले। ऐसे 2,369 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई है। इनमें से कई लोगों ने भारत में अपने कैद की सजा भी पूरी कर ली है। अब बांग्लादेश सरकार पर है कि वह इनकी नागरिकता को सत्यापित करे और इन्हें वापस ले जाए। बांग्लादेश से नागरिकता सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह करते हुए जायसवाल ने कहा कि जो लोग भारत में अवैध रूप से रह रहे हैं, चाहे वे बांग्लादेशी नागरिक हों या कोई और, उनके साथ कानून के अनुसार निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक हैं, जिन्हें निर्वासित किया जाना आवश्यक है। हमने बांग्लादेशी पक्ष से उनकी नागरिकता सत्यापित करने के लिए कहा है। हमारे पास निर्वासित किए जाने वाले लोगों के 2,369 से अधिक मामलों की लंबित सूची है। कई मामलों में नागरिकता सत्यापन प्रक्रिया 2020 से लंबित है। गौरतलब है कि अवैध प्रवासी बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के छुपकर भारत में प्रवेश करते हैं, जिससे प्राधिकारियों के लिए देश में रह रहे ऐसे लोगों का सही अनुमान लगाना अत्यंत कठिन हो जाता है। बहरहाल, विदेश मंत्रालय का यह बयान तब आया है जब भारत में अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशियों को वापस भेजने को लेकर राजनीति भी गर्मा रही है। भारत में कितने बांग्लादेशी अवैध तरीके से रहते हैं, इसका कोई भी विश्वस्त आंकड़ा सरकार के पास नहीं है।

जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

2200

करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का मामला

जम्मू। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कीरू जलविद्युत परियोजना के लिए 2,200 करोड़ रुपये के कार्यों के ठेके में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और पांच अन्य के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र दायर किया है।

सीबीआई ने तीन साल की जांच के बाद एक विशेष अदालत के समक्ष अपनी रिपोर्ट पेश की है। बता दें कि सीबीआई ने अप्रैल 2022 में जम्मू-कश्मीर सरकार के अनुरोध पर मामला दर्ज किया था। मलिक अगस्त 2018 से अक्तूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। वहीं इस केस में चार्जशीट दाखिल होने के बाद मलिक ने एक्स पर लिखा कि वह अस्पातल में भर्ती हैं और किसी से बात करने की स्थिति में नहीं हैं। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि उन्हें कई शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं, जिनका वह जवाब नहीं दे पा रहे हैं। मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें इस परियोजना से संबंधित एक फाइल सहित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। लेकिन पिछले साल सीबीआई द्वारा तलाशी अभियान चलाए जाने के बाद उन्होंने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार किया था। मलिक ने कहा कि जिन लोगों के खिलाफ उन्होंने शिकायत की थी और जो भ्रष्टाचार में लिप्त थे, उनकी जांच करने के बजाय सीबीआई ने उनके आवास पर छापा मारा। इस पर उन्होंने एक्स पर लिखा था, उन्हें 4-5 कुर्ते और पायजामा के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। तानाशाह सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके मुझे डराने की कोशिश कर रहा है। मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं न तो डरूंगा और न ही झुकूंगा।

सम्मान समारोह — **बहादुरी के लिए सेना के जवानों किया सम्मानित**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए गैलेंट्री अवॉर्ड्स

- राष्ट्रपति ने शहीद जवानों के परिवारों को लगाया गले

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह के प्रथम चरण में देश के जांबाज सैनिकों को शौर्य चक्र और अन्य वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया। यह सम्मान उन सैन्यकर्मियों को प्रदान किए गए जिन्होंने सैन्य सेवा के दौरान बहादुरी, साहस और बलिदान का परिचय दिया।

समारोह का आयोजन राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तीनों सेनाओं के प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर देश ने अपने उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि और सम्मान दिया, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी या असाधारण साहस का परिचय दिया। समारोह देश की सैन्य परंपरा और वीरता के प्रति सम्मान का प्रतीक बना। इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फेंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आई। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवॉर्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी।

शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन जेफरी, सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर हमिंगचुल्ह्रो, जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ का नाम शामिल है।

इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, एईओ आईएनएस विशाखापट्टनम और आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को भी राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

ट्रक चालक की पीट-पीटकर की हत्या

हत्या

परिजनों का कहना है कि दस दिन पहले शराब को लेकर हुए विवाद में उनके बेटे की पीट-पीटकर हत्या की गई है।

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। थाना नीमगांव के गांव मल्लपुर गड़रिया निवासी एक ट्रक चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह बुधवार की शाम टहलने जाने की बात कहकर घर से निकला था। गुरुवार की सुबह उसका शव गडरिया तिराहे के पास एक खेत से बरामद हुआ। शव पर चोटों के निशान पाए गए हैं। परिजनों का कहना है कि दस दिन पहले शराब को लेकर हुए विवाद में उनके बेटे की पीट-पीटकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है गांव मल्लपुर गड़रिया निवासी ट्रक ड्राइवर मोनू दीक्षित (21) पुत्र वीरेंद्र दीक्षित बुधवार को घर से बाहर टहलने के लिए गए थे। इसके बाद घर वापस न आने पर परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नही चल सका। गुरुवार की सुबह बच्चे आम की बाग की तरफ अमिया बीनने के लिए जा रहे थे। तभी मोनू का शव गडरिया तिराहे से कुछ दूरी पर खेत में पड़ा देखा। बच्चों ने गांव पहुंचकर शव पड़े होने की सूचना दी। इस पर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। शव मिलने की सूचना पार परिजन भी आ गए। शव मोनू दीक्षित का देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान और सिकंद्राबाद चौकी प्रभारी भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। परिवार वालों के साथ ही ग्रामीणों से भी जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि दस दिन पहले शराब को लेकर मोनू दीक्षित का विवाद हुआ था। इसी रंजिश में उसकी लाठियों से पीट-पीटकर हत्या की गई है। शव पर चोटों के निशान भी पाए गए हैं। पुलिस भी पिटाई से मौत होने की बात से इन्कार नहीं कर रही है। हालांकि उसका कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी ट्रक ड्राइवर मोनू का शव मिलने से लोगों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस भी हरकत में आ गई है। पुलिस ने परिवार वालों के शक जताने पर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे वह पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस अभी कुछ भी बताने से इन्कार कर रही है। उसका कहना है कि अभी पूछताछ चल रही है। एसओ नीमगांव आलोक कुमार धीमान ने बताया कि शव पर चोट के निशान मिले हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

1 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता) थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त काला सिंह पुत्र भगत सिंह निवासी ग्राम सुकईपुरवा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को ग्राम सुकईपुरवा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई पिकअप, चालक की हुई मौत

लखीमपुर-खीरी। *(अवधनामा संवाददाता)* कानपुर से फल लेकर लखीमपुर आ रही एक पिकअप गुरुवार तड़के गांव मरखापुर के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड व पुलिस ने केबिन में फंसे झांसी के चालक को बाहर निकाला और उसे अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम क लिए भेजा है हादसा थाना खीरी क्षेत्र में हुआ। एक पिकअप फल फ्रूट भरकर गुरुवार की तड़के लखीमपुर की राजापुर मंडी आ रही थी। गांव मरखापुर के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड व पुलिस ने किसी तरह से केबिन में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला और उसे एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने झांसी निवासी चालक गुड्डू (38) को मृत घोषित कर दिया।

दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सुभाष चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित चल रहे दोनो आरोपियों सोयब पुत्र गुलसनव्वर व दिलशाद पुत्र युसूफ निवासीगण मौहल्ला समंगा ग्राम मल्हीपुर थाना रामपुर मनिहारान को बड़गांव रोड मल्हीपुर अन्डरपास के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।

आनंद पटेल को समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। शहर के फतेहपुर सैंधरी निवासी आनंद पटेल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की स्वीकृति पर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बनने पर जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व सदस्य विधान परिषद शशांक यादव, पूर्व विधायकगण विनय तिवारी, राम सरन व सुनील लाला समेत लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष यश मोहन पटेल, छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष उमेश गिरी, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने हर्ष जताया!पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहाकि आनंद पटेल एक संघर्षशील युवा नेता है जिन्होंने पार्टी के आंदोलनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है लाठियां भी खाई है, जमीन से जुड़े युवा नेता को माननीय अखिलेश यादव जी नें लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाकर युवाओ की हिम्मत को बढ़ाने का कार्य किया है जिसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते है साथ जी आनंद पटेल को नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं।

13 सूत्रीय मांगो को लेकर भारतीय हलधर किसान सौंपा ज्ञापन

सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता) भारतीय हलधर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ ने 13 सूत्रीय मांगो को लेकर धरना दिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक राजेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में किसान एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मनीष बंसल को सौंपते हुए बताया कि यूनियन काफी समय से केंद्र व राज्य सरकार से एमएसपी की गारंटी की मांग करते आ रहे हैं। इस कानून बनाकर तुरंत लागू किया जाए। जिले में लगी पानी की टंकियों को दुरूस्त कराया जाये, तालाबों की सफाई कराई जाए। जंगलों में जितने भी सेक्टर एवं चकरोड हैं। भूमाफिया द्वारा उन पर कब्जे किए हुए है, तुरंत उन्हे कब्जामुक्त कर भूमि माफियाओं के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। बजाज शुगर मिल ने अब तक 5 दिसंबर तक का पेमेंट भेजा है, जो की ऊंट के मुंह में जीरा है। सभी मिलो का गन्ना पेमेंट तुरंत कराया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि गांगनौली मिल ने किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान न किया, तो डीएम ऑफिस या मिल पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि आवारा पशुओं से हर किसान परेशान है वह उनकी फसलों को उजाड़ रहे हैं। इसलिए जितने भी आवारा पशु हैं, उन्हें गौशाला में छुड़वाया जाए। विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी किसी भी किसान मजदूर को परेशान ना करें अन्यथा ऐसी स्थिति में किसानों को धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालो में मुकेश राणा, भूषण राणा, इसरार प्रधान, बिशनलाल, इस्तकार समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

व्यापारी प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई का किया विरोध

सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता) सहारनपुर प्लास्टिक एसोसिएशन के पदाधिकारी आज उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डा.यागेन्द्र कुमार व एई जेएन तिवारी से क्षेत्रीय कार्यलय में मिले। जहां उन्होंने विभाग द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर चल रही छापेमार कार्रवाई का विरोध किया। सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर वरिष्ठ महामंत्री सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में प्लास्टिक कारोबारी से जुड़े व्यापारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी से मिले और कहा कि छापेमारी की आड़ में व्यापारियो का उत्पीडन किसी भी सूरत मे बर्दाश्त नही किया जायेगा। जबकि संगठन किसी भी पौलीथीन, कैरी बैग के निर्माण करने वाले अथवा विक्रय करने वाले व्यापारी का समर्थक नही है व व्यापारी समाज अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को बाखूबी समझता है परन्तु कैरी बैग की आड़ में विभाग द्वारा की गई छापेमारी का पूर्ण विरोध करता है। क्षेत्रीय अधिकारी डा. योगेन्द्र कुमार ने व्यापारी प्रतिनिधियो को आश्वस्त किया कि विभाग एवं व्यापारी एक दूसरे के पूरक है एवं विभाग द्वारा किसी भी व्यापारी का कोई भी उत्पीड़न नही किया जायेगा। व्यापारी प्रतिनिधियों एवं विभाग मे इस बात को लेकर सहमति बनी कि शीघ्र ही विभाग द्वारा व्यापारियो को जागरूक करने के उददेश्य से कार्यशाला का आयोजन भी किया जायेगा।

निगम के इतिहास में ई-व्यवस्था गेम चेंजर होगी: महापौर

ई-ऑफिस व्यवस्था के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा निगम को दी गयी दो करोड़ की धनराशि

सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता) नगर निगम में ई-ऑफिस व्यवस्था क्रियान्वित करने के लिए महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि व अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने आज सभी विभागों को कम्पयूटर सेट वितरित किये। कम्पयूटर वितरण के बाद निगम के समस्त 98 पटल कम्पयूटरीकृत हो जायेंगे। एक जून से समस्त विभाग ई-ऑफिस के माध्यम से ही पत्रावलियां प्रस्तुत करेंगे। ई और संरचना विकास, डिजीटिलाइजेशन ऑफ रिकॉर्ड के लिए स्मार्ट सिटी के माध्यम से दो करोड़ की धनराशि नगर निगम को प्रदान की गयी है। कम्पयूटर सेट वितरित करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि ई-व्यवस्था निगम के इतिहास में गेम चेंजर साबित होगी। इससे व्यवस्था न केवल पब्लिक फ्रेंडली होगी बल्कि प्रधानमंत्री जी के 2047 में विकसित भारत के संकल्प में हमारे सहयोग का एक सशक्त कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि नई तकनीक के साथ ही व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए हम आगे बढ़ सकते हैं। महापौर ने स्मार्ट सिटी चेयरमैन/मंडलायुक्त का इस बात के लिए आभार व्यक्त किया कि उन्होंने नगर निगम की आवश्यकताओं को समझते हुए कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता एवं जनसुविधाओं के शीघ्र क्रियान्वन के लिए नगर निगम को धनराशि उपलब्ध करायी है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने ई-व्यवस्था को आज की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ई-व्यवस्था के व्यवहार में आने से आवश्यक दशाओं में अधिकारी किसी भी स्तर से लॉगिंग कर पत्रावलियों का अवलोकन, अनुमोदन व निस्तारण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस व्यवस्था प्रदेश शासन की प्राथमिकताओं में है। कार्यक्रम के शुभारंभ में नगरायुक्त ने महापौर को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया और एक स्मृति चिह्न प्रदान किया।

ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत तीन घायल

सहारनपुर। थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर ओवरटेक करते समय सामने से आ रही बाइक व साइकिल में टकराने के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा गुरुवार की सुबह करीब दस बजे पेश आया। दरअसल, कोतवाली बेहट इलाके के गांव कलसिया निवासी शाकिब पुत्र नूर हसन अपने चचेरे भाई अजीम पुत्र काला के साथ सहारनपुर की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह बाबैल बुजुर्ग में स्थित बैंक के पास पहुंचे तो ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक और साइकिल से टकरा गई। टक्कर लगने के बाद शाकिब और अजीम सड़क पर जा गिरे और बराबर से गुजर रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। हादसे में बाइक सवार शाकिब की मौत हो गई जबकि अजीम और दूसरी बाइक पर सवार गुलदस्ते की फेरी लगाने वाले जिला रामपुर की तहसील बिलासपुर निवासी जब्बार पुत्र इदरीश व इरफान पुत्र मौहम्मद अली गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहारनपुर जक्शन रेलवे स्टेशन का वर्चुअली किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहारनपुर जक्शन रेलवे स्टेशन समेत 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ मंत्री व विधायकों ने प्रधानमंत्री के वर्चुअली सम्बोधन को सुना और कहा कि रेल यात्रियों को अब पहले से ज्यादा अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ट्रेन में सफर करके बेहतर लाभ मिलेगा।

भारतीय रेल के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के बीकानेर में 26,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वागत किया और ऑनलाइन शामिल हुए 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों की महत्वपूर्ण भागीदारी को स्वीकार किया। उन्होंने कई राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, मुख्यमंत्री राजस्थान भजन लाल शर्मा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

सहारनपुर रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश में उत्तर रेलवे के अम्बाला मण्डल के अंतर्गत सहारनपुर जं. रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है क्योंकि यह अमृतसर-हावड़ा, जम्मूतवी-हावड़ा और दिल्ली-देहरादून जैसे प्रमुख मार्गों पर सेवा प्रदान करता है। स्टेशन को

आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया गया है जैसे एसी वेटिंग रूम, यूटीएस और पीआरएस हॉल, वेटिंग हॉल, 3 रिटायरिंग रूम, 4 शौचालय (रिटायरिंग रूम के 3 शौचालय और एसी वेटिंग रूम का 1 शौचालय), चौड़ी सड़कस्स्सें और रास्तों के साथ सर्कुलेटिंग एरिया का पुनर्विकास (8531 वर्ग मीटर), यात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए प्रवेश/निकास द्वारों का पुनर्विकास/जोड़ना, पार्किंग का विकास (3383.5 वर्ग मीटर), प्रवेश पोर्च, दिव्यांगजनों के लिए स्पर्शनीय मार्ग, दिव्यांगजन बुकिंग खिड़कियां-02, दिव्यांगजन पार्किंग-2, सहज संकेत, एग्जीक्यूटिव लाउंज का नवीनीकरण, पीएफ-4 पर प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्प्ले बोर्ड, नए फर्नीचर का प्रावधान (स्टील बेंच-56, कुशन वाली कुर्सियां-130, एग्जीक्यूटिव टेबल-25, सोफा सेट-7) स्टेशन का अग्रभाग सौंदर्यपूर्ण ढंग से डिजाइन किया गया है।

पुलिस ने किया रुचिका हत्याकांड का खुलासा

बिजनौर (*अवधनामा संवाददाता*) जनपद बिजनौर के धामपुर थाना क्षेत्र में प्रेम संबंधों के चलते एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है। ग्राम दीत्तनपुर निवासी 25 वर्षीय युवती रुचिका रानी की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप उसके प्रेमी शिवम, उसके पिता ऋषिपाल और माँ सुमेश पर है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रुचिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट 10 मई को परिजनों द्वारा थाना धामपुर पर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद 18/19 मई को उसका शव पोषक नहर से बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई, साथ ही यह भी पता चला कि उसकी मौत रिपोर्ट दर्ज होने से करीब 6 से 8 दिन पहले हो चुकी थी। पुलिस ने संदेह के आधार पर सुहागपुर निवासी शिवम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि वह 2016 से रुचिका से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था। लेकिन सरकारी नौकरी न होने के कारण रुचिका ने शादी से इनकार कर दिया.इस इनकार से आहत होकर शिवम ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर रुचिका की हत्या कर दी और शव को बैग में बंद कर नहर में फेंक दिया। पुलिस अधीक्षक पूर्वी, अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

स्थित नवीन सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि नगर निगम संबंधी मुद्दों के त्वरित निस्तारण के लिए नगर आयुक्त की अध्यक्षता में अलग से बैठक कराई जाए। कम्पनी बाग में स्थित शौचालय को नगर निगम या शुलभ के माध्यम से संचालित कराया जाए। उन्होने संयुक्त निदेशक उद्यान को हैण्डओवर संबंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि घण्टाघर से रेलवे स्टेशन रोड पर बने डिवाइडर में कहां पर कट देना है और कहां से बंद करना है इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट, एसपी यातायात एवं नगर निगम के मुख्य अभियंता संयुक्त रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि व्यापार बंधु की बैठक में व्यापार संबंधी मुद्दों को ही प्राथमिकता दी जाए। पंक्चर लगाने वाले जैल का नशीले पदार्थ के रूप में प्रयोग करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि स्टेशन के आस-पास सख्ती से कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित कराएं की इस प्रकार की सामग्री का विक्रय केवल दुकानदारों को ही किया जाए। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत बिलों संबंधी प्रकरणों में निर्देश दिए कि चीफ इंजीनियर की अध्यक्षता में वैण्डरों, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं पीओ नेडा की बैठक बुलाकर समस्या का समाधान किया जाए। विधिक माप विज्ञान विभाग को निर्देश दिए कि मोडल अप्रूवल वाले इंडीकेटर प्रयोग करने वाले धर्मकांटों की ही मुद्रांकन सील की जाए। साथ ही बिना मोडल अप्रूवल वाले इंडीकेटर को यथाशीघ्र परिवर्तित कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, व्यापारी हरपाल सिंह वर्मा, मुकुंद मनोहर गोयल, नुसरत साबरी, आलोक अग्रवाल, नरेश गोयल सहित अन्य व्यापारी बंधु तथा संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मादक पदार्थ की तस्करी करने वाली महिला अभियुक्त गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना नागल पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 ग्राम अवैध स्मैक व 2290रुपये नगद बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना नागल प्रभारी रमेश चन्द्र सिंह ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक महेश चन्द के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर नशा तस्कर महिला अभियुक्ता खेरुनिशा पत्नी असगर निवासी ग्राम उमाही थाना नागल को ग्राम उमाही भट्टे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से 12 ग्राम अवैध स्मैक व 2290 रुपये नगद बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिजनौर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया गया

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नगीना, नजीबाबाद जंक्शन, गजरौला जंक्शन, धामपुर स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा

अवधनामा संवाददाता

बिजनौर। बिजनौर रेलवे स्टेशन, उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल में नजीबाबाद-गजरौला रेलवे लाइन पर स्थित है। यह स्टेशन उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले को सेवा प्रदान करता है, जो गन्ना उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। बिजनौर स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास और आधुनिकीकरण किया गया है। इस योजना का उद्देश्य देश भर के 1309 रेलवे स्टेशनों को बदलना और पुनर्विकसित करना है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 26 फरवरी 2024 को 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी थी। इन स्टेशनों में आधुनिक यात्री सुविधाएँ जैसे छत पर प्लाजा, सुंदर भूसज्जा, इंटर-मोडल कनेक्टिविटी, उन्नत आधुनिक मुखौटा, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। ये स्टेशन पर्यावरण के अनुकूल और दिव्यांगजन के लिए भी अनुकूल बनाए जा रहे हैं। इन स्टेशन भवनों का डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिजनौर रेलवे स्टेशन में निम्नलिखित सुविधाओं में सुधार किया गया है! अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे द्वारा अपने बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए किया गया एक समर्पित प्रयास है, जिसका उद्देश्य करोड़ों यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है। यह योजना सुंदर रूप से डिज़ाइन किए गए अग्रभाग, पुनर्निर्मित प्लेटफार्म, आकर्षक परिदृश्य, रूफ प्लाज़ा, कीओस्क, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने का क्षेत्र जैसे आधुनिक यात्री सुविधाओं के निर्माण की परिकल्पना करती है। सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयासों में सड़कों का चौड़ीकरण, अवांछित संरचनाओं को हटाना, सुंदर साइनबोर्ड लगाना, समर्पित पैदल मार्ग बनाना, पार्किंग सुविधाओं को बेहतर बनाना और बेहतर प्रकाश व्यवस्था शामिल है।अमृत भारत स्टेशन योजना की एक प्रमुख विशेषता यह है कि पुनर्विकसित स्टेशन भवनों की डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होती है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नगीना, नजीबाबाद जंक्शन, गजरौला जंक्शन, धामपुर स्टेशनों का पुनर्विकास बिजनौर स्टेशन की तरह किया जाएगा।

मजलिसों का हुआ आगाज़, खिदमत ए- ख़ल्क़ जारी

चैयरमेन मुअज्ज़म इंजीनियर ने जायरीनों की ख़िदमत के लिए ठंडे पानी के कैंप का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

नजीबाबाद। गर्मी को देखते मजलिसो के दौरान नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर हजारों की तादाद में आने वाले देश विदेश के जायरीनो के लिए हर साल नगर पालिका की ओर से पीने के पानी का माकूल इंतजाम किया जाता है, जिसके चलते इस साल भी नगरपालिका नजीबाबाद को तरफ से जयरीनों की ख़िदमत के लिए एक ठंडे पीने के पानी के कैंप का रेलवे स्टेशन नजीबाबाद में शुभारंभ किया गया। कैंप का शुभारंभ नगर पालिका नजीबाबाद चेयरमैन और ईओ ने मिलकर फीता काटकर किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए चेयरमैन मुअज़्ज़म इंजीनियर ने कहा कि जोगीरम्पुरी दरगाह ए आलिया नज़फे हिंद पर सालाना

मजलिस के दौरान दूर दराज से जायरीन आते हैं, गर्मी का मौसम होता है आने जाने वाले जायरीन सफर के दौरान प्यास होते हैं जिसमें प्याज बुझाने के लिए पानी अपना एक स्थान रखता है जिसको ध्यान में रखते हुए हर साल की तरह जायरीनों के लिए नगरपालिका नजीबाबाद की तरफ से ठंडे पानी का एक बड़ा शिविर लगाया गया है ताकि दूर दराज से भीषण गर्मी मे जायरीन प्यास से परेशान न हो और स्टेशन पर उतरते ही उनके लिए ठंडा पानी मिल जाये। चेयरमैन साहब ने आगे कहा कि शायरी हमारे मेहमान है मैं जायरीनों की खिदमत के लिए हर संभव कोशिश करूंगा! इस मौके नगर पालिका ईओ श्रीमती मुक्ता कुमारी, राकेश जुनैजा, अजमल खां, शिराज, संजीव गोयल, नगर पालिका के मेम्बर, आदि मौजूद रहे!

सफल ऑपरेशन के बाद मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान की जल्द होगी क्षेत्र में वापसी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर से विधायक चन्द्रभानु पासवान का मेदांता अस्पताल में एक माह पूर्व हुए ऑपरेशन प्रक्रिया के बाद डॉक्टरों ने बेडरेस्ट की सलाह दी थी लेकिन स्वास्थ्य पुनः बिगड़ने के कारण उनके परिजनों व शुभचिंतकों ने दोबारा मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया और डॉक्टरों ने दोबारा ऑपरेशन की सलाह दी और अब जबकि ऑपरेशन सफलतापूर्वक हो चुका है और जल्द ही विधायक स्वस्थ होकर जनता के बीच पहुंचेगे वहीं विधायक से मुलाकात कर लौटे इमरान ख़ान ने बताया कि जो विरोधी विधायक के लिए अफ़वाह फैला रहे थे कि मिल्कीपुर विधायक बीमारी का बहाना करके जनता से दूरी बनाए हुए है वो सभी लोग बेनक़ाब हो चुके है और जनता सबकी असलियत जान चुकी है। ऐसे भी समय में विधायक जी का पूरा परिवार मिल्कीपुर जनता के सुख दुःख में सदैव उपस्थित है। धन्य है मिल्कीपुर की जनता और धन्यवाद है विधायक जी और उनके परिवार को। डॉक्टर के निर्देश पर अभी कुछ दिन और लगभग बेड रेस्ट पर रहना है। उसके बाद विधायक जी सबके बीच उपस्थित रहेंगे। वहीं आगे बताया के विधानसभा की जनता अपने लोकप्रिय विधायक से मिलने के लिए लगातार अस्पताल आ रही है और अपने विधायक जी के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी रहकर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर रही है।

जलशक्ति मंत्री ने ग्राम महोई में विकास की नई धारा बहाई, पम्प नहर का शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। प्रदेश के जलशक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन बाढ़ नियंत्रण परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उ0प्र0 श्री स्वतंत्र देव सिंह जी द्वारा आज जनपद के ग्राम महोई, तहसील माधौगढ़ में पाहुज नदी के बाएं तट पर स्थित 'नवीन महोई पम्प नहर' का भव्य शिलान्यास किया गया। साथ ही कुल 29.64 करोड़ की लागत वाली 8 परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण भी सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में क्षेत्रीय विकास, ग्रामीण सशक्तिकरण और जल संसाधन प्रबंधन के नए अध्याय की शुरुआत हुई। नवीन महोई पम्प नहर के निर्माण से क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। यह पम्प नहर विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जल उपलब्ध कराएगी, जहां परंपरागत सिंचाई संसाधन या तो अनुपलब्ध हैं या सीमित हैं। लोकार्पित परियोजनाओं में सड़क मार्गों के सुधार, पुलिया निर्माण, एवं नहरों के किनारों पर सुदृढ़ीकरण जैसे कार्य शामिल हैं। पहले जहां मानसून के समय मार्गों पर आवागमन बाधित होता था, वहीं अब नई सड़कों और मरम्मत कार्यों के माध्यम से सभी मौसमों में निर्बाध यात्रा संभव होगी।यह सुधार न केवल दैनिक आवागमन को आसान बनाएगा, बल्कि किसानों की उपज को मंडियों तक पहुँचाने में भी मददगार साबित होगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। इन परियोजनाओं में नहरों का पुनर्स्थापन एवं सुदृढ़ी- करण भी एक अहम हिस्सा रहा। दशकों पुरानी नहरों की मरम्मत कर उन्हें जल वहन योग्य बनाया गया है। इससे जल आपूर्ति व्यवस्था बेहतर हुई है, और जल रिसाव जैसी समस्याओं पर नियंत्रण पाया गया है। कार्यक्रम में लगभग 22.50 करोड़ की लागत से बनने वाली नई परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया।

ये परियोजनाएं आगामी समय में क्षेत्रीय जल संसाधनों और ग्रामीण ढांचे के और अधिक विस्तार में सहायक होंगी।इस अवसर पर ग्राम महोई और आसपास के ग्रामीणों में अत्यंत उत्साह का वातावरण देखने को मिला। स्थानीय किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब खेतों को समय पर सिंचाई मिल पाएगी, और फसलों की गुणवत्ता के साथ

29.64 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

उत्पादन भी बढ़ेगा।ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों ने कहा कि सड़कें और जल प्रबंधन की सुविधाएं उनके जीवन को सरल बना रही हैं, जिससे सरकार की योजनाओं पर जनविश्वास और मजबूत हुआ है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से यह स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार गाँव, किसान और गरीब के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।इस दौरान जलशक्ति मंत्री जी ने कहा कि जल और जीवन का गहरा रिश्ता है। हमारी सरकार का हर कदम जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार और ग्रामीण उत्थान को समर्पित है। हम हर खेत तक पानी पहुँचाकर ही दम लेंगे। ग्राम महोई में आज का कार्यक्रम केवल शिलान्यास और लोकार्पण का आयोजन नहीं था, यह किसानों की खुशहाली और गाँवों की तरक्की की ठोस शुरुआत है।

हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध कब्जाधारियों पर चल बुल्डोजर

कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के पटखौली गांव में हाईकोर्ट के आदेश पर हटा कब्जा

पोखरी से अवैध कब्जा हटवाती नायब तहसीलदार कप्तानगंज एकता

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। हाईकोर्ट के आदेश पर कप्तानगंज तहसील प्रशासन ने पटखौली गांव में पोखरी पर अवैध रूप से किए गए कब्जे को हटवाया गया। बता दें कि उक्त ग्राम सभा के पोखरी पर करीब दर्जनों लोगों द्वारा पक्का मकान बनवा लिया गया था तथा कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर अवैध कब्जा कर रहे थे। अवैध कब्जा को लेकर किसी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दिया जिसके बाद कोर्ट ने संज्ञान लेकर स्थानीय प्रशासन को कब्जा मुक्त करने का आदेश दिया। जिसके क्रम में गुरुवार को नायब तहसीलदार कप्तानगंज एकता त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ पहुंची और जेसीबी मशीन से अतिक्रमणकारियों हटवाया गया। बता दें कि उक्त गांव के अलावा तहसील क्षेत्र के कोई ऐसा गांव नहीं है जहां पोखरी पर अवैध कब्जा न किया गया हो लेकिन स्थानीय प्रशासन उक्त प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल देती है। हां अगर कोई उच्चाधिकारी का निर्देश हो या कोई शिकायत किया हो उसी के आधार पर प्रशासन कार्रवाई करती है जबकि अवैध अतिक्रमण को हटवाना तहसील प्रशासन की जिम्मेदारी है जिससे आने वाले समय में कोई विवाद न हो।

सीएम योगी ने दिया आर्थिक संबल, कृतज्ञ हुए पूर्व प्रधान के परिजन

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने प्रदान किया पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। पीपीगंज क्षेत्र के ग्राम नयनसर के पूर्व प्रधान श्री नागेंद्र चौधरी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। प्रकरण जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संज्ञान में आया उन्होंने परिवार को आत्मीयता के पुट में भरपूर आर्थिक संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री की तरफ से मदद मिलते ही पूर्व प्रधान के परिजन कृतज्ञता प्रकट करते हुए बोल पड़े, महाराज जी की मदद ने संभाल लिया वरना हम बिखर जाते। श्री नागेंद्र चौधरी नयनसर के पूर्व प्रधान रहे। उनकी तबियत काफी दिनों से खराब चल रही थी। विगत 8 मई को उनका निधन हो गया। पूर्व प्रधान के घर की आर्थिक दशा वर्तमान समय में काफी खराब हो गई थी। यह बात जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पता चली तो उन्होंने स्वर्गीय नागेंद्र चौधरी के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद गुरुवार को जिला प्रशासन की एक टीम स्वर्गीय नागेंद्र चौधरी के नयनसर गांव स्थित आवास पर पहुंची और पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक उनकी पत्नी को प्रदान किया।

तीन किसानों को वितरित की गईं चेकें

उरई (जालौन)। मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के तहत उप जिलाधिकारी विनय मौर्य ने तहसील क्षेत्र के तीन पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता धनराशि की चेकें वितरित की।उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने तहसील क्षेत्र के तीन किसान श्याम करण खर्रा, रामकुमार गिधौसा तथा लल्लू राम ईटों को वित्तीय सहायता धनराशि की चेके वितरित की। उक्त किसान की खेत खलिहान में अग्निकांड होने से उनकी फसलें नष्ट हो गयी थी या किसी दुर्घटना का शिकार हो गये थे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास के संबंध में बैठक संपन्न हुई

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में वित्तीय वर्ष 2025-26 में वंदन योजनान्तर्गत सांस्कृतिक पौराणिक,धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत संपर्क मार्ग, विश्रामालय वाटर कियोस्क, शेड,साइनेज एवं प्रकाश, बेंच, शहीद स्थल/स्मृति पार्क का सौंदर्यीकरण, इंटरलॉकिंग, घाटों का सौंदर्यीकरण,पर्यटक सूचना केंद्र का निर्माण किया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी नगर पालिका/पंचायत में कार्यो का चयन कर प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द शासन को भेजना सुनिश्चित करे, इसके साथ ही 2023-2024 में नगर पंचायत कम्पिल, संकिसा बसंतपुर में कराये गये कार्यो की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ कोषाधिकारी व उपजिलाधिकारी सदर, अमृतपुर व समस्त संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

धर्म, न्याय और राष्ट्र धर्म का सजीव स्वरूप है अहिल्याबाई होल्कर का जीवन दर्शनः दिलीप

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशाब्दी और तीन सौंवी जयंती स्मृति अभियान को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर का जीवन दर्शन धर्म, न्याय और राष्ट्र धर्म का सजीव स्वरूप है।

उन्होंने सनातन संस्कृति की पुर्नस्थापना की अग्रदूत के रूप में काम किया। अहिल्या बाई आदर्श शासन की शिल्पकार थीं। उन्होंने काशी से रामेश्वरम तक अनेक तीर्थ स्थलों का पुनरोद्धार कराया। दिलीप पटेल ने अहिल्याबाई होलकर का पूरा जीवन दर्शन प्रस्तुत किया और कहा कि अपने लगभग तीस साल के शासन में उन्होंने लोक कल्याण के जो काम किए हैं वे आज के शासन के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं। पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने कहा कि अहिल्या बाई होल्डर का शासन शक्ति, सेवा, आरोग्य, संयम और बहुजन कल्याण का पर्याय रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने कहा कि भाजपा अहिल्याबाई होलकर के जीवन दर्शन को सामने रखकर समाज की आधी आबादी को बूथ तक सशक्त बनाने का अभियान चला रही है। संगोष्ठी का संचालन कार्यक्रम संयोजक राकेश त्रिपाठी ने किया। पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव,राम प्रसाद मिश्र, दुर्गेश त्रिपाठी,चंद्रमौलि सिंह, पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्र, अनुपूचित मोर्चा के अध्यक्ष महेश सोनकर, महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती आशा बाजपेई,, जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, भागीरथी मौर्य, विन्ध्येश्वरी प्रसाद दूबे, राजीव शुक्ला, भवानी दत्त दीक्षित आदि मौजूद रहे।

आंधी में इमारत का हिस्सा गिरने से आप नेता की मौत

अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता। बुधवार शाम तेज-आंधी और तूफान ने सिर्फ नोएडा को ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को ही हिला कर रख दिया। नोएडा में 75 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने काफी कुछ तहस-नहस कर दिया। अलीगढ़ में भी आम आदमी पार्टी के नेता की मौत हो गई है. मिली जानकारी के मुताबिक, आप नेता मनीष शर्मा की तूफान की वजह से दर्दनाक मौत हो गई. आप नेता मनीष शर्मा अपनी मोटर साइकिल से कही जा रहे थे. तभी तेज आंधी-तूफान आना शुरू हो गया. ऐसे में उन्होंने बाइक रोकी और बचने के लिए 3 मंजिला इमारत के करीब आ गए. मगर उन्हें क्या पता था कि ये ही उनकी मौत का कारण बना जाएगा. तेज आंधी-तूफान से बचने के लिए वह पास में मौजूद 3 मंजिला इमारत के पास आ गए. मगर तभी 3 मंजिला इमारत के ऊपर का हिस्सा नीचे गिर गया और मनीष शर्मा उसकी चपेट में आ गए। मौके पर ही आप नेता की मौत हो गई। मृतक के भाई गौरव शर्मा ने बताया कि, मनीष शर्म की महज़ 15 दिन पहले ही शादी हुई थी। मनीष 2005 से 2022 तक समाजवादी पार्टी में विभिन्न पदों पर रहे। 2022 में आपसी मतभेदों के कारण उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया।

जलजीवन मिशन के कार्यों में 27 ग्राम प्रधानों द्वारा बाधा, जिलाधिकारी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने हेतु सीडब्ल्यूआर और नलकूप संख्या-2 को शहरी फीडर से जोड़ने के लिए संयुक्त टीम से प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उरई नगर पुनर्गठन पेयजल योजना (फेज-2, अमृत योजना) के तहत उमरारखेड़ा और बंशीधर महाविद्यालय के पास बने नलकूप फिलहाल ग्रामीण फीडर से उर्जित हैं, जिन्हें जल्द ही शहरी फीडर से जोड़ा जाए। ग्राम पंचायतों में कार्य कर रहीं कार्यकारी एजेंसियां जीवीपीआर और बीजीसीसी को लगभग 27 ग्राम प्रधानों द्वारा पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की शिकायत मिली है। इस पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ऐसे प्रधानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। 12 स्थानों पर विद्युत आपूर्ति न होने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित है।

विनय अध्यक्ष व अतुल मिश्रा प्रांतीय संगठन मंत्री निर्वाचित

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक बृहस्पतिवार को लखनऊ के शारदा इंस्टीट्यूट में संपन्न हुई। जिसमें जनपद से लेकर मंडल एवं प्रदेश स्तर के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस मौके पर सर्वसम्मति से संगठन में रिक्त पदों का चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें गोंडा के विनय तिवारी प्रांतीय अध्यक्ष सहारनपुर के संदीप पवार प्रांतीय कोषाध्यक्ष से अमित सिंह प्रांतीय संयुक्त मंत्री रायबरेली के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण। शैलेन्द्र सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रयागराज से श्रद्धा श्रीवास्तव क्रांति संगठन मंत्री सिद्धार्थनगर से अतुल मिश्रा प्रांतीय संगठन मंत्री अमरोहा से जयवीर सिंह प्रांतीय प्रचार मंत्री के रूप में निर्वाचित हुए। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एमएलसी विधायक देवेंद्र सिंह ने पद गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए संगठन ईमानदारी व निष्ठा से चलाते हुए मजबूती प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर जनपद से मुख्य रूप से चक्रधारी गौतम, श्यामजीत, प्रभात पांडे, सम्बुल अनीश, वीरेंद्र मौर्य, दिवाकर मिश्रा, गणेश मिश्रा, राहुल श्रीवास्तव, विजय बहादुर राय, चंद्र कुमार यादव, मिर्जा महबूब हसन, विद्याभूषण, अज्ञेय कुमार गौतम, धर्मेंद्र कुमार, नंदीश्वर यादव, संजय कनौजिया, पूनम त्रिपाठी, शबाना बेगम, विजयेंद्र मिश्र, सहित जिले के सभी पदाधिकारी में खुशी की लहर है।

विकास के लिए शिक्षा व संस्कार जरूरी : कारी अनस

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। गुरुवार को जामिया अल इस्लाह एकेडमी नौरंगाबाद गोरखनाथ में छह दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन अकलीमा वारसी ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत की। आदिल अत्तारी ने बच्चों के बीच नात-ए-पाक पेश की। बच्चों के बीच संवाद कायम किया गया। सवाल जवाब का सिलसिला भी चला। सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कारी मुहम्मद अनस रजवी ने पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की मुकद्दस ज़िंदगी पर रोशनी डाली। शिक्षा के प्रति जागृति लाने, सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने व समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकास के लिए शिक्षा व संस्कार जरूरी है। दीनी शिक्षा के साथ रोजगार प्रदान करने वाली शिक्षा भी आवश्यक है। मुसलमानों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। विद्यालय के संस्थापक अली अहमद व संचालक आसिफ महमूद ने कहा कि शिक्षा हासिल कर अशिक्षा को खत्म कीजिए। शिक्षा ही एक रास्ता है जिसके जरिए खुद की व समाज की दिशा व दशा दोनों बदली जा सकती है। हमें कड़ी मेहनत करके उच्च शिक्षा हासिल करनी चाहिए। अंत में मुल्क में अमन व अमान की दुआ मांगी गई। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आयशा खातून, उप प्रधानाचार्या शीरीन आसिफ, बेलाल अहमद, तनवीर, सैयद शम्स, आरजू, अदीबा, फरीदा, मंतशा, फरहीन, आयशा, सना, तानिया, फरहत, यासमीन, गुल अफ्शा, नाजिया आदि मौजूद रहीं।

एसडीएम के खिलाफ आक्रोशित अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। तहसील बार एसोसीएशन सहजनवा के अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी सहजनवां पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए इनके स्थानांतरण की मांग किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे तहसील बार एसोशिएशन अध्यक्ष केके त्रिपाठी ने कहा कि एसडीएम कोर्ट में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इनके कोर्ट में दलाल और प्राइवेट कर्मचारियों के माध्यम से धन उगाही की जाती है। जिन फाइलों में धन मिलता है उसका ही निस्तारण किया जाता है। शेष फाइलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इनके कार्यालय में दलालों की भीड़ लगी रहती है। ऐसी स्थित में एसडीएम का स्थानांतरण जरूरी है। प्रदर्शन करने वालो में मंत्री राधवेंद्र सिंह,रंगनाथ पांडेय, ज्ञानेंद्र यादव,अजय शुक्ल,योगेंद्र लाल श्रीवास्तव,सतीश कन्नौजिया,विनय मिश्र, शनि शुक्ल सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

सड़क पर जल जमाव को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। हरपुर बुदहट क्षेत्र के बिगही ग्राम पंचायत में सड़क सड़क पर जल जमाव को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों से जल निकासी की व्यवस्था बनाने की मांग किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में जल निकासी के लिए नालिया बनी है। कुछ स्थानों पर नाली का निर्माण न होने से थोड़ी बरसात होते ही जल जमाव की स्थित बन जाती है। वृहस्पतिवार को काफी बरसात होने से सड़क पर भारी जल जमाव की स्थित बनी हुई है। ग्रामीण इस कीचड़युक्त सड़क से होकर गुजरने को मजबूर है। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से मांग किया है कि तत्काल जल जमाव से निजात दिलाया जाये।

दो एकड़ जमीन पर स्थापित किए जाएंगे निजी बस अड्डे

अवधनामा संवाददाता

- फर्रुखाबाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बस पार्क नियामक प्राधिकारी की बैठक हुई सम्पन्न
- फर्रूखाबाद में स्थापित किये जायेंगे निजी बस अड्डे
- ईओ नगर पालिका को करें आवेदन

फर्रूखाबाद। शासन के निर्देशानुसार ''उत्तर प्रदेश स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति, 2025'' के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में निजी निवेश से स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रण एवं स्थापना सम्बन्धी कार्यों हेतु जिलाधिकारी फर्रूखाबाद श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क नियामक प्राधिकारी का गठन किया गया है, इसमें अन्य सदस्य पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, एआरटीओ-प्रवर्तन, एआरएम, पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता शामिल हैं। बस पार्क की स्थापना हेतु आवेदन ईओ नगर पालिका को दिया जा सकता है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि निजी बस अड्डे हेतु 2 एकड़ भूमि हो तथा भूमि ऐसे मार्ग पर हो जिसकी चौड़ाई न्यूनतम 7 मीटर हो। बस अड्डे की दूरी नगर पालिका की सीमा से 5 कि0मी0 के अन्दर हो। आवेदक की नेटवर्थ गत वित्तीय वर्ष में रू0 50 लाख तथा गत वित्तीय वर्ष में टर्नओवर न्यूनतम रू0 02 करोड़ हो। आवेदक को बस अड्डा संचालन व प्रबन्धन का 02 वर्ष का अनुभव होना चाहिये। भूमि आवेदक के स्वामित्व में हो अथवा आवेदक द्वारा भूमि न्यूनतम 10 वर्ष के लिये लीज पर ली गयी हो। बस अड्डा की भूमि का 70 प्रतिशत भाग खुला होगा तथा संचालक द्वारा 30 प्रतिशत भाग में यात्रियों के बैठने की सुविधा व शुद्ध पेयजल, भोजन/जलपान हेतु कैन्टीन की व्यवस्था, पुरूष, महिला व दिव्यांगजन हेतु अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था की जायेगी। पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पूरे परिसर में सी0सी0टी0वी0 कैमरों, अग्निशमन नियंत्रण के उपाय किये जायेंगे। पर्याप्त क्षमता के जेनरेटर की व्यवस्था, पूछताछ एवं बुकिंग काउण्टर की व्यवस्था जायेगी। पर्याप्त सुरक्षा, रोशनी व साफ-सफाई की व्यवस्था जायेगी।

नहर मे तैरती मिली लावारिस लाश

हजपुरा, अंबेडकरनगर। बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भिटौरा उत्तर नहर में आज एक अज्ञात व्यक्ति का शव नहर में बहती हुई दिखाई दी,, ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना डायल 112 पीआरबी को दी, घटनास्थल पर सैकड़ो के तादाद में ग्रामीण इकट्ठा हो गए थे।डायल 112 के सिपाहियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल नहर से डेड बॉडी को बाहर निकलने का कार्य करते हैं, फिलहाल युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सूत्रों से मिले जानकारी के हिसाब से लाश लगभग एक हफ्ते का प्रतीत हो रहा है,क्योंकि डेड बॉडी का ज्यादातर हिस्सा सड गया है,, बसखारी थाना अध्यक्ष संत कुमार सिंह ने बताया कि डेड बॉडी को पंचनामा के लिए भेज दिया गया है,और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सूचना

मा. सिविल जज सीडी सहारनपुर प्रश वाद संख्या 261 सन 2024 श्रीमती उषा देवी पत्नि स्व. दीपचन्द निवासी ग्राम हसनपुर उर्फ मौहम्मदपुर माफी, शिव मन्दिर वाली गली, सहारनपुर। प्रार्थीया...(बनाम) 1. श्रीमती बबीता पत्नि स्वा. सोमनाथ निवासी हसनपुर उर्फ मौहम्मदपुर माफी शिव मन्दिर वाली गली, थाना सदर बाजार सहारनपुर। मोबाइल नम्बर 2. सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, नवीन मण्डी स्थल, चिलकाना रोड, सहारनपुर। 3.आम जनता(विपक्षीगण) दरख्वास्त मुसम्मा उषा देवी वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल जर 7,00,000 रुपये. किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा उक्त मुतवफफा सोमनाथ अपने बसूजिब ऐक्ट 7 सन 1889 ई0 बकैद 7,000,00 रुपये हमराह मुसम्मा उक्त ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख 17 माह 7 सन 2024 ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है जिस किसी की नस्बत दरख्वास्त के उज्ज हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सीडी में उक्त दिनांक मुकर्रर पर हाजिर होकर उज़र अपना पेश करे। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर फिर उजर किसी का सुना न जायेगा। हाजिर हुक्म मुनासिब निस्ब दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा.लअमरकूम 22.5.2025।

आज्ञा से मुंसरिम

सूचना

अनुज गोयल पुत्र शिव कुमार गोयल भूतेश्वर मंदिर रोड सहारनपुर property property 33.33 varg gaz situated at Bhagat Singh complex saharanpur original deed of bahi n.1,volu.n.372 page 300 ad book 1 jild 3407 page 33 to 40 . documents 11934 dt 13/9/1989 registered with sub registrar off sre, lost dt 22.3.25 near court road sre .if any one objection or claim above property inform with in 15 days with proof. पंजाब एंड सिंद बैंक सरसावा सहारनपुर।

सूचना

न्यायालय मा. द्वितीय अति.सिविल जज जू.डि. सहारनपुर नम्बर मुकदमा 148 सन् 2020 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा शाखा प्रबनाक शाखा मोरगंज सहारनपुर (वादी).. बनाम ...1 श्रीमती ज्योति सुगन्धा पत्नि श्री प्रबल कुमार सुगन्धा प्रो. फर्म मैसर्स ज्योत्ति एम्पोरियम, शक्ति प्लेस, कक्कड़ गंज, सहारनपुर। 2 श्री प्रबल कुमार सुगन्या पुत्र श्री हरबंस लाल प्रो0 फर्म मैसर्स बिहारी लाल हरबंस लाल एण्ड सन्स,शक्ति प्लेस,कक्कड़ गंज,सहारनपुर। (प्रति0) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि. 7/7/2025 ई0 बवका बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवाजात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हस्गाह वही तारीख जो आपके इजकारों के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज़ और गवाह पेश करें इत्तिला दी जाती

यूपी भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : डा. के. वी. राजू

कृषि विवि में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में ÷फसल सुधार के लिए जैव प्रौद्योगिकी का प्रयोग एवं विकास÷ पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि और कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने जल भरो के साथ किया। विवि के कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यशाला को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार डा. के.वी. राजू ने कहा कि पिछले दो वर्षों में बुंदेलखंड में मक्का का उत्पादन तीन गुणा अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में अधिकांश भूमि को कम लागत में सुधारने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए वैज्ञानिकों एवं छात्र-छात्राओं को मिलकर प्रयास करना होगा। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं, नवीनतम तकनीकियों, आधुनिक कृषि यंत्रों के साथ-साथ गुणवत्तायुक्त बीजों को किसानों तक पहुंचाने की जरूरत है। डा. राजू ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में ऑयल सीड का प्रोडक्शन तीन गुणा अधिक बढ़ा है। 2017 में उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था में 17वें नंबर पर था लेकिन वर्तमान समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर है। फसल उत्पादकता एवं किसानों की आय बढ़ाने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ के निदेशक डा. अजीत कुमार शासन ने कहा कि एग्रोबेक्टेरियम एक ऐसा जीवाणु है जो पौधों के साथ संबंध बनाकर उत्पादकता में सुधार करता है। इससे पौधों की वृद्धि में बढ़ावा मिलता है। फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है साथ ही फसलों को बीमारियों से बचाने में भी मदद करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि फसल उत्पादन में कमी का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन के कारण कभी सूखा तो कभी अत्यधिक बारिश से फसलें नष्ट हो रहीं हैं जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है। अचानक तापमान में बढ़ोतरी का असर सीधे फसलों की वृद्धि पर पड़ रहा है और उपज कम हो जाती है। डा. सिंह ने कहा कि फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए विवि स्तर पर कई तकनीकियों का प्रयोग किया जा रहा है। बताया कि फसलों की समय से बोआई, गुणवत्तायुक्त बीजों का प्रयोग, ग्रीष्मकालीन जुताई से जलधारण क्षमता में वृद्धि, जल संचय का प्रयोग, फसलों की सीधी बोआई, खेतों में लेबलिंग विधि आदि तकनीकियों के प्रयोग से विवि फसल उत्पादन को बढ़ा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक डा. टी.आर. शर्मा ने देश की बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए बताया कि अधिकतम उत्पादन के लिए ऊतक संवर्धन एक अच्छी तकनीकि साबित हो सकती है।

सपा महानगर कमेटी की हुई मासिक बैठक

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी की एक मासिक बैठक महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामीद जाफर मीसम ने किया बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन मौजूद रहे इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जाफर मीसम सहित महानगर के पदाधिकारी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी द्वारा नामित किए गए अधिवक्ता सभा के महानगर अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर शुक्ला, महासचिव एडवोकेट गोविंद यादव ,व्यापार सभा महानगर अध्यक्ष शक्ति जायसवाल, महासचिव वैभव गुप्ता का पार्टी नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत करते हुए अपनी शुभकामना दी।

इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा।

आमजन ने बताईं समस्याएं, महापौर ने दिया समाधान का भरोसा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। हल्की बूंदाबादी के बीच नगर निगम का 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान गुरुवार को जारी रहा। बड़ी देवकाली व संत कबीरनगर वार्ड में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी को अपने बीच पाकर आमजन ने न केवल समस्याएं गिनाईं, बल्कि अब तक किए गए विकास कार्यों के लिए आभार भी जताया। महापौर ने नगर निगम की टीम के साथ भ्रमण कर नागरिकों से संवाद किया और विकास कार्य को लेकर उनके सुझाव भी लिये।

सुबह के सवा सात बजे देवकाली मंदिर पर नगर निगम की टीम एकत्र थी। यहां पार्षद सर्वजीत उर्फ छोटू, अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ यादव मौजूद थे। महापौर ने यहां स्थाई तौर पर सफाई कर्मी तैनात करने के निर्देश मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार को दिया। इसके बाद काफिला मंदिर के सामने गली की ओर चल पड़ा। महापौर को मोड़ पर नाली पर रखी गई पटिया टूटी दिखी। उन्होंने पटिया तत्काल बदलवाने की हिदायत दी। यहां नाली के जाम होने की समस्या नजर आई। पार्षद सर्वजीत व देवकाली मंदिर से जुड़े राहुल पाठक के सुझाव पर रेलवे क्रासिंग से साकेतपुरी तक नाला निर्माण कराने का भरोसा दिया। अब तक काफिला शक्तिनगर कालोनी के पिछले हिस्से की ओर चल पड़ा। यहां लोगों ने बरसात में जलभराव की शिकायत दर्ज कराई। थोड़ा आगे बढ़ने पर बिजली के तार काफी नीचे लटके दिखे। महापौर ने तुरंत उसे सही कराने के लिए पत्राचार करने को कहा। यहां राधेश्याम तिवारी से महापौर से 35 साल पुरानी कालोनी में सीवेज सस्टिम न होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने इंटरलाकिंग की जगह सीसी मार्ग का निर्माण कराने की मांग उठाई, जिस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। थोड़ा आगे बढ़ने पर सफाई कर्मी नालियों की सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव करने में तल्लीन दिखे। इस पर उन्होंने संतुष्टि जताई। अब तक नगर निगम की टीम संत कबीरनगर वार्ड के मोड़ पर पहुंच चुकी थी। यहां पार्षद चंदन सिंह व अन्य लोग खड़े थे। उन्होंने महापौर के सामने रैंप सही न होने का मसला उठाया। महापौर ने रीडगंज से बड़ी देवकाली होते हुए दर्शननगर तक मुख्य मार्ग से जुड़ी गलियों के रैंप ऊंचा कराने का निर्देश सहायक अभियंता राजपति यादव को दिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के नाले को तत्काल नालियों को जोड़ने की हिदायत दी और कहा कि बरसात के पहले जल बहाव की कमी दूर कर लेने की जरूरत है।

सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या नगरीः वेद प्रकाश गुप्ता

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। हनुमानगढ़ी में शुक्रवार को हनुमत कथा मंडपम का लोकापर्ण सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। जिसकी तैयारियां अंतिम दौर में है। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने हनुमान गढ़ी से जुड़े हुए संतों के साथ बैठक किया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या नगरी है। हनुमान कथा मंडपम श्रद्धालुओं व पयर्टको के लिए आस्था का केन्द्र होगा। उन्होंने कहा कि रामनगरी अयोध्या आज विश्व पर्यटन के मानचित्र पर एक प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह न केवल भारतवासियों की आस्था का केन्द्र है, बल्कि विश्व के कोने-कोने से श्रद्धालु और पर्यटक यहां रामलला के दर्शन और अयोध्या की दिव्यता का अनुभव करने आते हैं। अयोध्या अब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक धरोहर बन गई है, जहां अध्यात्म, परंपरा और आधुनिकता का संगम देखने को मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अयोध्या के विकास के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए योजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला लागू की है।

बरेली सिटी और इज्जतनगर रेलवे स्टेशनों का हुआ कायाकल्प, पीएम ने किया इनॉग्रेशन

अवधनामा संवाददाता

बरेली। बरेली में दो रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो गया है बरेली सिटी और इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए वीआईपी इंतजाम किए गए हैं यात्रियों के बैठने के लिए एयर कंडीशनिंग रूम तैयार किए गए हैं पीएम मोदी ने आज दोनों रेलवे स्टेशन का इनॉग्रेशन किया इस दौरान रेलवे स्टेशन पर बड़ी सी स्क्रीन लगाई गई जिस पर लोगों ने पीएम मोदी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुना प्रधानमंत्री ने वीसी के जरिए दोनों स्टेशनों का इनॉग्रेशन किया एयरपोर्ट की तरह बनाया गया इज्जत नगर रेलवे स्टेशन 8 करोड़ 35 लाख में हुआ कायाकल्पपीएम मोदी ने आज इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प इनॉग्रेशन किया इज्जतनगर रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट के तर्ज पर बनाया गया है जहां यात्रियों की सभी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है पार्किंग के लिए भी शानदार व्यवस्था की गई है वेटिंग रूम भी तैयार किया गया है बरेली सिटी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प 10 करोड़ 97 लाख में हुआ इस स्टेशन को भी एयरपोर्ट के तर्ज पर तैयार किया गया है यात्रियों की सभी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है इस स्टेशन का भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प किया गया है रेलवे विभाग पिछले कई दिनों से इनॉग्रेशन की तैयारियां जोरों से कर रहा था खाने-पीने पार्किंग की सभी सुविधाओं का इंतजाम किया गया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह 11:30 अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्पित इज्जतनगर रेलवे स्टेशन और सिटी रेलवे स्टेशन का इनॉग्रेशन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया इस अवसर पर भाजपा के तमाम पदाधिकारी विधायक सांसद मौजूद रहे सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा के साथ रेलवे के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

भारत माता की जय के साथ हरख में निकला तिरंगा यात्रा

जैदपुर बाराबंकी। (*अवधनामा संवाददाता*) हरख ब्लॉक परिसर से निकाली गई भारत शौर्य तिरंगा यात्रा ब्लॉक प्रमुख सहित भारी संख्या में अन्य लोग भी मौजूद थे। बताते चलें कि गुरुवार को हरख ब्लॉक परिसर से ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के प्रदर्शन का वंदन अभिनंदन करते हुये 10 बजे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें भारतीय सेवा के शौर्य और पराक्रम को नमन किया गया। और भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। हरख ब्लाक प्रमुख रवि रावत के नेतृत्व मे निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा मे हरख मंडल अध्यक्ष आरती रावत, मंडल उपाध्यक्ष रामविलास वर्मा, राजन बक्शोर, प्रमोद गोस्वामी सहित सैकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहें।

अयोध्या 'हनुमत कथा मंडपम' का आज उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अयोध्या। (*अवधनामा संवाददाता*) प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इस कड़ी में सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर का चौड़ीकरण किया जा रहा है। हनुमानगढ़ी परिसर के निकास द्वार का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जो आने-जाने वालों की भीड़ को सुव्यवस्थित रूप से नियंत्रित करेगा। निकास द्वार के ठीक सामने अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 'हनुमत कथा मंडपम' का निर्माण किया गया है। यह अयोध्या में अब तक निर्मित सबसे बड़ा कथा मंडप है, जिसमें एक साथ पांच हजार से अधिक लोग बैठ सकते हैं। यहां धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों को सुनियोजित ढंग से संपन्न कराया जा सकेगा। कथा मंडपम का खास आकर्षण मे से एक हनुमान जी की ग्यारह फिट की मूर्ति है स जिसका आवरण भी योगी आदित्यनाथ करेंगेस'हनुमत कथा मंडपम' का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल विशेष समारोह में करेंगे। मंडपम का निर्माण केटी प्रोजेक्ट्स द्वारा कराया गया है, जिसकी निदेशक इंजीनियर पारुल जायसवाल हैं। पारुल जायसवाल ने बताया कि वे 2013 से निर्माण कार्य से जुड़ी हैं और सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक व एमटेक कर चुकी हैं। उन्होंने बताया, ÷हनुमान जी की कृपा से यह कार्य मिला। हमने इस प्रोजेक्ट में श्रद्धा, भक्ति और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा है।÷ उन्होंने यह भी बताया कि मंडपम की विशेष सजावट और निर्माण की मजबूती इसे एक विशिष्ट पहचान देती है। प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित जायसवाल की मेहनत को भी सराहा जा रहा है। उन्होंने दिन-रात एक कर कम समय में उत्कृष्ट निर्माण कार्य को अंजाम दिया। केटी प्रोजेक्ट्स के तहत अयोध्या मे अन्य कार्य का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे वर्ष के अंत तक पूर्ण कर लेने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को मदद मिलतीः अहमद शहंशाह

निशुल्क चिकित्सा शिविर में 224 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेशनल क्लिनिक के तत्वाधान मे गुरुवार को कस्बा रामपुर कटरा मे निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया मेडिकल कैम्प मे विषेयज्ञ डाक्टरों द्वारा 224 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओ का वितरण किया। फ्री मेडिकल कैम्प का फीता काट कर उद्घाटन करते हुए जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह ने कहा कि शिविर के माध्यम से खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी मदद मिलती। ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर में पहुंच कर सभी प्रकार की बीमारियों की जाँच कराकर उपचार करा सकते हैं। उन्होंने इसी प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अन्य क्षेत्रों में भी कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर जरूरमंद मरीजों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना बहुत बड़ी मानव और राष्ट्रसेवा है । तथा बहुत ही बड़ा नेक काम है जिससे तमाम लोगो की दुआएं मिलती है। ऐसे आयोजनों में लोगो को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा0 जाहिद खान की अगुवाई मे नेशनल क्रिटीकेयर एण्ड डायलसीस सेंटर के डायरेक्टर डा0 फर्रुख हुसैन किदवाई, जनरल फिजिशियन डा0 रिजवान किदवाई, डा0 सफवान किदवाई, डा0 सायमा अजीम,डा0 शफ़ीक, डा0 फुरकान, रिलीफ हॉस्पिटल लखनऊ के डायरेक्ट डा0 मुबसीर खान कस्बा सहित दूरदराज गांवों से आए मरीजों की जांच की कर दवाए उपलब्ध कराई। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य मो0 कलाम समाजसेवी मो. नसीम खान, डा0 कामिल, मो. रईस अदनान किदवाई, मो0 आदिल किदवाई, नदीम अहमद, मो0 नोमान, मो0 उस्मान, सैय्यद सादत, सुफियान बाबा, सदाम मसूद, मुजीब अहमद पल्ल्वी पटेल, अर्जुन कुमार, राहुल यादव मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय में अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

बाराबंकी। (*अवधनामा संवाददाता*) इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी संतोष सिंह ने अहिल्याबाई को भारतीय नारी शक्ति एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने महिष्मति में साड़ी उद्योग को बढ़ावा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का कार्य किया।विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया और बाल विवाह पर रोक लगाकर नारी सशक्तिकरण की दिशा में कार्य किया।कहा कि अहिल्याबाई ने %धर्म रक्षति रक्षितः% के वैदिक उदघोष को न केवल जिया, बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया। जब विदेशी आक्रांता भारतीय मंदिरों को ध्वस्त कर रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय व दृढ़ इच्छाशक्ति और राजनीतिक समर्थन के दम पर उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य किया।आज का भव्य काशी विश्वनाथ धाम उसी मंदिर का स्वरूप है जिसे अहिल्याबाई ने अपने संसाधनों से वर्ष 1777 से 1780 के बीच बनवाया था। उन्होंने अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित होने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई के जरिए आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए भाजपा बूथ स्तर तक अभियान चला रही है।पार्टी चाहती है कि हर बहन महारानी होलकर बनकर देश की सत्ता में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि महारानी के शौर्य, त्याग, सेवा व समर्पण के भाव को सभी के मन मस्तिष्क तक पहुंचाना है। इस अवसर पर शिव कुमार व्यास,अम्बरीष अम्बर, राजकुमार सोनी,सूर्यांश शर्मा ने काव्य पाठ भी किया।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने आभार ज्ञापित किया।इस मौके पर पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत, हरगोविंद सिंह, अजीत प्रताप सिंह, सरोज रावत, राम कुमारी मौर्य, शील रत्न मिहिर, विजय आनंद बाजपेई, प्रदीप जैन, ब्रजेश रावत, गुरुशरण लोधी, रवीनन खजांची, कमलेश शुक्ला, रोहित सिंह, आशुतोष अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव, आकाश पांडे, लकी सिंह, आरती रावत, कौशल किशोर त्रिपाठी, सुनीत अवस्थी सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

उपनिबंधक के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान जारी

नौतनवा महराजगंज। (*अवधनामा संवाददाता*) उपनिबंधक को हटाने के लिए गुरुवार को धरना देने वाले नागेंद्र प्रसाद शुक्ला ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमें काफी लोगों ने हस्ताक्षर कर उपनिबंधक पर कार्यवाही करने की सहमति जताई। बताते चले कि नागेंद्र शुक्ला बीते मई 12 मई से नौतनवा तहसील पर क्रमिक अनशन पर बैठे हुए है और गुरुवार को दसवें दिन भी अनशन पर बैठे रहे।

आकाशीय बिजली गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल

महराजगंज। (*अवधनामा संवाददाता*) निचलौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा जमुई कला में गुरुवार सुबह तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान बालेश्वर (35) पुत्र श्रीकांत, निवासी ग्राम जमुई कला, निचलौल के रूप में हुई है। वह सुबह खेत की ओर नित्य क्रिया के लिए गया हुआ था। तभी अचानक मौसम बिगड़ने लगा और तेज बारिश के साथ-हवा बिजली चमकने लगी। इसी दौरान बालेश्वर के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे वह मौके पर ही अचेत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बालेश्वर को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निचलौल पहुँचाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार केंद्र के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल महराजगंज रेफर कर दिया।

शिक्षक अलंकरण समारोह में सम्मानित किए गए सेवानिवृत्ति शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। उतर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप समाज में बेसिक शिक्षा को प्रथम पायदान पर रखते हुए समाज को सही दिशा व दशा प्रदान करते हुए समय समय पर शैक्षिक संगोष्ठी आदि जन मानस को जागृत करने के कार्यक्रम एवं समाज में शिक्षकों के योगदान को ध्यान में रखते हुए शिक्षक अलंकरण समारोह, सम्मान समारोह का आयोजन किए जाने के निर्देश है जिसके तत्वाधान में खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर संजय कुमार राय के मार्गदर्शन में एवं कुशल निर्देशन में जनपद बाराबंकी के बनीकोडर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय फतेहगंज के प्रांगण में कार्यक्रम को समाज से जोड़ते हुए भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया। शिक्षक अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विशाल कुमार गुप्ता क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज रामसनेहीघाट वन प्रभाग, आशुतोष कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन बाराबंकी एवं इंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष राष्ट्र सेवा संकल्प मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सेवानिवृत्ति अध्यापकों में अवधेश कुमार, श्रीराम, अशोक कुमार मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में चौकीदार की मौत

जैदपुर बाराबंकी। (*अवधनामा संवाददाता*) नगर पंचायत के एमआरएफ सेंटर पर चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम।

सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक जैदपुर नगर पंचायत अंतर्गत मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी यानी एमआरएफ सेंटर पर कार्यरत चौकीदार मुंशीराम की गुरुवार करीब 2 बजे अचानक हालत खराब हो गई।

आसपास के लोग कुछ समझ पाते जब तक उनकी हालत बेहद गंभीर हो गई। इसकी सूचना तत्काल उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही मौत होने की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

आपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूर्व सैनिकों ने मंत्री को दिया बधाई

जनता दर्शन में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने सुनी जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को महराजगंज स्थित अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनता दर्शन में आने वाले नागरिकों ने भूमि विवाद, पेंशन, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, शिक्षा और रोजगार से संबंधित समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं और हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कार्यक्रम में नौतनवा क्षेत्र से आए पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ। पूर्व सैनिकों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर केंद्रीय मंत्री को शुभकामनाएं दीं और अपने अनुभव साझा किए। केंद्रीय मंत्री ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों का देश के निर्माण और रक्षा में अतुलनीय योगदान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों से जुड़ी समस्याओं का समाधान विशेष संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। पंकज चौधरी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व है कि वे जनता से सीधे संवाद में रहें और उनकी समस्याओं को समझें। इस दौरान पूर्व विधायक शिवेन्द्र सिंह चौधरी,पूर्व चेयरमैन गुड्डू खान, राजेश्वर तिवारी,डमर बहादुर गुरुंग, नर बहादुर राणा,तुल बहादुर थापा, मोहन थापा, श्याम किशोर थापा, शुभ बहादुर घाले, रामकुमार थापा,सानंदन पटेल,गिरिजेश जायसवाल, राजेन्द्र पटेल, मनोज पटेल मौजूद रहे।

झुलनीपुर में अवैध तरीके से बने मजार पर चला बुलडोजर

राजस्व विभाग और पुलिस के साथ एसएसबी की टीम रही मौजूद

अवधनामा संवाददाता

निचलौल (महराजगंज)। थाना क्षेत्र के भारत नेपाल बार्डर से सटे झुलनीपुर गांव में सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से बने मजार पर वृहस्पतिवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करा दिया गया। इस दौरान सुरक्षा को देखते हुए पुलिस टीम के साथ ही एसएसबी भी मौजूद रही। टीम की ओर से अवैध तरीके से निर्माण मजार को ध्वस्तीकरण कर जिम्मेदारों को दोबारा अवैध निर्माण न करने की सख्त नसीहत भी दी गई है। एसडीएम शैलेन्द्र गौतम ने जानकारी देते हुए बताया है कि शासन के निर्देश पर भारत नेपाल बार्डर से सटे सीमावर्ती गांवों में सरकारी भूमि पर बने मदरसा, ईदगाह,मजार को चिह्नित किया गया है। इन अवैध तरीके से निर्माण मदरसा मजार और ईदगाहों को ध्वस्तीकरण के लिए प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में भारत नेपाल बार्डर से सटे झुलनीपुर गांव में स्थित गाटा संख्या 151 जो राजस्व विभाग के अभिलेख में सरकारी भूमि के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि पर कुछ लोगों की ओर से करीब एक दशक पहले अवैध तरीके से मजार का निर्माण करा लिया गया था। जिसे चिन्हित करने के बाद कार्रवाई कर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया है। इतना ही नहीं उक्त खाली भूमि पर दोबारा अतिक्रमण न करने के लिए जिम्मेदारों को सख्त चेतावनी दी गई है।

सिविल सिद्धार्थ बार ने अधिवक्ताओं के बैठने हेतु अतिरिक्त भूमि की किया मांग

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बार को आवंटित भूमि के अतिरिक्त भूमि की मांग प्रशासनिक न्यायमूर्ति से करते हुए पत्राचार किया है।

अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह एवं महामंत्री कृपा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि जनपद एवं सत्र न्यायालय सिद्धार्थनगर का उद्घाटन वर्ष 2000 में हुआ था। उस वक्त तत्कालीन जनपद न्यायाधीश यू पी सिंह कुशवाहा के सहयोग से न्याय सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने न्यायालय परिसर में भूमि की रजिस्ट्री बार एसोसिएशन को किया था। उस वक्त अधिवक्ताओं की संख्या सीमित थी जिससे पर्याप्त भूमि की व्यवस्था थी जिसमें चैम्बर बनाकर अधिवक्तागण न्यायिक कार्य में सहयोग करते रहे। किन्तु समय के साथ अधिवक्ताओं की संख्या में बढोत्तरी होती गयी और धीरे धीरे बार एसोसिएशन को आवंटित भूमि कम पड़ने लगी। इसके बाद बार भूमि के अतिरिक्त भूमि विभिन्न जनपद न्यायाधीशों के सहयोग से अधिवक्ताओं को मिलती रही जिसपर अधिवक्तागण चैम्बर बनाकर न्यायिक कार्य में सहयोग करते हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए बार भूमि से कलेक्ट्रेट की बाउंड्री एवं पश्चिमी दिशा में बार भूमि से लॉकअप तक की भूमि सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन को आवंटित करने का आदेश उत्तर प्रदेश शासन को देने की याचना प्रशासनिक न्यायमूर्ति से किया है।

पदोन्नति के 2 सप्ताह बाद भी बढ़नी ब्लॉक में जमे है बीडीओ यशोवर्धन सिंह, आखिर किस आदेश का है इंतज़ार

बीडीओ रैंक के अधिकारी आ जाने के बाद उन्हें कार्य मुक्त कर दिया जाएगा : जी.पी. कुशवाहा

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। भले ही बढ़नी खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह का स्थानांतरण सिद्धार्थनगर जनपद से शाहजहांपुर जनपद के लिए हो गया हो लेकिन जिलाधिकारी द्वारा कार्य मुक्त नहीं किए जाने की दशा में अब भी ब्लॉक में जमे हुए हैं। विदित हो अनु सचिव अजय कुमार मिश्रा के पत्रांक संख्या आर-830/38-1001 (010) /18/2024, लखनऊ दिनांक 06 मई, 2025 उत्तर प्रदेश शासन ग्राम विकास अनुभाग-1 के पत्र पर तत्काल प्रभाव से खंड विकास अधिकारी बढ़नी यशोवर्धन सिंह की पदोन्नति के फल स्वरुप उपायुक् (श्रम रोजगार) जनपद शाहजहांपुर के रिक्त पद में हुई है। स्थानांतरण के मामले को लेकर पूर्व में जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 ने बताया था कि खंड विकास अधिकारी बढ़नी यशोवर्धन सिंह को अभी कार्य मुक्त नहीं किया गया है, कार्यमुक्त होने के बाद उन्हें नवीन तैनाती पर भेजा जाएगा, तो वहीं जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि बीडीओ रैंक के अधिकारी का इंतजार है। बीडीओ रैंक के अधिकारी आ जाने के बाद उन्हें कार्य मुक्त कर दिया जाएगा।

आठवें इमाम अली रज़ा (अ.स) की शहादत पर बरपा हुई मजलिसें

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शिया मुसलमानों के आठवें इमाम अली रज़ा (अ.स.) की शहादत दिवस के गम में कस्बा हल्लौर में मजलिसो का सिलसिला जारी रहा। बाद मजलिस अलम ताबूत का जुलूस इमामबाड़ा वक्फ शाह आलमगीर सानी से निकलकर दरगाह हज़रत अब्बास, जन्नतुल वकी से होता हुआ करबला पर पहुंचकर खत्म हुआ। मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर और मर्सिया ख्वानी अम्बर मेंहदी व हमनवा ने पेश किया। मजलिस को संबोधित करते हुए जाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर ने कहा कि अल्लाह ने हम सब की हिदायत के लिए हादी भेजा। उन्होंने कहा कि इमाम ने कभी भी हुकूमत को तवज्जो नही दी बल्कि हूकूमत हमेशा इमाम के पीछे लगी रही हाकिमों ने हमेशा बादशाहत के लिए पैगंबर मोहम्मद साहब के परिवार वालों को सहारा बनाया। इसके बाद उन्होंने कि इंसान को अहलेबैत (अ.स) को उनके व्यक्तित्व और सिफात-व-कमालात के आईने में देखने की कोशिश करना चाहिए। इसके अलावा कई जगहों पर मजलिसों का दौर जारी रहा और अकीदतमंद गम मनाते रहे। जामा मस्जिद हल्लौर और बड़ा इमामबाड़ा के अलावा कस्बे के अन्य जगह भी मजलिस बरपा हुई। अंत मे जाकिरे अहलेबैत ने इमाम की शहादत का मंजर बयान किया तो अकीदतमंदों की आंखें भर आई। इस दौरान फहीम हैदर, जलाल हैदर, काज़िम रज़ा, जानशीन किसान, आफताब, मौलाना जिगर, हैदर हल्लौरी, मौजिज, शमशाद, शबीह हैदर, बिरजीस, गुलाम, जमाल हैदर, फ़ज़्ले, रेहान, अज़ीम बबलू, शमशाद, नायाब, हादी, अली, राहिब, शकील गुड्डु, मेंहदी फूलदार, इंतेज़ार, अलमदार हुसैन, जानशीन सहित और दीगर हज़रात भी मौजूद रहे।

लोटन पुलिस बूथ के सामने भरा पानी, राहगीर परेशान

पुलिस बूथ के सामने सड़क पर भरा पानी

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र लोटन अंतर्गत लोटन पुलिस बूथ के मुख्य तिराहे पर हल्की बारिश होने पर सड़क पर पानी भर जाता है।

लोटन पुलिस बूथ दरवाजे के सामने सड़क के दोनों तरफ़ नाली ना होने से हल्की बारिश होने से ही सड़क पर पूरा पानी भर जाता है । जिससे राहगीरों को उसी मे हल कर आना जाता पड़ता है सड़क पर जाम भी लग जाता है। पानी होने से बाइक सवारों को फिसल कर गिरने का डर बना रहता है । पैदल राहगीरों को पानी में से ही होकर आना जाना पड़ता है ।जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि तेज प्रताप सिंह, अनिल जायसवाल, संदीप जायसवाल, प्रेम चन्द्र मोदनवाल, सुरज मोदनवाल, वीरू प्रजापति ने बताया कि सड़क पर पानी होने से कई बार ऐसा होता है कि बाइक सवार फिसल कर गिर जाते हैं। सड़क पर पानी के कारण ग्राहकों का आना दुकान पर कम हो जाता है। जिसका दुकानदारी पर अच्छा खासा असर पड़ता है। दोनों तरफ़ नालियों की व्यवस्था होना ज़रूरी है।ग्रामीणों ने लोटन मुख्य तिराहे पर दोनों तरफ नाली बनवाने की माँग की है।

एसओजी /सर्विलांस थाना उसका बाजार पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

अवधनामा संवाददाता

- उसका बजार थानाक्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण
- लूट का सामान व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद

सिद्धार्थनगर। विगत 14 मई की रात को उसका बाजार थाना क्षेत्र के स्वर्ण व्यापारी से सोने चांदी के जेवरात महदेवा गांव के पास लूट के सम्बन्ध में थाना उसका बाजार पर मुअसं 75/2025 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया। डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के अनावरण हेतु विशेष पुलिस टीम (थाना उसका बाजार पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम) का गठन किया गया था । अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में गठित टीम द्वारा दिनांक 21/22 मई की रात्रि में पकड़ी चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि उक्त लूट में शामिल अभियुक्तगण सफेद रंग की स्वीफ्ट कार नंबर पीबी 10 जेडी 7373 द्वारा धानी से उसका बाजार होते हुये नौगढ़ की तरफ आ रहे है । इस सूचना पर विश्वास करके सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण अपनी गाड़ियो पर सवार होकर उसका बाजार की तरफ चल दिये कि महेन्द्रा एजेंसी से पहले बहद ग्राम दुमदुमवा मोड़ पकड़ी अर्ध निर्मित पुलिया के बगल से अस्थाई/ वैकल्पिक सड़क के किनारे अपनी अपनी गाड़ी खड़ी कर सड़क के दोनो तरफ खड़े होकर गाड़ी के आने के इन्तजार/चेकिंग करने लगे कि उसका बाजार की तरफ से एक कार आती हुयी दिखाई दिया। जिसपर हम पुलिस वाले एकबारगी सड़क पर आने वाली कार को रोकने का प्रयास किये तो कार चालक थोड़ी दूर ही गाड़ी को खड़ा कर दिया जिसमे से तीन व्यक्ति उतर कर अंधेरे का फायदा उठाकर इधर उधर भागने में सफल रहे। पुलिस वाले दौड़ कर गाड़ी के पास पहुचे गाड़ी को चारो तरफ से घेर लिये जिसमें एक ब्यक्ति और बैठा मिला जिसको पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम साहिल भंगू पुत्र हरदीप सिंह भंगू निवासी एसटी नंबर 1 लोहरा ब्रिज मोहल्ला बेगुआना लोहोरा थाना ढाबा जनपद लुधियाना राज्य पंजाब बताया । पकड़े गये व्यक्ति से अन्य ब्यक्तियो के बारे में भागने का कारण पूछा गया तो बता रहा है कि साहब हम लोग दिनांक 14.05.2025 को एक व्यक्ति से सोने चांदी के जेवरात महदेवा गांव के पास लूट लिये थे। जिसके वजह से वह तीनो लोग आप लोगो को देखकर दूर से भाग गये चूकि मेरी गाड़ी टकरा गयी थी जिस कारण मेरा फाटक नही खुल रहा था इसलिये मै नही भाग सका और आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर एक अदद सोने की चैन, व एक अदद चांदी का ब्रासलेट व एक अदद चादी की अंगूठी व 2270 रुपये नकद बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317 बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया कि साहब मेरे साथी स्वर्ण व्यवसायी अनिल सोनी के बनाये गये योजना के अनुसार, अनिल सोनी, सागर व संदीप तथा मै मेरे ही स्वीफ्ट कार नंबर पीबी 10 जेडी 7373 से नेपाल घूमने के लिये दिनांक 13 मई को लुधियाना से चले थे कि दिनांक 14 को शाम नेपाल बार्डर कपिलवस्तु तक गये परन्तु रास्ते मे खाने पीने मे काफी पैसा खर्च हो गया था । फिर हम लोग शाम होने के उपरान्त वापस नौगढ चले आये तथा सोने चांदी के दुकानो के आस पास रैकी करने लगे तथा अनिल गाड़ी में ही बैठा रहा। सत्यम ज्वैलर्स के दुकान से एक व्यक्ति माल लेकर मोटरसाईकिल से जाने लगा । जिसका हम लोग पीछा करने लगे। रास्ते मे जब सुनसान जगह तथा अंधेरा देखा तो उसका फायदा उठाकर हम लोगो ने उसके बाईक पर ठोकर मार दिया तथा जब वह बाईक से गिर गया तो उसके ऊपर डंडे से प्रहार करके उसके बाईक मे से टंगा हुआ झोला लेकर हम लोग भाग गये तथा सीधे उसी रात को ही हम लोग लुधियाना के लिये निकल दिये। रास्ते मे इटावा मे हम लोग नास्ता पानी किये हम लोग अनिल सोनी के बताये योजना के अनुसार मिलकर दूर दराज जाकर ऐसा अपराध करते है तथा इस प्रकार अपराध करने पर जो धन प्राप्त होता है उसका खर्च अपने ऐसो आराम व भौतिक सुख में खर्च करते है उसी क्रम में फिर हम लोगो ने प्लानिंग बनाकर अपनी गाड़ी से पुनः किसी लूट को अंजाम देने के लिये यहां आकर रैकी किये है। लेकिंन आज कोई व्यापारी नही मिला। हम लोग नौगढ़ रूकने के लिये वापस जा रहे थे कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया तथा मेरे तीनो साथी भाग गये।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हरेकृष्ण उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार, उ0नि0 हरिओम कुशवाहा एसओजी प्र, अशोक कुमार पाल हे0का0अनिल चौहान, हे0का0 आशुतोष दूबे, का0 वीरेन्द्र त्रिपाठी, हे0का0 राजीव कुमार, का0 छविराज, का0 रोहित कुमार, का0 कमलेश यादव, व का0 अजय यादव शामिल रहे।

पीएम ने किया सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन

सांसद जगदम्बिका पाल सहित जनप्रतिनिधियों ने देखा सजीव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता

- स्टेशन के पुर्नविकसित होने से एयरपोर्ट जैसी मिलेगी सुविधा : सांसद

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी द्वारा गुरुवार को भारत के कुल 103 अमृत भारत योजना के अन्तर्गत सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन का बर्चुअल उद्घाटन राजस्थान के बीकानेर जिले से किया गया, जिसका सजीव प्रसारण सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन परिसर में लगे एलईडी पर सासंद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान द्वारा देखा गया। अतिथियों द्वारा शिलापट का अनावरण किया गया।

सासंद जगदम्बिका पाल ने आए हुए अतिथियों एवं जनसमूह का आभार प्रकट के बाद भारत सरकार द्वारा अमृत भारत योजना के तहत स्टेशनों के उद्घाटन पर शुभकामनाएं देते हुए आगे की चरण में सिद्धार्थनगर स्टेशन पर होने वाले विकास कार्यों के बारे में बताया गया। सांसद ने कहा कि स्टेशन के पुर्नविकसित होने से एयरपोर्ट जैसी सुविधा मिलेगी। आज राजस्थान के बीकानेर से प्रधानमंत्री ने संपूर्ण 18 राज्यों एवं कुछ केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 103 स्टेशनों को अमृत भारत के तहत आधुनिकीकरण जो वहां की वास्तु कला है संस्कृति है उसके तहत उसका आधुनिकरण किया है जिसे वहां के यात्रियों को सुविधा मिल सके और उसके तहत अमृत भारत योजना के साथ स्टेशनो के आधुनिकीकरण में तथागत गौतम बुद्ध की धरती के इस सिद्धार्थनगर स्टेशन को भी शामिल किया गया और आज हम सभी सौभाग्यशाली है जो उन 103 स्टेशनों के सूची में हमारे जिले के स्टेशन का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनो का अमृत भारत योजना में सम्मिलित कर पुर्वविकास किया गया।

जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान द्वारा सभी को शुभकामनाएं दी गयी। पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम ने बताया कि प्रधानमंत्री का विजन था अगस्त 2023 में की देश के जो मिडिल स्तर वह छोटे स्तर के स्टेशन है उनको आधुनिकृत बनाया जाए जिसके तहत 20 महीनों में भारत के 7000 स्टेशनों में से 103 स्टेशनों का चयन किया गया जिसमें एक सिद्धार्थनगर जिले का भी स्टेशन सम्मिलित है। लखनऊ मंडल के अंतर्गत 6 स्टेशनों का चयन किया गया जिसमें से एक सिद्धार्थनगर का भी रेलवे स्टेशन है। इस अवसर पर कला व निबन्धन प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, आम जनमानस आदि उपस्थित रहे।

समर कैम्प मे विभिन्न प्रकार के खेल व दोस्त बनाने का सुनहरा अवसर

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अम्बेडकरनगर। समर कैंप में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों में नई खोज करना, नए दोस्त बनाना और खेल-खेल में कुछ करके सीखने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। ब्लॉक में संचालित 43 उच्च प्राथमिक विद्यालय व 20 कंपोजिट विद्यालयों में आयोजित हो रहे समर कैंप में बच्चे जहां उत्साहित हैं वहीं बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने एवं बच्चों में आकर्षक वातावरण और रोचक गतिविधियों के माध्यम से नए-नए अनुभव के साथ अपने जीवन कौशल को भी आधार दे रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने बताया कि समर कैम्प से बच्चों की प्रतिभा,आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल को निखारने का अवसर मिल रहा है। कम्पोजिट विद्यालय भाऊंकुआं,पीएम श्री विद्यालय जलालपुर, सोनगांव, उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ा गांव , महेशपुर, सुरहुरपुर समेत ब्लॉक के सभी विद्यालय में प्रथम सप्ताह के दूसरे दिन शिक्षा मित्र व अनुदेशक द्वारा विद्यालयों में योग व फिटनेस, हमारी सांस्कृतिक विरासत, समाज में मेरा योगदान, डिजिटल कौशल,स्मार्ट कक्षा जैऐ रोचक गतिविधियां करायी गई।

भाजपा कार्यालय पर हुआ अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी स्मृति अभियान

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के निमित्त जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में गुरुवार को जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद ने कहा अहिल्याबाई होल्कर जी वीरता की प्रतिमूर्ति थी। अहिल्याबाई होल्कर की जीवन परिचय को रखते हुए उन्होंने धर्माचरण, विद्वानों का सम्मान व दानशीलता, उदार धर्म नीति, भक्ति भावना, साहस शौर्य से परिपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा लोकमाता अहिल्याबाई राजश्री से राजर्षी के रूप में संसार में प्रसिद्ध हुई उन्हें पुण्यश्लोक का दर्जा दिया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कांग्रेस सरकार ने अहिल्याबाई होल्कर जी का कहीं नामो निशान नहीं छोड़ा था आज मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश अहिल्याबाई होल्कर जी का महिमामंडन कर रहा है। विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह ने कहा अहिल्याबाई होल्कर का जीवन बहुत संकटपुर और संघर्ष का रहा लेकिन उन्होंने इन सब परेशानियों के बीच अपने राज्य संचालन से दूर कर एक कुशल नेतृत्व के साथ राज्य को संभाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा सनातन धर्म के विस्तार और अच्छा के लिए हम सभी को रानी अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। विधायक श्यामधनी राही ने कहा देवी अहिल्याबाई इंदौर या होलकर उनसे नहीं बल्कि पूरे भारत में एक न्याय प्रिय दानशील और कुशल प्रशासिका के रूप में जानी जाती रही है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साधना चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी,जिला उपाध्यक्ष/अभियान संयोजक दीपक मौर्य, सह संयोजक सचिदानंद चतुर्वेदी, अरुणा मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष गौरी शंकर अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहें।

व्यापार मंडल एवं स्वर्ण व्यवसायियों के साथ पुलिस चौकी खुनुवा पर हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। इंडो नेपाल बॉर्डर पर स्थित पुलिस चौकी खुनुवा पर शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने व्यापार मंडल एवं स्वर्ण व्यवसाई तथा संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर वर्तमान में भारत नेपाल खुली सीमा होने के कारण संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त आने जाने वाले लोगों के संबंध में चर्चा की। तथा स्वर्ण व्यवसायी बन्धुओं को उनकी सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के उपरांत इंडो नेपाल खुनुवा बार्डर पर पुलिस पीएसी एसएसबी के साथ जॉइंट पेट्रोलिंग किया। इस दौरान शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, पुलिस चौकी प्रभारी खुनुवा सुधीर तिवारी, गुडडू गुप्ता, दिनेश गुप्ता, दीपू तिवारी, बहरैची बाबा, सचनील मिश्रा अमन कसौधन आदि लोग मौजूद रहें।

निरन्तर चलते रहना और कभी न थकने का नाम सुनील अग्रहरि : साधना चौधरी

अवधनामा संवाददाता

- प्रज्ञा पीठ पुरस्कार 2025 से नगर के विद्यार्थियों को चेयरमैन ने किया सम्मानित

बढ़नी सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी में नगर पंचायत कार्यालय के सामने नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के द्वितीय वर्ष पर प्रज्ञा पीठ पुरुस्कार से नगर के विद्यालयों के कक्षा 10 और 12 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को चांदी के मेडल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करती हुई भाजपा नेत्री साधना चौधरी ने कहा कि निरन्तर चलते रहते के कारण चेयरमैन सुनील अग्रहरि सदैव बढ़नी के चेयरमैन बने रहे। कहा कि विद्यार्थियों को थल सेना, जल सेना वायुसेना में जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम आयोजक नगर अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने कहा कि मैं अपने नगर के मेधावी विद्यार्थियों को इसी तरह हर वर्ष सम्मानित करने का कार्य करता रहूंगा जिससे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। नगर के विद्यार्थियों को हाइटेक शिक्षा देने के लिए मैने मा मुख्यमंत्री जी से इस संबंध में वार्ता की है शीघ्र हाइटेक शिक्षा की व्यवस्था नगर के विद्यार्थियों के लिए प्रयास की जा रही है। इस दौरान भाजपा नेता राजू शाही, प्रिंसिपल विजय कुमार वर्मा, सभासद निजाम अहमद, नेशनल अनाउंसर जुग्गी राम राही, रवि अग्रहरि, युवा नेता अनिल अग्रहरि, रामराज कन्नौजिया, अभिषेक यादव, महेश यादव, अमित मौर्य आदि मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। लोटन कस्बे के ठोठरी तिराहे से भाजपा के पदाधिकारियों के नेतृत्व मे ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के उपरांत भारतीय सेना के सम्मान में विकास खण्ड लोटन के पदाधिकारियों ने तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम में गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में पुरे कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिलाअध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के सम्मान मे निकला है। जो चुनौती हो और राष्ट्र संकट में हो तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है ।इस माहौल में सेना के जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसलों को ध्वस्त किया है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की सेनाएं जबरजस्त प्रदर्शन कर रही है। दुनिया ने पाकिस्तान और उसके आकाओ के बेशर्मी भरी चेहरे को देखा है। जिसमें आतंकवादियों के जनाजे में वहां के नेता और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। यह चीजे बताती है कि पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है। इस अवसर पर आदि लोग उपस्थित रहे। भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नारायण सिंह, सुनील कुमार सिंह,अजय सिंह, मनोज कुमार, अनील कुमार जयसवाल, शिवम् विश्व, कृष्ण दत्त तिवारी,रामनिवास यादव, गादर नेता, आदित्य प्रताप सिंह, प्रशुराम यादव, प्रदीप मोदनवाल, लाल जी गुप्ता, तिजू विश्वकर्मा, मुसे सिंह, कमलेश चौरसिया, शैलेश कुमार सिंह, रिंकू तिवारी, थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज फोर्स के साथ यात्रा में शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने काशीराम आवास का निरीक्षण किया

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने बृहस्पतिवार को काशीराम आवास बांसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान काशीराम आवास बांसी में कराए जा रहे मरम्मत कार्य की गति धीमी देखकर नाराजगी व्यक्त किया और मैन पावर बढ़ाकर 15 जून तक कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने 15 जून तक कार्य पूर्ण न होने पर सम्बव्धित ठेकेदार के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पानी की सप्लाई का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बताते चले कि तीन माह पूर्व जिलाधिकारी ने काशीराम आवास की स्थित देखकर इसके मरम्मत का निर्देश कार्यदायी संस्था को तथा वाटर सप्लाई का कार्य नगर पालिका परिषद बांसी को दिया था जिससे बारह वर्षों से बनकर तैयार भवन को पात्रों को आवंटित किया जा सके। साथ ही आवंटन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश डूडा और नगर पालिका परिषद बांसी को दिया है। इस निर्देश के क्रम में नगर पालिका ने आवेदन भी आमंत्रित किया है निरीक्षण के दौरान एस डी एम बांसी शशांक शेखर राय, अधिशासी अभियन्ता आवास विकास परिषद सुरेन्द्र प्रसाद, सहायक अभियन्ता आवास विकास सतीश कुमार व नपा के लिपिक जमील अहमद अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उपजिलाधिकारी डुमरियागंज की अध्यक्षता में तहसील टाक्स फोर्स की बैठक

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को और गतिशील प्रदान करने हेतु तहसील टास्क फोर्स की बैठक उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉक्टर संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आहूत की गई। जिसमें शासनादेश के अनुसार विभागवार जिम्मेदारी सौपी गई। उपजिलाधिकारी ने सभी को आदेशित किया की शासन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी विकास संबंधी पंचायत संबंधी सभी कार्यक्रमों को बिंदवार आगे बढ़ाया जाए साथ ही फॉर्मल रजिस्ट्री, आभा कार्ड ,आयुष्मान कार्ड, 100 प्रतिशत टीकाकरण आंगनबाड़ियों को सक्रिय प्रदेश का अति महत्वपूर्ण अभियान है इसे सफल बनाने की हम सभी की जिम्मेदारी है इसमें सभी विभाग जुटकर कार्य करेंगे। वही बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर एवं सूर्यदेव सिंह द्वारा फीडबैक पिछले अभियान एवं कार्यक्रमों की गति पर प्रकाश डाला गया। बैठक में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज भनवापुर कार्तिकेय मिश्रा, आलोक दत्त उपाध्याय बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय कुमार, निर्भय सिंह अधिशासी अधिकारी, राजन गुप्ता, अधीक्षक डॉ शैलेंद्र मणि ओझा, डॉ हरेंद्र प्रसाद डॉक्टर उपेंद्र कुमार खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, दीपचंद मानीटर संदीप कुमार, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

किंग नहीं सम्राट

कोहली क्रिकेट के किंग नही सम्राट है। विराट जब दिल्ली में क्रिकेट खेलना शुरू किया वो सिर्फ स्किल पर काम करते थे। फंक्शनल टेउनिग में शरीर के उन हिस्सों को मजबूत करना होता है जो खेल के दौरान ऐक्टिव रहते है। गति सन्तुलन और सहन शक्ति पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। कोहली के वार्क आउट में ओलम्पिक लिफ्ट बाक्स जम्प, प्लायों मेट्रिक्स, बेटल रायस जैसी कसरत है। इसमें रीऐक्शन टाइम तेज होता है फील्डिंग में फुर्ति आती है। फंक्शनेल ट्रेनिंग मैच से जुड़ी होती है। कोई तेज रन फुर्ती से लिया हुआ एक कै या गेंद को अन्तिम समय में बाउन्ड्री से पहले रोक लेना इस टेउनिंग से आते है। स्ट्रेस ट्रेनिंग का अहम पहलू होता है। इसमें वजन के साथ कसरत की जाती है। यह मांसपेशियों को मजबूत बनाती है चोट की सम्भावना कम करती है। कोहली हर हफ्ते कुछ सेशन स्टेग्थ टेउनिंग की करते है जो चोट की सम्भावना कम करती है। कुछ हफ्ते सिर्फ स्टेउथ सेशन करते है। इससे मान्सपेशियां मजबूत रहती है थकान कम आती है क्रिकेट में लगातार तेजी के साथ प्रदर्शन करना इसी टेउनिंग से आती है। यह शरीर की बुनियदी ताकत बनाये रखती है। हाई इन्टेसिटी इन्टवल टेउनिंग एके से छह मिनट का प्रोग्राम होता है। इसमें कम समय में ज्यादा कौलोरी बर्न होती है। मेटाबलीजम तेजी से बचता है। विराट के फिटनेट की फिलसाफी है हाईड्रेशन यानी पानी की सही मात्रा शरीर में बनाये रखना वह नार्मल पानी नही पीते हैं। वह अल्कलाइन पानी पीते है। उनकी फिटनेस का राज सही खाना खाने की आदत वह प्लान्टबेस्ड है। पहले छोले भटूरे जैसे चटक मटक वाले खाद्य चीजे खाते थे। पर अब उस पर पूरा नियन्त्रण कर रक्खा है। टेलेन्ट सिर्फ डेब्यू करने का मौका देता है। फिटनेस कल्चर का जन्म कोहली ने दिया है। भारतीय क्रिकेट में यो पूरे टेस्ट यानी फिटनेस टेस्ट हर खिलाड़ी को पास करने पर ही खेल में जगह मिलती है।

इसमें कार्डियो वैस्कुलर फिटनेस और रिकवरी क्षमता देखी जाती है। हर खिलाड़ी को यह पास करना जरूरी होता है। विराट ने दिखाया टेलेन्ट सिर्फ शुरूआत देता है महानता अनुशासन और निरन्तरता से आती है। इसीलिये वह स्वाद नही फिट रखने वाला खाना खाते है। हजारों नौजवान उनके हाइट और सोच का पालन करते है उन्हें अपना रोल माडल मान लिया है। कोहली मानसिक फिटनेस पर जोर देते है। इसके लिये मेडीटेशन करते है। फोकसिंग इक्सरसाइज और माईन्ड फिटनेस को अपनाते है जिससे दबाव के वक्त स्थिरता बनी रहती है। महान खिलाड़ी खेल से विदा कहने के बाद भी रोल माडल के रूप में नवयुवक खिलाड़ियों का रोल माडल बने रहते है। विराट ने कभी सोचा नही होगा कि एक दिन के नौजवान खिलाड़ियों का फैन्टसी बन जायेगे। फिटनेस भी यात्रा ने उन्हीं पूरी तरह निखारा और नौजवानो के आदर्श बने हुये है। वह कहते है फिटनेस मेरे लिये शौक नहीं जीवन शैली है। अब कोहली ने टेस्ट के बाद टी टवेन्टी को भी अलविदा कह दिया है। कोहली अपने परिवार के साथ इंगलैन्ड में बसने की पूरी तैयारी कर रक्खी है। भारत ने उन्हें सब कुछ दिया पर अन्त समय में इंग्लैन्ड रहने के लिये क्यों चुना वही जानते है। कुछ खास वजह है तो हम चाहाने वालो की बताना चाहिये। क्रिकेट के शानदार शहकार को अवधनामा की तरह तरफसे बधाई। शेष जीवन सुखमय बीते नवयुवकों को प्रेरणा दे अपनी तरह महान क्रिकेटर बनाते रहेगे। इग्लैन्ड को अतिविशिष्ट नागरिक मिलने के लिये बधाई।

पानी का झगड़ा-पाकिस्तान में गृह युद्ध छिड़ा

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर अगर दशकों पूर्व के इतिहास पर नजर डालें तो अनेकों ऐसे देश मिलेंगे जो पहले अखंड देश थे फिर इन्हींदेशों के राजनीतिक स्वार्थ के चलते गृह युद्ध होते रहे, व देश टूटते रहे, जिसका सटीक उदाहरण अखंड रूस, अखंड भारत है। अखंड भारत को देखें तो उनमें वर्तमान कुछ देशों के साथ पाकिस्तान भी इसमें शामिल था, जिसे लॉर्ड माउंटबेटन ने प्रक्रियात्मक तरीके से नेताओं के आपसी बातचीत से अलग कर दिया, जबकि 1912 के में सिंध गुजरात व मुंबई बॉम्बे प्रेसीडेंसी के अंतर्गत आते थे। फिर 1928 में अंग्रेजों की सरकार के सामने अलग सिंध प्रांत बनाने की मांग की गई जिसकी कमेटी बनाकर सिफारिश पेश की गई।फिर 1936 में मुंबई प्रेसिडेंसी से अलग कर सिंध को एक राज्य बना दिया गया, हालांकि मुंबई प्रेसिडेंसी में बहुमत हिंदुओं का था, व बाकी मुस्लिम जैन सिख इसाई अपेक्षाकृत कम जनसंख्या में थे। फिर 1941 में सिंध राज्य में मुस्लिम आबादी 72परसेंट व हिंदू आबादी 26 पेर्सेंट हो गई यानें जो मुंबई प्रेसिडेंसी बहुसंख्यक में थे वह सिंध राज्य बनने में अल्पसंख्यक में हो गए। 1947 में लॉर्ड माउंटबेटन ने भारत के बंटवारे को मंजूरी दी, फिर 26 जून 1947 को सिंध विधानसभा ने पाकिस्तान में मिलने का फैसला किया, फिर बंटवारे के बाद 1947-48 में 2 लाख़ हिंदुओं का नरसिंहार किया गया। यानें नेताओं ने अगर मुंबई प्रेसिडेंसी जिसमें गुजरात मुंबई व सिंध शामिल थे, जिसमें बहुमत हिंदुओं का था,को कायम रखने का निर्णय लेते तो आज पूरा सिंध भारत का एक हिस्सा होता। आज हम इस ऐतिहासिक विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि पाक में खैबरपख्तून, बलूचिस्तान के बाद अब सिंध प्रांत भी आजादी के लिए तीव्रता से आंदोलन कर रहा है। हालांकि यह आंदोलन जी एम साईद, नेता ने 1972 से ही शुरू किया था।परंतु अभी सिंध में 176 किलोमीटर लंबी पानी की 6 नई नहरें सिंधु से निकलकर पंजाब भेजने के लिए चेलिस्तान नहर प्रोजेक्ट चल रहा है,जो आज की चिंगारी है तो, दूसरा भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी पानी की त्राहिमाम मचाने में से एक कारण है। चूँकि भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अलग सिंधु देश बनाने की मांग पर जबरदस्त आंदोलन व प्रदर्शन का आगाज जो 1972 से ही चल रहा है तथा भारत के साथ संघर्ष में उलझे पाकिस्तान हुकुमरनों को बुरी खबर आई खबर, पाकिस्तान बलूचिस्तान सिंध की आजादी के लिए उग्र आज उठाई जा रही है,गृहमंत्री का घर ज़लाने की स्थिति आई इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पानी का झगड़ा, पाकिस्तान में गृह युद्ध छिड़ा, बलूचिस्तान व सिंध आजादी पर पड़ा।

साथियों बात अगर हम पाक़ में सिंध की आजादी के लिए तीव्र आंदोलन चलने की करें तो, भारत से तनाव के बीच पाक के सिंध प्रांत में अलग सिंधुदेश बनाने के लिए जोरदार प्रदर्शन शुरू हो गया है। लोग आपदा में अवसर तलाशने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा लग रहा है कि भारत के हमले का इंतजार कर रहे हैं, ताकि अलग अलग प्रांत के लिए पाकिस्तान से टूटकर अलग देश का निर्माण कर सकें। सिंधुदेश की मांग का मतलब सिंधियों के लिए अलग मातृभूमि का निर्माण करना है, जहां लोगों के साथ कोई भेदभाव ना हो और पाक की सेना उन्हें टॉर्चर ना करे। माना जा रहा है कि सिंधुदेश के निर्माण की मांग पाकिस्तान की सेना की दमनकारी नीतियों का परिणाम है,जिसपर पाकिस्तानी पंजाबियों का कंट्रोल है।भारत के साथ संघर्ष में उलझे पाक को घरेलू मोर्चे पर एक और बुरी खबर मिली है। पाकिस्तान में बलोच के बाद अब सिंध प्रदेश में आजादी की मांग उठने लगी है। सिंध में कई लोगों ने अपने अधिकारों और स्वतंत्रता की मांग को लेकर आंदालेन शुरू कर दिया है। सिंधु देश की वकालत करने वाले एक प्रमुख समूह ने हाल में बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इसमें लापता सिंधी राष्ट्रवादियों की रिहाई की मांग की गई। इस दौरान मानवाधिकार के मुद्दे को भी उठाया गया। सिंध प्रांत में आजादी क मांग बलूचिस्तान की तरह ही तेज हो गई है। जय सिंध फ्रीडम मूवमेंट ने एक शांतिपूर्वक धरने का आयोजन किया। इस प्रदार्शन के दौरान लापता और जेलों में बंद राष्ट्रवादियों की रिहाई की मांग की गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्न पूछने के कारण राहुल गांधी पुनः एक बार पाकिस्तानी मीडिया की आंखों के तारे बने हुए हैं। राहुल गांधी का यह पोस्ट पाकिस्तानी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है। राहुल गांधी के पोस्ट को पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया चैनलों और समाचार पत्रों ने भी हाथों-हाथ लिया है। कई टीवी डिबेट्स में इस पर चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि 'विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी?

सही कहा राहुल जी, देश को सच्चाई जानने का हक

फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक वॉल्टेयर कहते हैं कि किसी भी व्यक्ति को उसके प्रश्नों से पहचानें, न कि उसके उत्तरों से। हमारे द्वारा किसी से भी पूछा गया प्रश्न यूं तो साधारण मालूम होता है, लेकिन यह हमारी संवेदनशीलता और चरित्र का भी मूल्यांकन करता है। इसलिए लिहाज़ा जब भी प्रश्न करना हो तो उससे पहले

डॉ. आशीष वशिष्ठ

स्वयं से प्रश्न करना आवश्यक है। पिछले लगभग 11 वर्षों में राहुल गांधी भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रश्न पूछते रहते हैं। प्रायः राहुल गांधी के प्रश्नों का मंतव्य देश, सेना और सरकार की छवि धूमिल करना होता है। अपनी आदत से मजबूर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। एक तरह से कह सकते हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के सबसे बड़े नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रमाण मांगे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्न पूछने के कारण राहुल गांधी पुनः एक बार पाकिस्तानी मीडिया की आंखों के तारे बने हुए हैं। राहुल गांधी का यह पोस्ट पाकिस्तानी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है। राहुल गांधी के पोस्ट को पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया चैनलों और समाचार पत्रों ने भी हाथों-हाथ लिया है। कई टीवी डिबेट्स में इस पर चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि 'विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।

वैसे यह कोई प्रथम अवसर नहीं है जब कांग्रेस या उसके नेता ने देश के गौरव, उपलब्धि और सेना के पराक्रम को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक और उरी सर्जिकल स्ट्राइक के समय भी कांग्रेस ने सेना से प्रमाण मांगे थे। भारतीय सेना स्पष्ट कर चुकी कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का कोई विमान हताहत नहीं हुआ। बावजूद इसके राहुल गांधी सेना के बयान को झूठा साबित करने में लगे हैं। ऐसा करके वो यह साबित करना चाहते हें कि भारतीय सेना सरकार के दबाव और कहने पर झूठ बोल रही है। सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशवासियों से कुछ छिपा रही है। वास्तविकता यह है कि, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जैसा विध्वंस पाकिस्तान में किया है, उतना 1965 और 1971 के युद्ध में भी नहीं हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने जो किया वह चीन, तुर्किए और अमेरिका को भी सदमे में डालने वाला है। भारतीय सेना हर बार की भांति इस बार भी अतुलनीय, अपराजेय और अगम्य रही। कांग्रेस

पार्टी भी सच्चाई से अवगत है। लेकिन, मोदी सरकार को ऑपरेशन सिंदूर का कहीं श्रेय न मिल जाए, इसलिए वो क्षुद्र राजनीति पर उतर आई है। वास्तव में, कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते करते प्रायः राष्ट्र विरोध पर उतर आती है।

यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों को निर्दयता से मारा। बावजूद इसके, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने पाकिस्तान की कड़े शब्दों में निंदा नहीं की? पाकिस्तान ही नहीं हमारे शत्रु चीन के साथ कांग्रेस के मधुर संबंध जगजाहिर हैं। कांग्रेस पार्टी का चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू, डोकलाम विवाद के समय राहुल गांधी का चोरी-छिपे चीनी दूतावास के अधिकारियों से मिलना,चीनी झड़प के दौरान सरकार-सेना पर सवाल उठाना, सरकार की जगह पार्टी से परिवार के लोगों का चीन जाना, कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान चीनी अधिकारियों से गुपचुप मुलाकात करना यह सब कांग्रेस पार्टी के साथ गांधी परिवार को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। 11 नवंबर 2019 को तुर्किए की सरकारी न्यूज एजेंसी 'अनादोलू' ने एक खबर के मुताबिक, भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तुर्की में अपना एक विदेशी कार्यालय खोला है। यह वहीं तुर्की है जो हमारे शत्रु पाकिस्तान को हथियार देता है। कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताता है। कश्मीर के आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी कहता है। ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। क्या ये भारत के खिलाफ खड़े देशों से मेलजोल का हिस्सा है? क्या कांग्रेस तुर्की के ज़रिए पाकिस्तान से बैकडोर संवाद कर रही थी? क्या ये भारत के खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र है? राहुल जी, देश भी आपसे प्रश्न पूछना चाहता है। 1962 के युद्ध में कांग्रेस की सरकार ने हजारों वर्ग किमी जमीन चीन क्यों हड़पने दी? 1971 के युद्ध में कांग्रेस की सरकार अपने 54 वीर सैनिकों को पाकिस्तान से क्यों छुड़ा नहीं पाई? 1971 के युद्ध और शिमला समझौते से भारत को क्या हासिल हुआ? सिंधु जल संधि में भारत के हिस्से का पानी पाकिस्तान को क्यों दिया गया? तुर्की जैसे भारत विरोधी देश में आपकी पार्टी को आफिस खोलने की क्या जरूरत थी? चीन से गुपचुप मिलने और एमओयू साइन करने में कौन सा देश हित छिपा है? आतंकियों और उनके सरपरस्त पाकिस्तान के प्रति कांग्रेस पार्टी का रवैया हमेशा 'नरम' क्यों रहता है? देश को यह सच्चाई जानने का भी हक है।

राहुल जी, पिछले कुछ वर्षों में आपने कई बार विदेशी मंचों का प्रयोग भारत को लेकर विवादास्पद बयान देने के लिए किया है। इस पर आपकी पार्टी का यह तर्क रहा है कि वे भारत की असली तस्वीर दुनिया के सामने रख रहे हैं। लेकिन, राहुल जी आलोचना और अपयश में एक सूक्ष्म अंतर होता है। एक राष्ट्रीय नेता को यह समझना चाहिए कि देश और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिए गए वक्तव्य केवल घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे देश की छवि, निवेशकों के भरोसे और वैश्विक कूटनीतिक संबंधों पर भी प्रभाव डालते हैं। राहुल जी, पंजाबी के चर्चित कवि शिव कुमार बटालवी ने लिखा है- 'चंगा हुंदा सवाल ना करदा मैंनूं तेरा जवाब लै बैठा।' अर्थात प्रश्न न करना ही अच्छा रहता है क्योंकि प्रश्न के उत्तर में जो कहा गया वो प्रश्न करने वाले को ही ले बैठा अथवा उसे ही तोड़ डाला या समाप्त कर डाला। हमारे द्वारा पूछे गए किसी प्रश्न का कोई क्या उत्तर देता है और किस अंदाज़ में देता है यह तो हमारे वश में नहीं होता, लेकिन प्रश्न पूछना अवश्य हमारे वश में होता है। कई बार ऐसे प्रश्न पूछ लिए जाते हैं जिनसे सामने वाले का मूल्यांकन होने के बजाय पूछने वाले का ही मूल्यांकन हो जाता है। राहुल जी, सच को कभी झुठलाया और छिपाया नहीं जा सकता। देश को सच जानने का हक है। जो सवाल ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आपने पूछे हैं उनका जवाब तो सेना पहले ही दे चुकी है। लेकिन सच की आड़ लेकर आप और आपकी पार्टी जो झूठ, अविश्वास, संदेह और भ्रम फैला रही है, उससे सेना और देशवासियों के मनोबल और विश्वास को ठेस पहुंचती है।

भीतर के दुश्मनों के खिलाफ सख्ती-चौंकसी बढ़ानी होगी

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं।

पाकिस्तान भारत के अनेक लालची, शानोशौकत के आकांक्षी, देशद्रोही एवं देश के दुश्मन लोगों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ऐसे ही कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता भी है एवं चिन्ता में भी डालता है। ऐसे ही तत्वों में एक नाम है ज्योति मल्होत्रा, उस पर आरोप है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा

ललित गर्ग

कर रही थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं। वह एक खुफिया एजेंट के रूप में सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की मिट्टी पर छिपे गद्दार कितनी भी चालाकी से छिप जाएं, वे कानून की नजरों से नहीं बच सकते। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। 'ऑपरेशन 'सिंदूर' ने न सिर्फ सरहद पार बैठे दुश्मनों की नींद हराम कर दी है, बल्कि देश के भीतर बैठे गुप्त गद्दारों की भी कमर तोड़ दी है। हाल ही में लगातार ऐसे अनेक राष्ट्र-विरोधी जासूसों की गिरफ्तारी ने जता दिया कि भारत हर मोर्चे पर देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। ये गिरफ्तारियां अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं यह भी पाक की एक करारी हार ही है।

पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा समेत छह लोगों की खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी गिरफ्तारी भारत की सतर्कता एवं सावधानी को तो दर्शाती ही है, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों की शिनाख्त एवं उनकी धडपकड़ कितनी जरूरी है। 'ट्रैवल विद जो' नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति पर आरोप है कि वह पाक के कई उच्च अधिकारियों के संपर्क में थी और भारत से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाक तक पहुंचाती थी। पता यह भी चला है कि पाक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाक उच्चायोग के एक कर्मचारी दानिश से हुई, जिसके माध्यम से उसकी पहचान आइएसआइ के एजेंटों से हुई। ज्योति इन एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचौट के जरिये संपर्क में थी। कहते हैं कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। ज्योति एवं उसके सहयोगी बेखौफ भारत की अति-संवेदनशील एवं गोपनीय सूचनाओं को पाक से साझा करते हुए देश को नुकसान पहुंचा रहे थे। ये सभी आम नागरिकों की तरह जिंदगी जी रहे थे, लेकिन इनके इरादे राष्ट्रविरोधी थे। देश की कीमत पर सारे राष्ट्र-मूल्यों एवं निष्ठाओं को ताक पर रखकर धनार्जन की लालसा और मौज-मस्ती का लक्ष्य घिनौना एवं अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र को

इन विस्फोटक विसंगतियों से बचाना होगा।

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। इन लोगों के तार भीतर कहां-कहां जुड़े है, इसका पर्दाफाश होना ज्यादा जरूरी है। ये तत्व देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव एवं आम-जनजीवन को भी खतरे में डाल सकते हैं।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नयी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, ज्योति को दुबई के एक कथित हैंडलर के माध्यम से भुगतान किया जाता था। यह खुलासा केवल ज्योति तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके जरिये एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? इन बातों का खुलासा होना सुरक्षा एवं सैन्य गोपनीयता की दृष्टि से ज्यादा जरूरी है। गिरफ्तार सभी अपराधियों को गंभीर पूछताछ के बाद कठोर सजा मिलनी चाहिए। दुश्मन चाहे देश के अंदर हो या बाहर उनके प्रति मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति निरंतर सख्ती के साथ कार्यरत रहनी ही चाहिए। सरकार और खुफिया एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की दिशा में स्वाभाविक ही काम कर रही है। सरकार ने इन गिरफ्तारियों के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत अब तक देशभर में दर्जनों संदिग्धों को निगरानी में लिया गया है और जांच तेज़ है। निश्चय ही यह राष्ट्र-विरोधी जासूसों का खुलासा पाक रचित राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, पाक सीधा युद्ध की सामर्थ्य एवं ताकत नहीं रखता, इसलिये कभी वह आतंक का सहारा लेता है तो कभी पैसों का प्रलोभन देकर देश के लोगों को खरीदने की कुचेष्ठा करता है। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए ताकि आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी।

सड़क, जो बदल सकती है सोच

नई पीढ़ी के विकास में जर्जर सड़क एक बड़ी बाधा है। टूटी सड़क की वजह से बारिश के दिनों में बच्चे अक्सर स्कूल जाते समय कीचड़ में फिसल जाते हैं। कभी उनकी कॉपी गंदी हो जाती है तो कभी स्कूल ड्रेस. जिसकी वजह से वर्षा के दिनों में बच्चे और विशेषकर लड़कियां स्कूल जाना बंद कर देती हैं। इस कारण केवल उनकी पढ़ाई का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी कमज़ोर हो जाता है।

सुबह की पहली किरण जब हमारे घर पर पड़ती है, तो नींद खुलती नहीं, बल्कि आँखें खुद-ब-खुद डर से खुल जाती हैं कि आज फिर वही कच्चे रास्ते को पार करना है। एक किशोरी होने के नाते मैं जानती हूं कि हमारे लिए रास्ते का मतलब सिर्फ दूरी तय करना नहीं है, वो हर दिन एक इम्तिहान है, सहनशीलता और हिम्मत का। राजपुरिया जैसे राजस्थान के कुछ गांव आज भी ऐसे हैं जहां

ममता शर्मा

पक्की सड़क नहीं पहुंची है। जो रास्ता हमें स्कूल, अस्पताल, बाजार या बस स्टैंड तक ले जाता है, वह दरअसल सिर्फ मिट्टी, धूल और गड्ढों का एक लंबा, थकाऊ सफर है। बारिश में कीचड़ से लथपथ और गर्मियों में तपती हुई रेत से भरा ये रास्ता, हमारे जीवन का सबसे बड़ा अवरोध बन जाता है।

सड़क की कमी का असर गांव के बुजुर्गों के दैनिक दिनचर्या में देखने को मिलता है। उनके लिए ये रास्ता एक बड़ा अभिशाप है। गांव की एक 72 वर्षीय बुजुर्ग मीणा देवी बताती हैं कि उन्हें गठिया की बीमारी है, जिससे उन्हें चलने फिरने में दिक्कत आती है। एक बार उन्हें शहर के अस्पताल जाना पड़ा। 8 किमी दूर अस्पताल पहुँचने में ही उन्हें तीन घंटे लग गए। इतनी तकलीफ देखकर उनका मन ही बैठ गया। वो कहती हैं कि अब मैं कहीं नहीं जाती, जो होगा यहीं होगा। वहीं 61 वर्षीय बुजुर्ग किसान तोलाराम कहते हैं कि कभी-कभी ऐसा लगता है जैसे हम दुनिया से कटे हुए हैं। हमारी दुनिया तो घर में ही सिमट कर रह गई है। इस उम्र में कहीं आने जाने में भी डर लगता है। वर्षा के दिनों में मंडी तक फसल पहुंचाना एक बड़ी चनौती होती है। इससे कृषि कार्य भी प्रभावित होता है। वह कहते हैं कि अच्छी सड़क के बिना हमने तो जीवन गुज़ार लिया, लेकिन गांव की नई पीढ़ी के विकास में जर्जर सड़क एक बड़ी बाधा है।

तोलाराम का ये कहना बिलकुल सही है कि नई पीढ़ी के विकास में जर्जर सड़क एक बड़ी बाधा है। टूटी सड़क की वजह से बारिश के दिनों में बच्चे अक्सर स्कूल जाते समय कीचड़ में फिसल जाते हैं। कभी उनकी कॉपी गंदी हो जाती है तो कभी स्कूल ड्रेस. जिसकी वजह से वर्षा के दिनों में बच्चे और विशेषकर लड़कियां स्कूल जाना बंद कर देती हैं। इस कारण केवल उनकी पढ़ाई का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी कमज़ोर हो जाता है। 17 वर्षीय प्रियंका बताती है कि एक बार मेरी सहेली स्कूल जाते वक्त कीचड़ में गिर गई। उसे काफी चोट आइर और उसके घुटने से खून बहने लगा। कीचड़ में गिरने की वजह से उसकी कॉपी भी खराब हो गई। उसने अगले दिन स्कूल जाना छोड़ दिया। उसका कहना था हर दिन ड्रेस गंदा होने से अच्छा है घर पर रहना।

सड़क का न होना सिर्फ लड़कियों की पढ़ाई को ही नहीं रोकता है, बल्कि ये उनके पूरे जीवन को सीमित कर देता है। 22 वर्षीय किशोरी सरिता कहती है कि कॉलेज में लड़कियां जब अपने अपने गांव के विकास और उन्नत सड़क की वजह से शहर तक कनेक्टिविटी के बारे में बताती हैं तो मैं चुप हो जाती हूं क्योंकि मुझे पता है, मेरे सपनों और उन तक पहुंचने के रास्ते के बीच जो दूरी है, वो सिर्फ किलोमीटर की नहीं, टूटी सड़क के कारण आने वाली बाधाओं की भी है। हममें से कई लड़कियां अपने मन की बात कह भी नहीं पातीं। कहीं कोई सुनेगा भी नहीं क्योंकि सड़क नहीं होने का दुख कोई समझता ही नहीं, जब तक वो खुद उस रास्ते पर न चला हो। वहीं 11वीं में पढ़ने वाली 17 वर्षीय भारती कहती है कि जब हम स्कूल से देर से लौटते हैं, तो सिर्फ हमारे घर वालों

'एक माह में पूर्ण करायें नये औद्योगिक आस्थान का कार्य'

अवधनामा संवाददाता

- बीघाखेत औद्योगिक आस्थान की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताया रोष
- पीएम विश्वकर्मा योजना के विभिन्न स्तरो पर लंबित आवेदनो की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश

ललितपुर। उद्योग बन्धु समिति बैठक का आयोजन डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया। डीएम ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विभिन्न स्तरों पर लंबित आवेदनों की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने नये औद्योगिक आस्थान के कार्य को एक माह मे पूर्ण कराने के लिये यूपीएसआईसी को निर्देशित किया तथा चन्देरा औद्योगिक आस्थान में पानी निकासी के लिये आगणन प्रस्तुत करने के लिये कहा। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को चन्देरा में नये फीडर की स्थापना के लिये आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। खनन अधिकारी को खनन से सम्बधित इकाईयों तक विद्युत की व्यवस्था पहुंचाने के लिये विधुत विभाग से समन्वय स्थापित कर खनन इकाइयों को विजनेस प्लान में समिलित करने के लिये निर्देशित किया। उद्यमी संगठनों की मांग पर मिनी औद्योगिक आस्थान के संदर्भ में तालबेहट में एक हैण्डपम्प, एक हाईमास्क लाईट की व्यवस्था क्रिटिकल गैप से करने की सहमति प्रदान की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नये औद्योगिक आस्थान के निर्माण के लिये भूमि चिन्हित की जाए एवं उद्यमी संगठनों की मांग पर चन्देरा औद्योगिक आस्थान में वाउण्ड्रीवॉल के निर्माण हेतु औद्योगिक आस्थान की जमीन का चिन्हांकन किया जाए। बैठक में सीडीओ, एडीएम, डीडीओ, सीओ सिटी, डीपीआरओ, ईओ नगर पालिका, ईई विद्युत, खनन अधिकारी, वन क्षेत्राधिकारी, डीआईओ, उपायुक्त उद्योग, सहायक प्रबंधक उद्योग के अलावा व्यापारी नेता मौजूद रहे।

बलदेव में 22 घंटे से बिजली गुल एसई व चीफ इंजीनियर मौन

अवधनामा संवाददाता

- अधिकारी बोले लाइनमैन है नहीं, प्राइवेट आदमी लेकर करा रहे काम

बलदेव(मथुरा)। बलदेव का विद्युत सिस्टम कबाड़ हो गया है। इसे न कोई कर्मचारी देखने वाला और न कोई अधिकारी। पिछले 22 घंटे से बलदेव की विद्युत व्यवस्था बिल्कुल चौपट है। बीती पूरी रात्रि बिजली नहीं मिली और अब भी पूरा दिन गुजर चुका, लेकिन बिजली आने का कोई संदेश नहीं है।

बलदेववासी जोर-जोर से चीख कर बोल रहे हैं कि बलदेव की विद्युत व्यवस्था बिल्कुल कबाड़ हो चुकी है, जिसमें सुधार की जरूरत है। बावजूद इसके न एसई देख रहे और न ही चीफ इंजीनियर। सभी मौन हैं। ऐसे स्थिति में ऐसा नजर आता है कि बलदेव से यही अधिकारी आखिर सौतेला व्यवहार कर क्यों रहे हैं। पिछले दो वर्ष से बलदेव की विद्युत व्यवस्था ऐसी हो गई है जैसे वर्ष 2017 से पहले थी। अब यह व्यवस्था बीते दो वर्षों में कैसे अव्यवस्था में बदल गई। इस बारे में जिले के विद्युत उच्चाधिकारी जानें। लोगों का कहना है कि पिछले दो वर्षों में न तो एसई देहात इधर आकर देख और न ही तत्कालीन चीफ इंजीनियर तथा वर्तमान चीफ ने भी इस ओर ध्यान देने की कोई पेशकश की। समाजसेवी सुजीत वर्मा कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि पिछले दो वर्षों में अधिकारियों को बलदेव की कबाड़ विद्युत व्यवस्था के बारे में अवगत न कराया गया हो। कम से कम सैकड़ों बार प्रतिमाह अवगत कराया गया, लेकिन अधिकारी जो ठहरे जो ध्यान देना उचित ही नहीं समझते। अधिकारी सिर्फ यही समझते हैं कि जनता है कि चिल्लाती रहेगी। मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने बताया कि बलदेव में कई घंटे से लाइट न आने के संबंध में जानकारी की जा रही है। संबंधित को निर्देशित कर दिया गया है। एसई देहात विजय मोहन खेडा ने बताया कि सहयोगी विद्युत कार्य में जुटे हुए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गोवर्धन रेलवे स्टेशन का किया वर्चुअल

अवधनामा संवाददाता

- लोकार्पण,16.34 करोड़ की लागत से हुआ बनकर तैयार

गोवर्धन (मथुरा)। देश के लोकरीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश के हर इलाके में विकास का नया आयाम लिख रहे है इसी क्रम में मथुरा के गोवर्धन रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प कर पर्यटन के क्षेत्र में गोवर्धन को विकसित करने का कार्य किया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवर्धन रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत,16.34 करोड़ की लागत से विकसित कर जनता को वर्चुयल माध्यम से लोकार्पण किया।

इस नए रेलवे स्टेशन से यात्रियों के लिए कई नई आधुनिक सुविधा जोड़ी गई है। जिसमें 3800 वर्गमीटर का पार्किंग क्षेत्र और 5134 वर्ग मीटर का प्लेटफार्म शामिल है, स्टेशन पर 2520 वर्ग मीटर का प्लेटफार्म शेल्टर बनाया गया है।

यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए 12 मीटर चौड़ा फुटओवर ब्रिज बनाया गया है, इसके अलावा यात्री प्रतीक्षालय का विस्तार किया गया है दिव्यांग यात्रियों की भी सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए विशेष सुविधाएं प्रदान की गई है, इसमें शौचालयों के साथ साथ पार्किंग, टिकिट विंडो, रैम्प भी शामिल किए गए हैं।

पहले इस रेलवे स्टेशन की स्थिति दयनीय थी, नई विकास कार्य को देखते हुए ब्रजवासियों में सरकार के प्रति उत्साह का जोश दिखाई दे रहा है। यह रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के पहले चरण में चिन्हित किया गया था इस योजना के तहत किए गए अन्य रेलवे स्टेशनों का शीघ्र लोकार्पण किया गया।

किसान दिवस में उठायी समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र अध्यक्ष डा.मुकेशचन्द्र की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उपस्थित किसानों द्वारा पीएम फसल बीमा योजना के तहत खरीफ में प्राप्त क्षतिपूर्ति का आंकलन सही कराकर कृषकों को उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाने व सीडीओ अध्यक्षता में चल रही फसल बीमा की जांच को जल्द से जल्द पूर्ण करने की मांग की गयी। किसान ऊदल पटेल, राजपाल यादव द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के फोन न उठाने संबंधित समस्या उठाते हुये मांग की गयी की विद्युत आपूर्ति समय से की जाये, जिससे किसानों को समस्या न हो। बाबूलाल दुबे ने तालाबों में सिल्ट सफाई किये जाने की मांग की, ताकि वर्षा का जल संरक्षित किया जा सके। नवनीत शर्मा द्वारा राजघाट डेम के डूब क्षेत्र में आ रहे पट्टों पर भूमाफियों द्वारा कब्जा जमाये जाने के संबंध में जांच कराये जाने की मांग की गयी है। भाकिसं ने ग्राम पंचायत सतगता में बिजली उपलब्ध कराने व जल निगम पाईप लाइन चालू कराने के संबंध में ज्ञापन दिये गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं को लेकर दो शिकायती पत्र दिये गये, जिसमें विभाग ने मौके पर निस्तारित कराया।

मथुरा में गौशालाओं पर डीएम की पैनी नजर

मथुरा (अवधनामा संवाददाता)। मथुरा जनपद में जबसे जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कार्यभार संभाला है तब से लगातार गौशालाओं पर नजर गड़ाए रखी है लगातार गौशालाओं का औचक निरीक्षण कर गौशालाओं के संचालकों में खलबली मचा रखी है इसी क्रम में आज जिलाधिकारी सीपी सिंह ने चौमुंहा में बनी कान्हा गौ शाला का निरीक्षण किया, उन्होंने गौशालाओं में गायों और नंदीयों के स्वास्थ्य की जांच की। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गौ शाला में नियमित रूप से पशुओं की जांच की जा रही है और कोई भी गौ वंश बीमार नहीं है। जिलाधिकारी ने बढ़ती गर्मी के दौरान पशुओं के देखभाल के लिए विशेष निर्देश दिए। गोबर की साफ सफाई ना होने पर नाराजगी जाहिर की। भूसे के भंडारण की जांच के दौरान बड़ी गड़बड़ी सामने आई। टेंडर प्रक्रिया में भूसा 11 रुपए किलो के भाव से खरीदा गया जबकि यह बाजार में 5 से 6 रुपए किलो बिक रहा है।

पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिला कांग्रेस कमेटी क अध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में महरौनी में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंचायती राज, सूचना प्रौद्योगिकी के जनक, आधुनिक भारत के निर्माता, मोबाइल-कम्प्यूटर के जनक, 18 वर्ष के युवाओं को मत का अधिकार देकर सशक्त भारत का निर्माण किया। भारत के आधुनिक विकास से महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस दौरान भारत की गिनती विकासशील देशों में होने लगी थी। इस दौरान सूर्य प्रताप सिंह जमींदार, जाहिर सिंह बघेल, पृथ्वी सिंह, आशाराम तिवारी, भगवत नारायण भौंड़ेले, कमल सिंह, राकेश कुमार सेन, नाजिम अली, दयाशंकर रजक, मुनीर खां, कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश खरे, हलकरन चंचल, असरार अली आदि मौजूद रहे। इधर ललितपुर में नगर पालिका के पास पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। नगराध्यक्ष ने कहा कि सबसे युवा प्रधानमंत्री बने, उन्हें भारतरत्न का संकल्प, आधुनिक भारत का संकल्प, विकसित भारत का संकल्प, आधुनिक भारत का संकल्प, कम्प्यूटर के जनक रहे। इस मौके पर सभी कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, शशिकांत दीक्षित, सीताराम राय, मोहित वैध, राजेश जैन, राशिद, खलकसिंह राजपूत, नेहा तिवारी, मोहन चंदेल, रामसिंह यादव, संजू कुशवाहा, राकेश रजक, रवि राजपूत, अमित, रामनरेश दुबे, सुशील रजक, हरदेव, नीरज पाराशर, गजेन्द्र सिंह बुन्देला आदि उपस्थित रहे। संचालन पंकज हुण्डैत ने किया।

एसएसपी ने थानों किया आकस्मिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- पुलिसकर्मियों में मचा हड़कंप, कमी मिलने पर जताई नाराजगी

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने थाना जमुनापार और राया थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसएसपी के अचानक पहुंचने से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के बाद उन्होंने कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसएसपी सबसे पहले थाना जमुना पर पहुंचे।

वहां थाना प्रभारी से जानकारी लेकर निरीक्षण किया। लक्ष्मी नगर क्षेत्र में पैदल गश्त के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद किया।राया थाने के निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेख महिला हेल्पडेस्क मलखाना हवालात मेस बेरक और विवेचना कक्षा का जायजा लिया। उन्होंने थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा- उन्होंने चेतावनी दी कि पुलिस कर्मियों और थाना प्रभारी की लापरवाही पर सख्त कार्यवाही होगी। स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा की समस्याओं को तुरंत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएं एसपी को थाना परिसरों में निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने और रखरखाव सही न मिलने पर नाराजगी जताई उन्होंने इसको लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने कहा कि थाना परिसर में प्रतिदिन सफाई होनी चाहिए। इसके साथ ही विभिन्न धाराओं में लंबित खड़े वाहनों की नीलामी और उनके सही से रखरखाव को लेकर भी आदेशित किया है। एसएसपी ने सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायत अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी की बड़ी कार्रवाई

ललितपुर। ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई ने ग्राम पंचायत अधिकारी को रंगे हाथ 23 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 22 मई 2025 को जनपद ललितपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनारी में की गई। शिकायतकर्ता लोकेन्द्र सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन को दी गई शिकायत में बताया कि उनके पिता बलवंत सिंह ग्राम पनारी के वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (शुगर) के चलते ग्राम प्रधान के कार्यों का निर्वहन शिकायतकर्ता द्वारा किया जा रहा है। ग्राम में अम्बेडकर पार्क के निर्माण हेतु ग्राम विकास निधि से लगभग 8.54 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जो ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी (सेकेट्री) के संयुक्त खाते में जमा की गई थी। निर्माण कार्य के प्रथम चरण में लगभग 2 लाख रुपये पूर्व में स्थानांतरित किए जा चुके थे। शेष कार्य के लिए धनराशि की आवश्यकता पडने् पर शिकायतकर्ता के पिता ने ग्राम पंचायत अधिकारी उमाशंकर राजपूत से अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने पहले से जारी धनराशि में से 23 हजार रुपये कमीशन (रिश्वत) की मांग की और कहा कि इसके बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी। शिकायतकर्ता द्वारा रिश्वत देने से इंकार करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई में शिकायत दर्ज कराई गई। संगठन की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए 22 मई 2025 को दोपहर लगभग 12.30 बजे ग्राम पनारी स्थित रामेश्वर तिवारी के मकान (जहां आरोपी किराए पर रह रहा था) में छापा मारकर ग्राम पंचायत अधिकारी उमाशंकर सिंह राजपूत को 23 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में शामिल अधिकारीगण निरीक्षक शादाब खान (नेतृत्व में), चतुर सिंह, ठाकुरदास, मोहम्मद आरिफ, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार, जितेन्द्र सिंह, शिवम गुप्ता, शिवम कुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे। इस प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में थाना कोतवाली ललितपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

बरात में पहले डीजे को लेकर मारपीट, विदाई के समय नकाबपोशों का हमला

मथुरा। गांव भूरेका में मंगलवार रात दलित युवती की शादी में डीजे को लेकर विवाद हो गया। इसमें दबंगों ने मारपीट कर दी। रात भर पुलिस की मौजूदगी में शादी की रस्में हुईं। बुधवार सुबह पुलिस के जाते ही नकाबपोशों ने हमला बोल दिया। इससे दुल्हन पक्ष के छह लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने विदाई की रस्मे कराकर बरात को अलीगढ़ बार्डर तक छोड़ा, फिर तीन नामजद समेत 20 से 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है। नौहझील थाना क्षेत्र के गांव भूरेका निवासी दलित जाटव समाज की मुनेश देवी की बेटी कल्पना की शादी आकाश निवासी नगला पदम चंडौस अलीगढ़ के साथ तय हुई थी। मंगलवार रात बैंड व डीजे के साथ बरात चढ़ रही थी। डीजे पर पड़ोसी गांव नावली के जाट समाज के दो नामजद युवक व अलीगढ़ के महारामगढ़ी गांव निवासी एक नामजद युवक डीजे पर नाचने लगे। रात साढ़े 12 बजे गांव के पंचायत घर पर बरात पहुंची।

क्रॉम्टन, ऊषा व प्रेस्टीज कम्पनी का नकली सामान बेच रहा दुकानदार दबोचा

अवधनामा संवाददाता

- संजीव कुमार की न्यू सनराज इलैक्ट्रॉनिक पर स्पीड सर्च एण्ड सिक्योरिटी नेटवर्क प्रा.लि. ने मारा छापा

ललितपुर। ब्राण्डेड कम्पनियों के स्टीकर लगाकर नकली सामान बेच रहे इलैक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर सिक्योरिटी कम्पनी ने पुलिस की मदद से छापेमार कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान भारी मात्रा में ऐसा सामान मिला जो लोगों को नामचीन कम्पनियों के स्टीकर लगाकर नकली सामान ऊंचे दामों पर बेच रहे थे। प्रकरण को लेकर कोतवाली पुलिस के जरिए थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। चण्डीगढ़ के 130/131 सेक्टर-34 स्थित स्पीड सर्च एण्ड सिक्योरिटी नेटवर्क प्रा.लि. में फील्ड ऑफीसर पद पर तैनात दीप सिंह पुत्र करन सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है। बताया कि उनकी कम्पनी आईएफएमए से लिखित रूप से अधिकार देती है कि यदि कोई उनकी अधिकृत कम्पनी का नकली माल बनाता व बेचता पाया जाये तो उसके खिलाफ पुलिस प्रशासन के साथ कार्यवाही करा सकते हैं। फील्ड ऑफीसर ने बताया कि वह 21 मई को कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बाजार में सर्वे करने पहुंचे, तो पता चला कि एक दुकानदार उनकी कम्पनी क्रॉम्टन, ऊषा, प्रेस्टीज का नकली सामान बेचने का कार्य करता है। सूचना मिलने पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचित किया और शाम करीब 6.20 बजे पुलिस टीम के साथ रवाना हुये। सूचना के आधार पर वह रेलवे स्टेशन रोड स्थित न्यू सनराज इलैक्ट्रॉनिक पर पहुंचे। यहां पुलिस टीम की मौजूदगी में जांच की गयी, तो दुकान में क्रॉम्टन कम्पनी के स्टीकर लगे हुये 34 नकली पंखे व ऊषा कम्पनी के 30 नकली जूस मशीन, प्रेस्टीज कम्पनी के 25 नकली जूस मशीन मौके से बरामद की गयी।

संक्षिप्त समाचार

द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट को बांटे प्रमाण पत्र

मथुरा (अवधनामा संवाददाता)। उ.प्र. वाहिनी एनसीसी, मथुरा के कमान अधिकारी कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन में एनसीसी द्वितीय वर्ष के कैडेटों को 'बी' सर्टिफिकेट के वितरण हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन यूनिट एरिया, धोली प्याऊ, मथुरा में किया गया। समारोह के दौरान कर्नल पाण्डेय ने सभी कैडेटों को उनकी सफलता पर बधाई दी और कहा कि यह प्रमाण पत्र उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कैडेटों से आह्वान किया कि वे जीवन में सदैव ईमानदारी, निष्ठा और कड़ी मेहनत के मार्ग पर अग्रसर रहें ताकि वे अपने माता-पिता, गुरुजनों, समाज और देश का नाम रोशन कर सकें।

संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें : सिद्धार्थ

मथुरा (अवधनामा संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार मथुरा वृन्दावन महानगर इकाई की मथुरा-वृंदावन विधानसभा के बूथों को लेकर समीक्षा बैठक डैम्पियर नगर स्थित महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

पर्यावरण अनुकूल जागरूकता के लिए ली शपथ

स्टेशन परिसर में शपथ लेते रेलवे कर्मी

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। रेलवे स्टेशन पर प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी द्वारा रेल प्रशासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस पखबाड़ा में सभी रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने यात्रियों के साथ पर्यावरण अनुकूल जागरूकता लाने, अपनाने के लिए शपथ ग्रहण कर प्लास्टिक के उपयोग न करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए कार्य करने की शपथ ली।

प्लेटफार्म संख्या 1,2 व 3 पर सभी यात्रियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को स्टेशन प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सीसीआई संजय चौबे, सीटीआई संजय सोनकर, उप स्टेशन प्रबंधक राघवेन्द्र, रेलवे कर्मचारी शिवशंकर सोनी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय एवं समस्त वाणिज्यकर एवं परिचालन कर्मी, प्राइम क्लीनिंग सर्विस मैनेजर दीपक सिंह ठाकुर, सुपरवाइजर संतोष सिंह, सफाई मित्र सागर, प्रशान्त, अमन, नेहा, प्रीति, ममता, रानी, अनीता, बच्चू, वन्दना आदि ने प्रतिभाग किया।

साथी अभियान से मिलेगा बेसहारा बच्चों को नया जीवन : जिला जज

अवधनामा संवाददाता

- नालसा और डालसा की ऐतिहासिक पहल

ललितपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा बेसहारा और लावारिस बच्चों के लिए चलाए जा रहे साथी अभियान की पहली बैठक जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला जज ने बताया कि साथी अभियान को गति देने के लिए इस कैंपेन से जुड़े व्यक्तियों को साथ मिलकर काम करना होगा। इसके तहत निराश्रित बच्चों के पहचान कर उनकी आधार मैपिंग कराई जाएगी। इसके बाद उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में साथी टीम के सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें न्यायिक, प्रशासनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में साथी अभियान की रूपरेखा, कार्यप्रणाली और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने बताया कि कई महिलाएं जब कुटुंब न्यायालय में अपने अधिकारों के लिए आती हैं, तो उनके बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं होता, जिससे वे कई योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे मामलों को प्राथमिकता देते हुए साथी अभियान के माध्यम से इन बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल द्वारा साथी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,उन्होंने बताया कि साथी अभियान, साथी यानी आधार और ट्रैकिंग एवं समग्र समावेशन तक पहुंच के लिए सर्वेक्षण- यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य उन लाखों बच्चों की पहचान सुनिश्चित करना है जो सड़कों, झुग्गियों, रेलवे स्टेशनों और अनाथालयों में रहते हैं और जिनके पास कोई कानूनी पहचान नहीं है। यह पहल उन्हें आधार कार्ड उपलब्ध कराकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोडने् का कार्य करेगी। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एएसपी कालू सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी नंदलाल सिंह, डीपीओ नीरज कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, तनवीर हसन, मनोज, पीयूष भार्गव, रविंद्र कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन, चाइल्ड हेल्पलाइन से शुभम अहिरवार, पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, निधि सहरिया, शशिकांत लोधी, आकाश झा, पैरा लीगल वॉलेंटियर रीना परमार, मुकेश कुमार, गणेशराम, राजेश कुमार राठौर, डालसा कर्मियों में विवेक यादव, रोहित राठौर, आलोक, विकास आदि मौजूद रहे।

अभियान की चार चरणों में कार्ययोजना : प्रथम चरण (13-25 मई)- जिला स्तर पर साथी समिति का गठन और सदस्यों का प्रशिक्षण, द्वितीय चरण (26 मई-26 जून) सर्वेक्षण द्वारा बिना आधार कार्ड वाले बच्चों की पहचान, तृतीय चरण (27 जून - 5 अगस्त) आधार पंजीकरण शिविरों का आयोजन, चतुर्थ चरण (9-15 अगस्त)- निगरानी, मूल्यांकन और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

समिति में शामिल प्रमुख सदस्य

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल के नेतृत्व में गठित समिति में चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर, यूआईडीएआई प्रतिनिधि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं।

- **नालसा की अपील :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी संबंधित विभागों और नागरिकों से अनुरोध किया है कि साथी अभियान को मिशन मोड में लागू किया जाए ताकि देश का कोई भी बच्चा कानूनी पहचान और सामाजिक सुरक्षा से वंचित न रह जाए। यह अभियान सिर्फ पहचान का दस्तावेज नहीं, बल्कि इन बच्चों के लिए एक नया जीवन, एक नई आशा और एक समावेशी भविष्य की ओर पहला कदम है।

निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के लिए नगर आयुक्त ने कसे पेंच

मथुरा (अवधनामा संवाददाता)। अर्बन रोड़ इन्फ्रास्टचर डेवलपमेन्ट एजेन्सी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रीन रोड़ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट स्कीम योजनान्तर्गत निर्माणाधीन गोविन्द नगर सड़क का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य को लेकर गुरुवार को नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा मैप का अवलोकन कर प्लान की जानकारी ली गई । उन्होंने कार्यदाई संस्था को रोड का निर्माण कार्य को समय अंतर्गत करने के निर्देश दिए । नगर आयुक्त ने सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी को मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को नियम अनुसार हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए । इसी के साथ कार्य में लगे सभी संबंधित विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि मौके पर उपस्थित रहकर अपने पर्यवेक्षण में कार्य कराये ।

उधोग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

संभल (बहजोई) कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अंतर्गत उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह के द्वारा विभिन्न एजेण्डा बिंदुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। एमएसएमई 2022 नीति, तकनीक उन्नयन पर चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ओडीओपी सीएफसी सेंटर को लेकर चर्चा की गयी तथा इसके अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण कार्य तथा मशीनों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्लेज पार्क चंदौसी के संबंध में भी चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कौशल किशोर वार्ष्णेय द्वारा उद्योग बंधु की बैठक का सूचना बैठक से कुछ दिन पूर्व मिल जाने के बिन्दु को रखा जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया। इस उपरांत व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया।* बैठक के अन्तर्गत उपायुक्त राज्य कर द्वारा बैठक के एजेंडा बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिसमें संबंधित से किस बिन्दु पर क्या कार्यवाही हुयी उसको लेकर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यापार बंधु के सदस्य अजय तम्बाकू ने बहजोई नगर पालिका के अन्तर्गत काली मंदिर रोड़ की खराब स्थिति,एवं अन्य खराब सड़कों, बहजोई में राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर पर खराब हो रही रेलिंग तथा सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए जेनरेटर की व्यवस्था के बिन्दुओं को रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक सीएचसी में निरंतर जेनरेटर की व्यवस्था जारी रहने के निर्देश दिए एवं अन्य बिन्दुओं पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 350 बी फाटक चंदौसी के पास अतिक्रमण हटा या नहीं उसको लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कचहरी चंदौसी तथा सम्भल गेट चंदौसी के पास पूर्व में चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के अन्तर्गत हटायी गयीं दुकानों को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित दुकानदारों के साथ एक बैठक बुलायी जाए। नालों की तली झाड सफाई के बिन्दु पर भी चर्चा की गयी जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा वर्षा से पूर्व ही नालों की तली झाड सफाई सुनिश्चित की जाए, अगर सफाई न हुई तो संबंधित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत पर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित व्यापार बंधु के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में व्यापारी अपने अपने अतिक्रमण हटाएं तथा अपनी दुकानों के छज्जे 2.5 फीट से अधिक ना रखें तथा दुकान नालों के पीछे ही रखें तथा नालों पर जाली भी लगवा लें। चंदौसी में पार्किंग व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल, डिप्टी कलेक्टर रमेश बाबू ,आयुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह , जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह, फूलप्रकाश ,कमल कौशल वार्ष्णेय, अरविंद अरोरा,अरविंद कुमार गुप्ता, संगीता भार्गव ताहिर सलामी, अजय तम्बाकू,एवं संबंधित अधिकारी तथा उद्योग बंधु व्यापार बंधु के सदस्य उपस्थित रहे।

महिला ने सचिव व कोआर्डीनेटर पर लगाया घूसखोरी का आरोप

उन्नाव। विकास खण्ड सुमेरपुर के अंतर्गत ग्राम कोटवर निवासी मीना देवी ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर ब्लॉक के सचिव और एसबीएम कोऑर्डिनेटर पर घूसखोरी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। मीना देवी का आरोप है कि उनकी बेटी मान्या का जन्म 21 मार्च 2025 को पुरवा स्थित माधुरी नर्सिंग होम में हुआ था। उन्होंने जन्म प्रमाणपत्र बनवाने हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज दिनांक 5 अप्रैल को ब्लॉक में तैनात सचिव महेन्द्र कुमार व सहायक को सौंप दिए थे। बावजूद इसके, अब तक प्रमाणपत्र नहीं बनाया गया। पीड़िता का कहना है कि वह ब्लॉक कार्यालय के कई चक्कर लगा चुकी हैं, लेकिन सचिव व एसबीएम कोऑर्डिनेटर संदीप द्वारा हर बार चार दिन बाद आने की बात कहकर टरकाया जा रहा है। आरोप है कि सुविधा शुल्क के रूप में 500 की मांग की गई और जब पैसे नहीं दिए गए तो 16 मई को सभी दस्तावेज लौटा दिए गए। पीड़िता ने बताया कि इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

अहिल्याबाई होल्कर का जीवन शौर्य, साधना, सेवा, समर्पण का अप्रतिम उदाहरण

अवधनामा संवाददाता

उन्नाव। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्याय संतोष सिंह (एमएलसी) सम्मिलित हुए। गोष्ठी में रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन के विषय पर वक्ताओं ने विषय प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर का जीवन शौर्य, साधना, सेवा, समर्पण, संयम और सादगी का अप्रतिम उदाहरण है। उनकी अद्वितीय शासन कला, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और धार्मिक आस्था ने एक ऐसा मार्ग प्रशस्त किया जो हम सभी के लिए आज भी प्रेरणादायी है। आज राजमाता अहिल्याबाई की जयंती के 300 वर्ष के पावन अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए हमें यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ है कि हम उनके महान व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए उनसे प्रेरणा लें। उन्होंने कहा यह बड़ा ही दुखद था इतनी विशाल व्यक्तित्व वाली लोकमाता अहिल्या के विषय कभी चर्चा नहीं की गई, न ही इतिहास में उन्हें स्थान मिला जो मिलना चाहिए था। आजादी के बाद में हम लोगों को उनके विषय में नहीं पढ़ा हमें केवल अक्रांताओ का इतिहास बताया गया। काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनरुद्धार पर मोदी जी ने उनको नमन किया। उन्होंने सनातन धर्म की संरक्षिका के रूप में जहां सोमनाथ काशी विश्वनाथ बद्रीनाथ केदारनाथ ओंकारेश्वर महाकालेश्वर भीमशंकर रामेश्वर गोकर्ण शिवमंदिर सहित लगभग दो हजार मंदिर वही उन्होंने धर्मशालाओं और बावड़ियों का निर्माण भी करवाया उन्होंने इन कार्यों के लिए समाज को भी प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा उनके द्वारा समाज महिलाओं किसानों शिक्षा और सुशासन के क्षेत्र में किए गए कार्य उल्लेखनीय हैं। भाजपा द्वारा आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर और भाजपा प्रेरणा पुंज डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और वंदेमातरम् गान के साथ हुआ। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। गोष्ठी के समापन पर जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह और मुख्य अतिथि सहित भाजपा अध्यक्ष व सभी अतिथियों का एवं गोष्ठी में आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने किया।

एमजीएम कॉलेज में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

संभल। एमजीएम कॉलेज संभल में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ के तहत प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर दुष्यंत मिश्रा ने योग संगम और योग बंधन के बारे में व्याख्यान देते हुए बताया कि योग साधना जीवन के लिए अति आवश्यक है तथा स्वास्थ्य पर इसका अनुकूल प्रभाव पड़ता है ।अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अजय कुमार ने कहा कि योग साधना वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। कार्यक्रम संयोजक डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने योग साधना का अभ्यास कराया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को चक्रासन, वज्रासन, ताड़ासन, वृक्षासन, धनुरासन आदि का अभ्यास कराया। डॉ. भानु भास्कर प्रजापति ने कहा कि योग हमारे शरीर मन और आत्मा को संतुलित करता है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि योग क्रिया से समस्त शारीरिक और मानसिक विकारों का शमन किया जा सकता है। कार्यक्रम को आयोजित करने में डॉक्टर नेमपाल सिंह, डॉक्टर फहीम अहमद, डॉ पूजा गुप्ता, श्रीमती प्रीति सिंह, डॉक्टर विकास सिंह यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मांगलिक कार्यक्रम में हुई फायरिंग में महिला ने दर्ज कराई जानलेवा हमले की रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

उन्नाव। तीन दिन पूर्व मांगलिक कार्यक्रम के दौरान चचेरे मामा के पुत्र द्वारा बहनोई पर अभद्र टिप्पणी करने से नाराज युवक ने चाचा के पुत्र पर फायर झोंक दिया था। घायल की मां ने थाना पुलिस में पुत्र पर जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई थी। समारोह के दौरान हुए आपसी विवाद में हमलावर युवक की गर्भवती बहन का गर्भपात भी हो गया था। दूसरे पक्ष ने विवाद के समय लात मारने से गर्भपात होने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करायी है। ज्ञातव्य हो कि गत सोमवार को तिलक समारोह में बंदूक की गोली से घायल हुए प्रदीप की मां निर्मला ने मंगलवार को थाना पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि सोमवार को थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुरवा कुडीना के मजरा ग्राम साल्हेपुर निवासी रामकेशन के पुत्र दीपू का तिलक समारोह था। कार्यक्रम में गांव निवासी दो चचेरे भाई प्रिंस पुत्र इंद्रपाल और प्रदीप पुत्र राकेश भी शामिल होने गए थे। उधर तिलक समारोह में प्रिंस के बहनोई धर्मजीत उर्फ विक्की भी शामिल थे। सभी लोग मांगलिक कार्यक्रम में व्यस्त थे इसी बीच प्रदीप के मामा के बेटे सूरज ने प्रिंस के बहनोई को कुछ अप्रिय शब्द कह दिए। बहनोई ने साले प्रिंस को उक्त बातें बताई तो दोनो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। ग्रामीणों के अनुसार प्रिंस ने अपने घर की छत से दिनेश पुत्र सुखलाल की बंदूक से प्रदीप पर बंदूक से फायर कर दिया। प्रदीप की मां निर्मला ने दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया है कि प्रिंस ने दिनेश की लाइसेंसी बंदूक से बेटे प्रदीप पर फायर किया था। उन्होंने बताया कि बेटे के दाहिनी पसली के नीचे गोली लगी है। घायल प्रदीप का इलाज चल रहा है। वहीं मंगलवार देरशाम दूसरे पक्ष से आरोपी प्रिंस की मां नीतू पत्नी इंद्रपाल ने प्रदीप, सर्वेश व ममेरे भाई सूरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नीतू ने आरोप लगाया है कि इन लोगों की मारपीट में बीच-बचाव करने गई उसकी पांच माह की गर्भवती पुत्री नैंसी पत्नी विक्की के पेट पर आरोपियों द्वारा लात मारने से उसका गर्भपात हुआ था। थाना पुलिस ने मारपीट और भ्रूण हत्या की धारा में अभियोग दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि भ्रूण का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की अन्य कार्यवाही की जाएगी।

एमबीबीएस छात्रा ने साथी छात्र पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

उन्नाव। नवाबगंज स्थित सरस्वती मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की छात्रा ने सोहरामऊ पुलिस को तहरीर देकर कॉलेज के छात्र पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर अरोपी छात्र को कॉलेज प्रशासन सस्पेंड कर घटना की जांच करा रहा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सरस्वती मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस की दिल्ली निवासी छात्रा ने बिहार के रहने वाले एमबीबीएस छात्र रूपक पर कॉलेज में छेड़छाड़ करने का आरोप लागते हुए तहरीर दी है। एसओ शरद कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है जांच की जा रही है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आर एन श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र व छात्रा दोनों 2019 बैच के हैं एमबीबीएस कर चुके हैं। दोनों इंटर्नशिप कर रहे हैं। सोमवार को बायोमेट्रिक मशीन में अंगूठा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। छात्रा ने शिकायत की थी जिसपर उसे तत्काल सस्पेंड करते हुए कैंपस से बाहर कर दिया गया था। एक सात सदस्यीय टीम गठित की गई है डायरेक्टर एडमिन गुलाब सिंह कि अध्यक्षता में 2 दिन में कर घटना की जांच कर रिपोर्ट देगी।

सेब किसानों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण दे रहा अदाणी एग्री फ्रेश

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। हिमाचल प्रदेश में सेब किसानों की फसल गुणवत्ता, उत्पादकता और आय बढ़ाने की दिशा में अदाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड ने एक विशेष पहल के तहत ग्रोअर साइंटिफिक प्रोग्राम की शुरुआत की है। रोहड़ू, रामपुर और सैंज में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को फसल प्रबंधन, कीट और रोग नियंत्रण, मौसम आधारित खेती और तकनीक आधारित समाधान उपलब्ध कराना है। गत वर्षों में भी यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया चुका है और किसानों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के आधार पर इसे इस वर्ष फिर सेविस्तारित रूप में शुरू किया गया है। अदाणी एग्री फ्रेश द्वारा आयोजित ग्रोअर साइंटिफिक प्रोग्राम का इस वर्ष का पहला चरण कुल 15 दिनों तक चलेगा। रोहड़ू में 20 से 24 मई, रामपुर में 27 से 31 मई, और सैंज में 3 से 7 जून के बीच विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर स्थान पर हर दिन औसतन 150 किसानों की भागीदारी की उम्मीद है और इस चरण में 2000 से अधिक किसानों तक पहुँचने का लक्ष्य है। कार्यक्रम का दूसरा चरण जुलाई माह में, फसल तुड़ान से ठीक पहले आयोजित किया जाएगा, ताकि किसानों को अंतिम समय पर भी उपयोगी मार्गदर्शन मिल सके।

प्रशिक्षण शिविरों में कृषि विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को व्यावहारिक और गहन स्वरूप मिलेगा। रोहड़ू में डॉ. उषा (प्लांट पैथोलॉजिस्ट, कृषि विज्ञान केंद्र) और डॉ. एन. पी. बुटेल (मृदा वैज्ञानिक) को मिट्टी की उर्वरता, पौधों के स्वास्थ्य और फसल सुरक्षा से संबंधित व्यावहारिक जानकारी साझा करने का श्रेय जाता है। अगला कैंप रामपुर में होगा, जिसमें डॉ. एस. पी. भारद्वाज (पूर्व एसोसिएट डायरेक्टर, हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी, सोलन) किसानों को कीट नियंत्रण की आधुनिक विधियों और बागवानी प्रबंधन के उपायों पर विस्तार से जानकारी देंगे।

सुन ले बेटा पाकिस्तान, बाप है तेरा हिंदुस्तान

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर देश की सैनिकों के सम्मान को लेकर भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के द्वारा जीरो रोड बस अड्डे से श्रम प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के सहसंयोजक आखिलेश सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में चौक मंडल के क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, महापौर गणेश केसरवानी, क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, एम एल सी सुरेंद्र चौधरी एवं पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे ने ललकारते हुए कहा कि सुन ले बेटा पाकिस्तान तेरा बाप है हिन्दुस्तान तेरे आतंकिस्तान को भारतीय सेना ने उनके घर में घुसकर उनकी खोद दी कब्रिस्तान। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को हम मुंह तोड़ जवाब हमारे देश की सेना ने दिया है जिस पर पूरे देश वासी गर्व कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए अग्रसेन चौराहा, जीरो रोड, मानसरोवर, बहादुरगंज, राम भवन से होते हुए चंद्रलोक चौराहे पर स्थित पुरुषोत्तम दास टंडन के प्रतिमा पार्क पर उन्हें नमन करते हुए समाप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक रवि शुक्ला रहे और संचालन अखिलेश सिंह कुशवाहा ने किया। इस अवसर पार्षद सुनीता चोपड़ा, मुकेश लारा, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्रा, प्रमोद मोदी, गिरजेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, गोपाल बाबू, पूर्व पार्षद नटवर लाल भारती, मंडल अध्यक्ष सुमित वैश्य, दिनेश विश्वकर्मा, संजय मिश्रा, विजय चावला, अजय अग्रहरि,अरुण सिंह पटेल, विष्णु त्रिपाठी, आलोक शुक्ला, कमलेश केशरवानी, मुस्लिम हबीबी, राजेंद्र पांडे, लव कुश केसरवानी, पार्षद दिग्विजय कुशवाहा, विनीत राय, भोलू अमित गुप्ता, अशोक गुप्ता, आदि श्रम प्रकोष्ठ के सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस देख नशेड़ियों में मची भगदड़, कुएं में गिरने से एक की मौत

प्रयागराज। करेली थाना क्षेत्र के करेंहदा में बुधवार की देर रात पुलिस की गाड़ी देख भागते समय एक युवक की सड़क किनारे कुएं में गिरने से मौत हो गई। सड़क किनारे गुमटी के पास बैठकर कुछ लोग नशे का सेवन कर रहे थे। पुलिस ने कुएं में गिरे विजय प्रकाश गौतम को फायर ब्रिगेड की मदद से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करेली थाना क्षेत्र के करेंहदा निवासी 25 वर्षीय विजय प्रकाश की पत्नी पहले ही उसे छोड़कर चली गई थी। उसके कोई संतान नहीं है। पुलिस के अनुसार बुधवार की रात विजय प्रकाश घर से करीब छह सौ मीटर दूर स्थित एक गुमटी के पास बैठा था। यहीं पर कुछ नशेड़ियों का भी जमावड़ा लगा था।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी के कस्बा स्थित एक विद्यालय में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए रेंजर साइकिल रिस्ट वॉच एवं शील्ड आदि देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

कस्बा फतेहपुर चौरासी स्थित रामबहादुर सिंह इंटर कॉलेज में बुधवार को प्रबंधक महेंद्र सिंह सेंगर की अध्यक्षता में वर्ष 2024-2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया है। छात्र-छात्राओं पुरस्कार वितरित करते समय प्रबंधक महेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राओं की लगन ने विद्यालय सहित माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान से पंचम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया है। प्रधानाचार्य आशुतोष मिश्रा ने बताया विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा दस की छात्रा कोमल को रेंजर साइकिल से पुरस्कृत किया गया। वहीं रितिका दिव्यांशी खुशबू पल्लवी अनामिका सिंह कल्पना वैष्णवी पूर्वा सिंह सहित कई छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व मेडल रिस्ट वॉच देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य आशुतोष मिश्रा ने बताया कि समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही विद्यालय में कक्षा 1 से 11 तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। प्रबंधक महेंद्र सिंह ने सफल हुए छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में छात्राओं में प्रतिभाएं भरी हुई हैं। यह ऐसा क्षेत्र है जहां संसाधन का भले अभाव हो पर बच्चों में दिमागी क्षमता उपलब्ध है। ऐसे बच्चों को सहेजने, तराशने और सही दिशा दिखाने और उन्हे प्रेरित करने की जरूरत होती है। वही विद्यालय में प्रथम सर्वश्रेष्ठ स्थान लाने वाली पूर्वा सिंह अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों को दिया है। इस अवसर पर काफी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित अभिभावक गण मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

संभल (बहजोई) कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम ई डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कस्तूरबा विद्यालय ने कस्तूरबा विद्यालय के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के विषय में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं से वार्ता की एवं शिक्षा से लक्ष्य की ओर अग्रसर छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रतियोगी बनना चाहिए और अपने लक्ष्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जो गरीब परिवार हैं उनके अभिभावकों के साथ काउंसलिंग करते हुए कस्तूरबा विद्यालयों में छात्राओं का शत प्रतिशत पंजीकरण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन परिवारों की आय कम है उन परिवारों के बच्चों का पंजीकरण शत प्रतिशत कस्तूरबा विद्यालय में कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने माता अहिल्याबाई होल्कर के जन्म दिवस को लेकर भी चर्चा की और बच्चों के लेख का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कल्पनाशील बच्चों को चिन्हित करते हुए उनसे अच्छा निबंध लिखवाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त कस्तूरबा विद्यालय की वार्डेनों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों के प्रति सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि प्रयास से ही लक्ष्य प्राप्त होता है। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को मानवता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने को कहा। उन्होंने कहा कि ज्ञान ही एक प्रबल शक्ति है जिससे हम राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

मेरी त्रुटि मेरी सीख के अंतर्गत बच्चों से वार्ता की। जिलाधिकारी ने माता अहिल्याबाई होल्कर के धारावाहिक एपिसोड को लेकर चर्चा की जिलाधिकारी ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय में अहिल्याबाई होल्कर के एपिसोड दिखाए जाएं एवं एपिसोड को देखने के उपरांत उसमें क्या देखा और क्या समझा उसके विषय में लिखें। जिससे कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं अपनी समझ के अनुसार एक पुस्तक बनाएं और उसका प्रकाशन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को निबंध कंठस्थीकरण कराये। और उन्होंने कहा कि प्रत्येक कस्तूरबा विद्यालय की अध्यापक भी एक पुस्तक अहिल्याबाई होल्कर को लेकर लिखें। जिससे उसका अच्छा एडिटिंग करते हुए प्रकाशन कराया जा सके। मिशन शिक्षण संवाद को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने एआरपी एवं ई डिस्टिक कोऑर्डिनेटर कस्तूरबा विद्यालय को निर्देशित करते हुए कहा कि कस्तूरबा विद्यालयों का शत प्रतिशत निरीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी ने छात्राओं के साथ संवाद किया उन्होंने सम्भल के तीर्थ एवं उत्तर प्रदेश के मंडलों के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन एवं कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं उपस्थिति रहे।

महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा की आत्महत्या

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर धन्नी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत अहमदाबाद सेननगर के मजरा गाँव ढकिया निवासी गुरुप्रसाद की 45 वर्षीय पत्नी तारावती ने बुधवार को दोपहर में घर के अंदर कमरे की छत की धन्नी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गुरुप्रसाद ने बताया कि घटना के सांय वह घर के बाहर लेटा था। बच्चे भी बाहर खेल रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार पति-पत्नी में अक्सर कहां शुरू होती रहती थी। ग्रामीणों ने बताया कि आज भी पति पत्नी में विवाद हुआ था। मृतका के दो बेटे व दो बेटी है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका के पति की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षक सीमित की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

संभल। जिलाधिकार के दिशा निर्देशों के क्रम में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी श्री ओमबीर सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड बहजोई सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और सरक्षंण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से अनमोल द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुये इन योजनाओ के अन्तर्गत पात्र वालको को नियमानुसार लभान्वित करने हेतु कहा गया। 1098, 181, 112, 1076, 108, 102 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत रूप मे बताते इन्हे सभी को प्रयोग हेतु कहा गया। सहायक विकास अधिकारी श्री मौ. फारूक ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर पर समिति का गठन करवाकर बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से नरेशचन्द्र, स्वास्थ्य विभाग से मुस्तकीम व राजकुमार, पुलिस विभाग से संदीप कुमार शर्मा एस.आई, बाल कल्याण समिति से नूतन चैधरी व नीलम राय, खेमपाल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, नासिर हुसैन, अवधेश आदि उपस्थित रहे।

मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर टोटेनहम ने जीता यूरोपा लीग खिताब, ट्रॉफी का सूखा खत्म किया

बिलबाओ। इस खिताब से टीम को अगले सत्र की चैंपियंस लीग में जगह मिलने की गारंटी मिली। टोटेनहम ने यूरोपा लीग में अपना अभियान 10 जीत, तीन ड्रॉ और दो हार से खत्म किया।

टोटेनहम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीता और चार दशक से अधिक समय में अपनी पहली यूरोपीय ट्रॉफी हासिल की। इस तरह टोटेनहम का खिताब का सूखा आखिरकार खत्म हो गया। 2008 में इंग्लिश लीग कप जीतने के बाद टोटेनहम का पहला बड़ा खिताब है और 1984 में अपना दूसरा यूएफा कप जीतने के बाद यूरोपीय लीग में पहली जीत है। टोटेनहम के लिए ब्रेनन जॉनसन ने पहले हाफ के अंत में विजयी गोल दागकर जीत सुनिश्चित की। जॉनसन ने कहा, इस क्लब ने 17 साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। यह ट्रॉफी बहुत मायने रखती है। टोटेनहम एक अच्छी टीम है, लेकिन कभी भी जीत नहीं पाती। हमने जीत हासिल की।

इस खिताब से टीम को अगले सत्र की चैंपियंस लीग में जगह मिलने की गारंटी मिली। टोटेनहम ने यूरोपा लीग में अपना अभियान 10 जीत, तीन ड्रॉ और दो हार से खत्म किया।

23 मई को नीरज और वेबर फिर आमने-सामने

दोनों ने दोहा में 90+ मीटर भाला फेंक कर मचाया था तहलका

चोरजोव (पोलैंड)। पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और जूलियन वेबर एक बार फिर आमने सामने होंगे। दोनों ही शुक्रवार को ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका, लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया।

नीरज और वेबर के साथ होंगे पीटर्स

2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन माडरि (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं।

90 मीटर फेंक कर राहत महसूस कर रहे नीरज

नीरज 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे। इस सत्र की अहम प्रतियोगिता सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप होगी जहां वह अपना खिताब बचाएंगे।

नीरज की कमर की समस्या दूर हुई

अब नीरज को कमर की समस्या नहीं हैं जिसने पिछले कुछ वर्षों में उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया है। सबसे लंबे थ्रो का विश्व रिकॉर्ड रखने वाले महान एथलीट जान जेलेजनी से ट्रेनिंग लेने के बाद वह और भी अधिक आश्वस्त हैं। नीरज ने दोहा में कहा था, मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ मिलकर काम करना शुरू किया है। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप तक आने वाले टूर्नामेंट में और अधिक 90 मीटर थ्रो कर सकता हूं। पोलैंड में होने वाली यह प्रतियोगिता नीरज के लिए इस सत्र की तीसरी प्रतियोगिता होगी।

सौरभ ने छह दिन पहले खेलो इंडिया में जीता रजत, अब प्रादेशिक में गोल्ड मेडल

वाराणसी। छह दिन पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण से चूके कुश्ती खिलाड़ी सौरभ यादव ने प्रादेशिक में स्वर्ण जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। मुज्जफरनगर में वाराणसी के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीता है। अंडर-17 सब जूनियर बालक वर्ग की फ्री स्टाइल में एक स्वर्ण, दो रजत पदक हासिल किया है। 51 किलो भारवर्ग में बलराम यादव ने रजत, 80 किलो में सौरभ यादव ने स्वर्ण और 92 किलो में सतपाल यादव ने रजत पदक जीता है। स्वर्ण पदक जीतकर सौरभ यादव ने चंडीगढ़ राष्ट्रीय सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश कुश्ती टीम में जगह बनाने में सफलता हासिल की है।

यूपी कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को ग्रीको रोमन वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। इससे पूर्व बालिका वर्ग में सात में से पांच खिलाड़ियों ने पदक जीता था। बालक वर्ग में नौ खिलाड़ियों ने वाराणसी का प्रतिनिधित्व किया और तीन खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब हुए। कोच रविंद्र यादव, राम सजन यादव, राम आशीष यादव, उमेश ने खुशी जताई है।

12वीं में 85% अंक

सौरभ ने 12वीं की परीक्षा पास की हैं। बच्छाव के महामना मालवीय इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षक डॉ. जितेंद्र ने बताया कि सौरभ खेल के साथ पढ़ाई में भी अव्वल है। वह नैपुरा के स्वामी भितराघनंद व्यायामशाला में कुश्ती के कोच संजय बाबा की देखरेख में अभ्यास करते हैं। बताया कि सौरभ ने विज्ञान वर्ग से इंटरमीडिएट की परीक्षा 85 प्रतिशत अंकों से पास की है।

कार्यकारी प्रदेश सचिव अमित का स्वागत

शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के सदस्यों ने मंगलवार दोपहर यूपी हैंडबॉल संघ के मनोनीत कार्यकारी सचिव अमित पांडेय को सम्मानित किया। कार्यकारी प्रदेश सचिव ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडबॉल व इसके खिलाड़ियों को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के बबलू मौर्य, अवधेश सिंह, रामलाल यादव, मनोज पांडेय, मनीष तिवारी मौजूद थे।

महामना पंडित मदन मोहन मालवीय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन आईएमएस रूईया मैदान पर पहला सेमीफाइनल खेला गया। वाराणसी इग्नाइटर ने 20 ओवर में 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बॉयज क्लब ने 17 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीत लिया। मुख्य अतिथि डॉ. रोहित पांडेय ने खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स इंजरी से बचाव की जानकारी दी। खिलाड़ियों को शशांक अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। संचालन जेपी सोनकर ने किया। इस मौके पर राजीव झा, गोविंद मिश्र, सत्यनारायण मौजूद रहे।

तीन साल बाद सिगरा स्टेडियम में फुटबॉल का प्रशिक्षण

सिगरा स्टेडियम में तीन साल बाद फुटबॉल की रौनक लौट आई है। स्टेडियम में छह नई फ्लड लाइटें लगाई गई हैं, जो अब पूरी रोशनी दे रही हैं। 100 बच्चों को दिन और शाम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोच अवधेश पटेल ने बताया कि तेज गर्मी के कारण बच्चे दिन में अभ्यास के लिए नहीं आ पा रहे थे, लेकिन अब फ्लड लाइटों की वजह से समस्या दूर हो गई है।

बच्चे शाम को भी अभ्यास कर पा रहे हैं। यह सुविधा युवा फुटबॉलरों को प्रतिभा निखारने और खेल में आगे बढ़ने में मदद करेगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया तीन साल से स्टेडियम में निर्माण कार्य कारण के फुटबॉलर दोपहर तीन से शाम 7 बजे तक ही अभ्यास कर पाते थे। स्टेडियम में आधुनिक लाइटें लगने से रात में भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की सुविधा मिल रही है।

शिविर में खिलाड़ियों को दिया वॉलीबॉल का प्रशिक्षण

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से मंगलवार को ग्रीष्मकालीन शिविर में खिलाड़ियों को वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निदेशक क्रीड़ा परिषद और वॉलीबॉल कोच डॉ. रॉबिन सिंह ने बताया कि दो सत्र में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने बताया कि शिविर में 9 खेलों का प्रशिक्षण चार मैदानों पर हो रहा है। 15 मई से 15 जून तक शिविर में अंडर-14 खिलाड़ियों को अलग-अलग खेलों के कोच प्रशिक्षण देंगे।

एचएस प्रणय और करुणाकरन की शानदार जीत दूसरे दौर में पहुंचे, सिंधू पहले ही दौर में बाहर

उलटफेर

एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरन ने पुरुष एकल मुकाबलों में उलटफेर करते हुए जीत हासिल की और मलेशिया मास्टर्स बैडमिंट टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली।

नई दिल्ली। प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया।

एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरन ने पुरुष एकल मुकाबलों में उलटफेर करते हुए जीत हासिल की और मलेशिया मास्टर्स बैडमिंट टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को बुधवार को महिला एकल मुकाबले के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। भारत के एक अन्य पुरुष खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से मात दी।

पुरुष एकल वर्ग में जहां भारत के लिए अच्छा दिन रहा, वहीं, महिलाओं के वर्ग में सिंधू की खराब फॉर्म यहां भी बरकरार रही और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट का शुरुआती दौर ही पार नहीं कर सकीं। सिंधू को वियतनाम की नगुयेन थियू लिंथ के खिलाफ 11-21, 21-14, 15-21 से हार मिली।

धर्मशाला में होंगे अंतर जिला टी-20 क्रिकेट के सेमीफाइनल और फाइनल मैच

धर्मशाला। प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्तमान में ऊना के संतोषगढ़ और पेखुबेला क्रिकेट मैदानों में अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसमें पूल के मुकाबले भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव से पूर्व ही करवा लिए थे। कांगड़ा, मंडी, सोलन, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के बीच मैच खेले गए। इस पूल में कुल्लू की टीम अंकतालिका में पहले और कांगड़ा की टीम दूसरे स्थान पर रही।

टूर्नामेंट में कांगड़ा और कुल्लू ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, पूल बी के मुकाबले टूर्नामेंट की तिथि बदलने के चलते 17 मई से शुरू हुए हैं। पूल-बी में ऊना, हमीरपुर, शिमला, बिलासपुर,

किन्नौर और सिरमौर के बीच लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। पूल बी में टॉप टू में रहने वाले टीमें 25 मई को धर्मशाला स्टेडियम में पूल-ए में टॉप पर रही कांगड़ा और कुल्लू के साथ सेमीफाइनल मुकाबले खेलेगी। सेमीफाइनल मुकाबलों में विजेता रहने वाले टीमों के बीच 26 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

विजेता टीम को एचपीसीए की ओर से ट्रॉफी और नकद राशि दी जाएगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला धर्मशाला स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। भारत-पाक के बीच तनाव के चलते कुछ दिनों के लिए टूर्नामेंट को स्थगित किया था। 17 मई से सभी टूर्नामेंट दोबारा शुरू कर दिए हैं।

चुराह की चंपा ठाकुर कबड्डी वर्ल्ड कप शिविर के लिए चुनीं

चंबा। चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। प्रशिक्षण शिविर सोनीपत में चल रहा है। यह 30 मई तक चलेगा। शिविर में देशभर से करीब 35 कबड्डी खिलाड़ी भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के आधार पर ही विश्व कप की टीम घोषित की जाएगी।

चंपा के पिता रमेश ठाकुर पेशे से पहलवान हैं, बेटा कुश्ती में अपना भविष्य संवार रहा है। इसके अलावा बेटी चंपा ठाकुर भी कबड्डी में जिले का नाम देशभर में रोशन कर रही हैं। गत वर्ष राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में चंपा ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीता था। यह प्रतियोगिता हैदराबाद में हुई। पिता रमेश ठाकुर ने बताया कि चंपा का चयन राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है।

कान में दिखा अदिति का खूबसूरत अंदाज

मुंबई। दुनिया के प्रतिष्ठित समारोह में शामिल कान फिल्म फेस्टिवल का आयोजन चल रहा है। इस समारोह में लगातार सेलिब्रिटीज का पहुंचना जारी है। कई भारतीय सितारे भी इस समारोह में अपना जलवा बिखेर चुके हैं। इसी क्रम में अब भारतीय अभिनेत्री अदिति राव हैदरी भी 78वें कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने पहुंची।

संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' में अपनी गज गामिनी चाल से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री अदिति राव हैदरी अब 78वें कान फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेरने पहुंची हैं। अदिति फिल्म फोरी की स्क्रीनिंग के लिए कान की रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस दौरान अदिति राहुल मिश्रा और चोपर्ड ज्वेल्स के डिजाइन किए हुए शिमरी ऑम्ब्रे बॉडीकॉन गाउन में पहुंचीं। जिसे प्रियंका कपाड़िया बदानी ने स्टाइल किया था। अदिति ने गले में एक नेकलेस पहनकर अपने लुक को कम्प्लीट किया। इस सिम्पल और सोबर लुक में अदिति काफी खूबसूरत लगीं। ब्लैक आउटफिट में नाओमी काफी स्टनिंग लगीं। नाओमी ब्लैक कलर के हैवी बॉलगाउन में नजर आईं। खुले बालों वाले हेयरस्टाइल में नाओमी ने रेड कार्पेट पर अलग-अलग पोज भी दिए। भारत के प्रतिष्ठित बिजनेसमैन अदार पूनावाला की पत्नी और मॉडल नताशा पूनावाला ने भी कान के रेड कार्पेट पर अपना स्वैग दिखाया। नताशा ने जॉन गैलियानो के भारत से प्रेरित स्प्रिंग-समर कलेक्शन से एक डायर ड्रेस पहनकर कान की रेड कार्पेट पर कदम रखा।

शिल्पा शेट्टी ने मनाया बेटे वियान का 13वां जन्मदिन

मुंबई। शिल्पा शेट्टी ने अपने बेटे वियान के जन्मदिन के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प वीडियो मोंटाज पोस्ट किया और साथ ही बेटे को जन्मदिन की बधाई देने के साथ एक इमोशनल नोट भी लिखा।

शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने मई 2012 में अपने बेटे वियान का स्वागत किया। शिल्पा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने पारिवारिक जीवन की झलकियां शेयर करती रहती हैं। हाल ही में, शिल्पा ने एक प्यारा वीडियो मोंटाज पोस्ट किया, जिसमें वियान के बचपन से लेकर किशोर बनने तक के सफर को दिखाया। यह खास मोंटाज शिल्पा ने बेटे वियान के 13वें जन्मदिन पर पोस्ट किया है।

शिल्पा ने कई फोटोज को एक साथ कोलाज बनाकर मोंटाज पोस्ट किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, आज एक बहुत बड़ी उपलब्धि है..अब तुम आधिकारिक तौर पर एक किशोर हो, मेरे बेटे। मेरे प्यारे, ये साल खोज और अपने जुनून को

तलाशने का समय है। बस जिज्ञासु बने रहना, कड़ी मेहनत करना और मौज-मस्ती करना याद रखना। मम्मी और पापा को तुम पर बहुत गर्व है, मेरे जान 13वें जन्मदिन की शुभकामनाएं वियान-राज हमेशा खुश और स्वस्थ रहो।

शिल्पा ने जैसी ही अपने बेटे के जन्मदिन की पोस्ट शेयर की कई सेलेब्स और फैंस ने उन्हें बेटे के जन्मदिन की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। एक्टर संजय कपूर ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो वियान, गीता बसरा ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो वियान, संजय कपूर की पत्नी और अभिनेत्री महीप कपूर ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो वियान%, बिपाशा बसु ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो वियान, शिल्पा की बहन और वियान की मौसी समिता शेट्टी ने सिर्फ लिखा हां और फायर इमोजी बनाए। कोरियोग्राफर फराह खान ने लिखा, ओह माय टाइम उड़ जाता है! जन्मदिन मुबारक प्रिय वियान, एक्ट्रेस भाग्यश्री ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो वियान!। वहीं शिल्पा के कई फैंस ने भी वियान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

शिल्पा शेट्टी ने 2009 में बिजनेसमेन राज कुंद्रा से शादी की थी। इस जोड़े ने मई 2012 में अपने बेटे वियान का स्वागत किया, उसके बाद 2020 में उनकी बेटी समीशा का जन्म हुआ। शिल्पा को आखिरी बार रोहित शेट्टी की एक्शन थ्रिलर सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में देखा गया था। इस सीरीज में उन्होंने सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय के साथ तारा शेट्टी का किरदार निभाया था। कथित तौर पर वह अगली बार कन्नड़ फिल्म केडी - द डेविल में ध्रुव सरजा और संजय दत्त के साथ नजर आएंगी।

टॉम क्रूज के साथ अवनीत ने शेयर की तस्वीरें

मुंबई। टॉम क्रूज इस समय अपनी फिल्म मिशन इंपॉसिबल 8 से भारतीय दर्शकों के बीच छाए हुए हैं। इसी बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने सोशल मीडिया पर टॉम क्रूज के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इसे देख नेटिजंस उन्हें खूब ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि टॉम अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। आइए जानते हैं क्या बोले यूजर्स। अभिनेत्री अवनीत कौर ने अपने इंस्टाग्राम पर हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज के साथ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इस तस्वीर में एक्ट्रेस स्किनी कलर की वन पीस ऑफ शोल्डर ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। वहीं टॉम क्रूज कोट-पैंट पहने दिख रहे हैं। इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा, 'आपने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं जबसे आपसे मिली हूं, आपकी कहानियां सुनकर मुझे अभिनय और फिल्म निर्माण से और भी ज्यादा प्यार हो गया है। मैंने कभी हार नहीं मानी है। इतने शानदार तरीके से स्वागत करने के लिए आपका धन्यवाद। मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही आपसे फिर मिलूंगी।' अवनीत कौर के इस पोस्ट को देख इंस्टाग्राम यूजर्स उन्हें खूब ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस पोस्ट को देखने के बाद वह जहर खरीदीने दुकान गई, लेकिन दुकान बंद थी। दूसरे यूजर ने कहा कि उन्हें तो अवनीत मिशन इंपॉसिबल 8 में कहीं नहीं दिखीं। वहीं, तीसरे यूजर ने कमेंट किया कि टॉम क्रूज कह रहे होंगे आखिर ये लड़की कौन है, जो पीछे पड़ गई है। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि टॉम क्रूज अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। साथ ही तमाम यूजर्स ने कहा कि लड़की बड़ी अनजानी है।

लगातार चर्चा में रहे 'वॉर 2' के टीजर ने बना डाला यह रिकॉर्ड, 24 घंटे में मिले इतने व्यूज

मुंबई। ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 के टीजर ने रिलीज होते ही बड़ी-बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म के टीजर ने 24 घंटे में सबसे ज्यादा देखे गए टीजर्स की लिस्ट में जगह बना ली है। बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की फिल्म 'वॉर 2' ने अपने टीजर के साथ एक धमाकेदार शुरुआत की है। इस फिल्म का टीजर 20 मई 2025 को साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के जन्मदिन के मौके पर रिलीज किया गया और इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। महज कुछ ही घंटों में यह टीजर वायरल हो गया, जिसे अब तक करोड़ों व्यूज और तारीफें मिल चुकी हैं।

टीजर को मंगलवार सुबह 11 बजे यूट्यूब पर रिलीज किया गया और सिर्फ पहले 24 घंटों में इसे 23.47 मिलियन यानी करीब 2.34 करोड़ व्यूज मिल गए। इसमें हिंदी में 20 मिलियन व्यूज, तेलुगु में 3.1 मिलियन व्यूज और तमिल में करीब 4 लाख व्यूज देखने को मिले। यह टीजर अब बॉलीवुड के सबसे ज्यादा देखे गए टीजरों में से एक बन चुका है।

'वॉर 2' के इस टीजर ने कई बड़ी बॉलीवुड फिल्मों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सलमान खान की 'भारत' और ऋतिक रोशन की अपनी ही फिल्म 'फाइटर' को पीछे छोड़ते हुए यह टीजर यूट्यूब पर 24 घंटों के अंदर बॉलीवुड के पांच सबसे ज्यादा देखे गए टीजर्स में शामिल हो गया है। यह अब 5वें नंबर पर है, जो किसी भी फिल्म के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

'वॉर 2' को अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है और यह यशराज फिल्म्स (ङ्खक्रस्न) द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 'टाइगर', 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'वार' और 'पठान' जैसी फिल्मों के बाद स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा, जिसके लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

कमल हासन ने बताया कैसे हुई मणिरत्नम से दोस्ती, बोले- 'हम दोनों सिनेमा लवर हैं'

मुंबई। अपनी आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रमोशन के दौरान कमल हासन ने निर्देशक मणिरत्नम के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बताया। तमिल सुपरस्टार और दिग्गज अभिनेता कमल हासन इन दिनों अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो चुका है, जिसे लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। अब फिल्म की पूरी स्टारकास्ट प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान कमल हासन ने इस फिल्म में दिग्गज फिल्ममेकर मणिरत्नम के साथ 35 साल बाद फिर से काम करने और उनके साथ अपनी दोस्ती को लेकर चर्चा की।

कमल हासन ने मणिरत्नम के साथ आखिरी बार 1987 की सुपरहिट फिल्म 'नायकन' में काम किया था। इसके बाद दोनों ठग लाइफ में साथ आ रहे हैं।

प्रमोशन

फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो चुका है, जिसे लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। अब फिल्म की पूरी स्टारकास्ट प्रमोशन में जुटी हुई है।

मणिरत्नम के साथ अपने रिश्ते और दोस्ती का जिक्र करते हुए कमल हासन ने कहा, ÷मैं उन्हें उसी इलाके में रहने वाले एक दोस्त के रूप में जानता हूं। मुझे यह भी नहीं पता था कि वह एक फिल्मी परिवार से हैं। वह एक इंसान थे और मुझे उनके बात करने का तरीका पसंद आया। हम दोस्त बन गए। हमारे दोस्तों का

एक ग्रुप था और हम केवल सिनेमा के बारे में बात करते थे और कोई गपशप नहीं करते थे और यहीं से हमारी दोस्ती की शुरुआत हुई।

खुद को और मणिरत्नम को फिल्म लवर और सिनेमा का फैन बताते हुए कमल हासन ने एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया, ÷जब हम कोलाबा के पास 'नायकन' की शूटिंग कर रहे थे और रमेश सिप्पी साहब फिल्म सिटी में शूटिंग कर रहे थे। हम सभी रमेश सिप्पी की शूटिंग देखने गए थे। हम भी प्रशंसक हैं, फिल्म लवर हैं और यही हमें यहां लाया है। हम किसी भी सेट पर जाकर किसी को भी देखेंगे, खासकर जिन्हें हम प्रतिभाशाली मानते हैं, हम उन्हें और अधिक देखना चाहेंगे। इस दौरान निर्देशक मणिरत्नम ने भी कमल हासन के साथ अपनी दोस्ती को याद किया। उन्होंने कहा, ÷मुझे याद है जब वह तमिल में 'सदमा' की योजना बना रहे थे और मैंने जो कहानी सुनी है, वह मेरे दिमाग में बसी हुई है, जब उन्होंने कहानी सुनी। वह वापस आए और उन्होंने उस सीन को किया और उन्हें बताया कि वह सीन क्या था। इस तरह के व्यक्ति हैं कमल हासन। मैं भाग्यशाली था कि मैं उनके साथ काम करते हुए उनसे बातचीत करने में सक्षम था। इसलिए, मुझे पता था कि कोई ऐसा व्यक्ति है जो हम सभी के लिए एक बड़ा रास्ता बना रहा है और उसने वही किया है। 5 जून को रिलीज हो रही मणिरत्नम द्वारा निर्देशित 'ठग लाइफ' में कमल हासन ने रंगाराया शक्तिवेल नायकर की भूमिका निभाई है। जो क्राइम और जस्टिस के बीच फंसा हुआ व्यक्ति है। फिल्म में कमल हासन के अलावा सिलंबरासन टीआर, तृषा कृष्णन, अभिरामी और अशोक सेलवन भी नजर आएंगे। फिल्म का संगीत एआर रहमान दिया है।

कांग्रेस की सूची में नाम न होना शशि थरूर का अपमान

बंगलूरू। केरल कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष के सुधाकरण ने गुरुवार को अपनी ही पार्टी के फैसले पर सवाल उठाया और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में पार्टी द्वारा शशि थरूर का नाम शामिल न किया जाने पर हैरानी जताई। सुधाकरण ने कहा कि यह शशि थरूर का अपमान है। सुधाकरण ने कहा कि शशि थरूर एक योग्य नेता और पार्टी के ईमानदार सदस्य हैं। ऐसे में थरूर के नाम को शामिल नहीं किया जाना सही नहीं है। सुधाकरण ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में कहा कि यह सही नहीं था और इसे लेकर बेवजह का विवाद हुआ। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को कूटनीतिक स्तर पर घेरने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश दौरों पर भेजे हैं। शशि थरूर को इन सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख बनाकर विदेश भेजा है। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने कहा कि उन्होंने थरूर का नाम नहीं दिया था और जिन नेताओं को नाम दिया गया था, उन्हें प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं किया गया। इसे लेकर खासा विवाद हुआ। हालांकि थरूर ने केंद्र का निमंत्रण स्वीकार किया और वह विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

सुधाकरण ने शशि थरूर के कांग्रेस छोड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया और कहा कि उनकी शशि थरूर से इस बारे में बात हुई है और वे पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं। केरल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें अब काफी राहत है। हालांकि उन्होंने राजनीति छोड़ने की आशंका से इनकार किया और कहा कि वे राजनीति में सक्रिय रहेंगे।

मणिपुर में बस रोकने का मामलाः संवाद की कमी से उत्पन्न हुई गलतफहमी, दो सदस्यीय जांच समिति गठित

घटना

मणिपुर में शिरुई लिली महोत्सव में जा रहे पत्रकारों को रोकने की घटना का पूरे प्रदेश में चौतरफा विरोध हो रहा है।

इंफाल। मणिपुर में बस रोकने के मामले में रक्षा सूत्रों ने बताया कि जिस बस को सुरक्षाबलों ने रोका, उसकी पूर्व सूचना नहीं थी। इस कारण उसे नियमों के मुताबिक रोका गया। इस मामले में दो सदस्यीय समिति गठित की गई है। इस समिति को 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट देनी होगी।

मणिपुर में शिरुई लिली महोत्सव में जा रहे पत्रकारों को रोकने की घटना का पूरे प्रदेश में चौतरफा विरोध हो रहा है। समाजिक संगठन, राजनीतिक पार्टियां और अन्य संगठन इसमें कूद गए हैं और जमकर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। लेकिन रक्षा सूत्रों के मुताबिक जो जानकारी निकल कर सामने आ रही हैं, उसके मुताबिक यह घटना पूरी तरह से संवाद की कमी के चलते उत्पन्न गलतफहमी के कारण हुई। क्योंकि जो बस पत्रकारों को लेकर शिरुई लिली महोत्सव कवर करने जा रही थी, उसकी पूर्व सूचना सुरक्षाबलों के पास नहीं थी। सूत्र बताते हैं कि इस घटना के मदद से एक बार फिर से प्रदेश का माहौल को खराब करने और राज्यपाल शासन को तानाशाह बताने का प्रयास हो रहा है। इस बीच, पत्रकारों की मांग पर इस मामले की जांच के लिए गृह विभाग ने दो सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसे 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपनी है।

वरिष्ठ रक्षा सूत्र बताते हैं कि सुरक्षाबलों ने तो केवल आदेश का पालन किया है। हिंसा के दौरान राज्य परिवहन की बसों पर हमले के के चलते उच्चाधिकारियों की बैठक में यह फैसला लिया गया था कि हिंसा के दौरान मणिपुर राज्य परिवहन की बसें चलाईं नहीं जाएंगी। अगर चलाई जाएंगी तो इसकी जानकारी पहले ही सुरक्षाबलों को देनी होगी। मंगलवार को ग्वालताबी चेक पोस्ट (इंफाल से लगभग 25 किमी दूर) पर जिस बस को सुरक्षाबलों ने रोका, वह बस मणिपुर राज्य परिवहन की थी। इसमें सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय (डीआईपीआर) के कर्मचारी और पत्रकार शामिल थे। लेकिन सुरक्षाबलों के पास इस बस के शिरुई लिली महोत्सव में जाने की कोई पूर्व सूचना नहीं थी। आदेश और लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने केवल नाम को ढकने को कहा था, महोत्सव में जाने से रोका नहीं था।

रक्षा सूत्र बताते हैं कि अगर सुरक्षाबलों को पूर्व सूचना होती तो अन्य वाहनों की तरह ही इस बस को भी सुरक्षाबल नहीं रोकते। उल्लेखनीय है कि छात्रों, कलाकारों और अन्य पर्यटकों को लेकर लगातार बसें और अन्य वाहन उखरुल जा रहे हैं, उनमें से किसी वाहन को सुरक्षाबलों ने नहीं रोका क्योंकि इनकी सूचना पहले से ही सुरक्षाबलों के पास थी। सूत्र बताते हैं कि शायद संवाद में कहीं कमी रह गई, जिस कारण यह घटना घटी। थोड़ी सी सजगता से इस घटना को रोका जा सकता था। सुरक्षाबलों की बस को रोकने, या फिर पत्रकारों को महोत्सव में शामिल होने से रोकने की कोई मंशा नहीं थी।

हीटवेव पर दिशा-निर्देश जारी करने की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस बार पूर्वानुमान है कि इस साल हीटवेव ज्यादा रहेगी। पहले उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में ही हीटवेव चलतीं थी, लेकिन अब पूर्वी तट, उत्तर पूर्व प्रायद्वीप और दक्षिण मध्य क्षेत्रों तक भी हीटवेव का असर दिखाई देता है। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में केंद्र सरकार से हीटवेव को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करने और उन दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा नियंत्रण विभाग और अन्य को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब मांगा है।

पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की, जिस पर सर्वोच्च अदालत ने सुनवाई की। याचिका में कहा गया है कि पिछले साल हीटवेव और हीट स्ट्रेस के चलते 700 से अधिक मौतें हुईं। याचिका में हीटवेव पूर्वानुमान, हीट अलर्ट और चौबीसों घंटे निवारण हेल्पलाइन आदि के लिए सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश देने की भी मांग की। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस बार पूर्वानुमान है कि इस साल हीटवेव ज्यादा रहेगी। पहले उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में ही हीटवेव चलतीं थी, लेकिन अब पूर्वी तट, उत्तर पूर्व प्रायद्वीप और दक्षिण मध्य क्षेत्रों तक भी हीटवेव का असर दिखाई देता है। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय दिशानिर्देश और हीटवेव रोकथाम प्रबंधन 2019 के बावजूद कई राज्यों ने अभी तक एक्शन प्लान लागू नहीं किया है। साथ ही याचिका में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 35 के तहत केंद्र की वैधानिक जिम्मेदारियों का हवाला दिया गया, जिसके तहत सरकार को आपदा प्रबंधन के लिए उचित उपाय करने की आवश्यकता होती है। याचिका में एक अध्ययन का हवाला देते हुए चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन के चलते गर्मी से होने वाली मौतों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की आशंका है।

तमिलनाडु में तंजावुर-तिरुचिरापल्ली नेशनल हाईवे पर हादसा

चेन्नई। तमिलनाडु के तंजावुर में हुए हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें एक महिला भी शामिल है। वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमिलनाडु में भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तंजावुर-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेंगकिपट्टी पुल के पास एक सरकारी बस और एक निजी टेम्पो वैन की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है। तंजावुर जिला कलेक्टर प्रियंका बालासुब्रमण्यम ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। तंजावुर जिला कलेक्टर प्रियंका बालासुब्रमण्यम ने बताया कि हादसा रात्रि करीब आठ बजे हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रंप के सीजफायर के लिए दखल देने के दावे पर पीएम खामोश क्यों?

नई दिल्ली। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह दावा कर रहे है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान व्यापार का सहारा लेकर भारत और पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मनाया तो दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक एक बार भी ट्रंप के दावों को खारिज नहीं किया है। कांग्रेस नेता ने इस मसले पर और क्या कहा है, आइए जानते हैं, विस्तार से।

एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह दावा कर रहे है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान व्यापार का सहारा लेकर भारत और पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मनाया तो दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक एक बार भी ट्रंप के दावों को खारिज नहीं किया है। उनकी (पीएम मोदी) की खामोशी का क्या मतलब है? देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने गुरुवार को यह सवाल सरकार से किया। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि ट्रंप ने आठवीं बार दावा किया कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर विराम लगवाया है। खेड़ा ने एक्स पर कहा, ट्रंप का दावा है कि उन्होंने भारत के ऑपरेशन सिंदूर को खत्म करवाने के लिए व्यापार का सहारा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक इन दावों को एक बार भी खारिज नहीं किया है। इस खामोशी का क्या मलतब है? ओवल ऑफिस में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सीरिल रामफोसा के साथ बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा, यदि आप भारत और पाकिस्तान के तनाव पर हमने क्या किया यह पूछें तो मैं कहूंगा कि हमने वह पूरा मामला सुलझा लिया। मेरा मानना है कि मैंने इसे व्यापार का हवाला देकर सुलझा लिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका- भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों के साथ बड़ा सौदा कर रहा है। ट्रंप के अनुसार उन्होंने दोनों देशों से कहा कि आप क्या कर रहे हैं? ट्रंप ने

सौदा

मेरा मानना है कि मैंने इसे व्यापार का हवाला देकर सुलझा लिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका- भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों के साथ बड़ा सौदा कर रहा है।

कहा, ÷किसी न किसी को आखिरी वार करना पड़ेगा। दोनों देशों के बीच हालात बद से बदतर इसलिए हमें उनसे बात करनी पड़ी।

किसी को तो आखिरी में गोली चलानी ही थी। लेकिन गोलीबारी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही थीं, बड़ी होती जा रही थीं, देशों में गहरी होती जा रही थीं। और हमने उनसे बात की, और मुझे लगता है कि हमने, आप जानते हैं, मुझे यह कहते हुए

दुख हो रहा है कि हमने इसे सुलझा लिया है, और फिर दो दिन बाद, कुछ ऐसा हुआ, और उन्होंने कहा कि यह ट्रम्प की गलती है।

ट्रंप ने कहा, ÷लेकिन... पाकिस्तान में कुछ बेहतरीन लोग और कुछ बहुत अच्छे, महान नेता हैं। और भारत मेरा मित्र है, मोदी मेरे मित्र हैं।÷ इस दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने जवाब दिया, ÷मोदी, सबके मित्र हैं। ट्रम्प ने कहा, ÷वह एक महान व्यक्ति हैं और मैंने उन दोनों को फोन किया। यह अच्छी बात है। ठ्ठदोनों नेताओं के बीच इस बातचीत के बाद अब इस मासले पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को सुलझाने में मदद की है। और पीएम मोदी इस पर कुछ क्यों नहीं बोल रहे?

दूसरी ओर ऑपरेशन सिंदूर के वैश्विक प्रसार के लिए विभिन्न देशों में पहुंच रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, एक तरफ हम प्रतिनिधिमंडल भेज रहे हैं, लेकिन मुझे सूत्रों से पता चला है कि पहलगाम हमले के आतंकवादी पिछले 18 महीनों में तीन अन्य आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार हैं... वे जम्मू-कश्मीर में घूम रहे हैं और हमारे सभी सांसद दुनिया भर में घूम रहे हैं। प्राथमिकता आतंकवादियों को पकड़ना होनी चाहिए, न कि सांसदों को दूसरे देशों में भेजना... इन सवालों का जवाब कौन देगा? संसद का सत्र होना चाहिए, लेकिन इसे बुलाया नहीं गया है।

केरल सरकार भूमि अधिग्रहण करके मुनंबम मुद्दे को हल कर सकती है, न्यायिक आयोग ने दिया सुझाव

नई दिल्ली। मुनंबम वक्फ भूमि विवाद की जांच कर रहे सरकार की ओर से नियुक्त न्यायिक आयोग ने गुरुवार को कहा कि अगर केरल सरकार मौजूदा वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सार्वजनिक उद्देश्य के लिए भूमि का अधिग्रहण करती है तो विवाद का समाधान हो सकता है। मुनंबम वक्फ भूमि विवाद की जांच कर रहे सरकार की ओर से नियुक्त न्यायिक आयोग ने गुरुवार को कहा कि अगर केरल सरकार मौजूदा वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सार्वजनिक उद्देश्य के लिए भूमि का अधिग्रहण करती है तो विवाद का समाधान हो सकता है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सीएन रामचंद्रन नायर ने एक प्रमुख मलयालम टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार के पास मौजूदा कानून के प्रावधानों के तहत मुनंबम निवासियों की सुरक्षा करने की शक्तियां हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार को यह विकल्प तभी अपनाना चाहिए जब राज्य द्वारा नियुक्त वक्फ बोर्ड और फारूक कॉलेज, जिसने मुनंबम निवासियों को जमीन बेची थी, बातचीत के जरिए विवाद को सुलझाने में असमर्थ हों।

साथ ही, नायर ने यह भी कहा कि सरकार के पास भूमि अधिग्रहण के लिए जो शक्तियां हैं, उन्हें देखते हुए यह संभव है कि राज्य प्रशासन के साथ टकराव से बचने के लिए विवाद का समाधान हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि हालांकि, यदि सरकार भूमि अधिग्रहण करती है तो उसे बोर्ड को हुए नुकसान की भरपाई करनी होगी। आयोग की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उसे केरल उच्च न्यायालय के समक्ष रखा जाएगा तथा इसका कार्यान्वयन न्यायिक आदेशों के अधीन होगा।

यूएन में भारत ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, भारतीय चाय के स्वाद को पूरी दुनिया में फैलाने की कोशिश

न्यूयॉर्क। भारत वैश्विक स्तर पर चाय के सबसे बड़े उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक है और यह क्षेत्र सीधे तौर पर 15 लाख से अधिक श्रमिकों को रोजगार देता है, जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं। चाय उद्योग भूमिधारक किसानों और संबद्ध उद्योगों में लगे लोगों सहित करीब एक करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका से जुड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय चाय के स्वाद को दुनिया तक पहुंचाना और चाय बागानों में काम करने वाले लोगों का सशक्तिकरण और उनका समावेशी आर्थिक विकास रहा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन पार्वथानेनी हरीश ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर आजीविका के लिए चाय, सतत विकास लक्ष्यों के लिए चाय विषय पर उच्च स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया, जो पानी के बाद दुनिया में सबसे अधिक पीया जाने वाला पेय है। कार्यक्रम में मेहमानों ने प्रसिद्ध भारतीय चाय दार्जिलिंग चाय, मसाला चाय, असम और नीलगिरी चाय सहित विभिन्न प्रकार की भारतीय चाय का आनंद लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश, न्यूयॉर्क में एफएओ संयुक्त राष्ट्र संपर्क कार्यालय की निदेशक एंजेलिका जैकोम और अन्य प्रमुख चाय उत्पादक देशों केन्या, श्रीलंका और चीन के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर बात की और चाय उत्पादकों, विशेष रूप से छोटे चाय किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हरीश ने कहा, भारत में चाय की कहानी केवल व्यापार और स्वाद की नहीं है, बल्कि बदलाव की भी है। 19वीं सदी की शुरुआत में असम की धुंध भरी पहाड़ियों से शुरू होकर दार्जिलिंग और नीलगिरी की ढलानों तक भारत का चाय उद्योग ग्रामीण रोजगार, महिला सशक्तिकरण और निर्यात आधारित विकास की आधारशिला बन गया है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2015 में खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अंतर-सरकारी समूह (आईजीजी) में भारत द्वारा चाय पर रखे गए प्रस्ताव के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2019 में 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में घोषित किया था। यूएनजीए के प्रस्ताव में दुनिया भर में चाय के लंबे इतिहास और सांस्कृतिक तथा आर्थिक महत्व को मान्यता दी गई, साथ ही विकासशील देशों में ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन और खाद्य सुरक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी गई। भारत वैश्विक स्तर पर चाय के सबसे बड़े उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक है और यह क्षेत्र सीधे तौर पर 15 लाख से अधिक श्रमिकों को रोजगार देता है, जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं। चाय उद्योग भूमिधारक किसानों और संबद्ध उद्योगों में लगे लोगों सहित करीब एक करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका से जुड़ा है।

सभी कैबिनेट सचिव पद से इस्तीफा दें, चुनाव में अहम सीनेट सीटें हारने पर राष्ट्रपति मार्कोस का एलान

मनीला। फिलीपींस के मध्यावधि चुनाव में महत्वपूर्ण सीनेट सीटों पर हार के बाद राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस ने सभी कैबिनेट सचिवों को इस्तीफा देने को कहा है। राष्ट्रपति मार्कोस ने कैबिनेट में फेरबदल का एलान किया है। फिलिपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को अपने सभी कैबिनेट सचिवों को पद से इस्तीफा देने को कहा है। उन्होंने इसे नया साहसिक कदम बताया है। पिछले हफ्ते हुए मध्यावधि चुनावों में पक्षी उम्मीदवारों ने सीनेट की महत्वपूर्ण सीटों पर जीत हासिल कर ली थी। जिसके बाद राष्ट्रपति मार्कोस ने कैबिनेट में फेरबदल करने का एलान किया है। मार्कोस (67 वर्षीय) 1986 में अपदस्थ किए गए फिलीपींस के पूर्व तानाशाह के बेटे हैं। उन्होंने 2022 में एक बड़े चुनावी अंतर से राष्ट्रपति पद जीता था। उन्होंने राष्ट्रीय एकता लाने की बात कही थी। यह उनकी एक चौंकाने वाली

इस्तीफा

फिलिपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को अपने सभी कैबिनेट सचिवों को पद से इस्तीफा देने को कहा है।

राजनीतिक वापसी थी। लेकिन उनकी उपराष्ट्रपति पद की साथी उम्मीदवार सारा दुतेर्ते भी उतनी ही लोकप्रिय थीं, बाद में वह उनसे अलग हो गईं। इस मतभेद ने देश में राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। अमेरिका और अन्य सहयोगी देशों के समर्थन से मार्कोस चीन की बढ़ती आक्रामकता के सबसे मुखर आलोचक के रूप में उभरे, खासकर विवादित दक्षिण चीन सागर के मुद्दे पर। साथ ही वे देश के कई

पुराने अंदरूनी मुद्दों से भी जूझते रहे। इनमें महंगाई, चावल की कीमत कम करने के चुनावी वादे को पूरा करने में देरी और अपहरण व अन्य अपराधों की बढ़ती घटनाएं जैसे मुद्दे शामिल थे।

सरकार की ओर से जारी बयान में मार्कोस के हवाले से कहा गया, यह सामान्य तरीके से काम करने का समय नहीं है। जनता ने अपना जनादेश दे दिया है और अब वह परिणाम चाहती है, न कि राजनीति या बहाने। हम उनकी आवाज सुन रहे हैं और हम कदम उठाएंगे। बयान में कहा गया कि हाल ही में हुए चुनावों के नतीजों के बाद राष्ट्रपति मार्कोस ने अपनी सरकार के पुनर्गठन के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए सभी कैबिनेट सचिवों से आदरपूर्वक इस्तीफा देने को कहा।

सरकार ने कहा कि आदरपूर्वक इस्तीफों की मांग का मकसद राष्ट्रपति को यह आजादी देना है कि वे हर मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा कर सकें और तय कर सकें कि नई प्राथमिकताओं के अनुसार कौन आगे सरकार में बना रहेगा। कम से कम 21 कैबिनेट सचिवों ने कार्यकारी सचिव लुकास बर्सामिन के नेतृत्व में या तो तुरंत अपने इस्तीफे सौंप दिए हैं या इस्तीफा देने के लिए अपनी सहमति जता दी है। 12 सीनेट सीटों में से 5 सीटें पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते या उनकी बेटी सारा दुतेर्ते के समर्थकों ने जीतीं। राष्ट्रपति मार्कोस के समर्थकों को भी 5 सीटें मिलीं। 2 सीटें लिबरल डेमोक्रेट्सस ने जीत लीं, जो पूर्व राष्ट्रपति बेनिग्नो एक्विनो तृतीय से जुड़े हैं।

आसिम मुनीर कट्टरपंथी, पहलगाम आतंकी हमला उसी का नतीजा

एम्सटर्डम। पहलगाम आतंकी हमले पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारतीय क्षेत्र जम्मू कश्मीर में बर्बर आतंकी हमला किया गया, जहां 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई। यह हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है।

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर तीखा हमला बोला और उन्हें धार्मिक कट्टरपंथी बता दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला उस कट्टरपंथी सोच का ही नतीजा है। नीदरलैंड के एक समाचार पत्र के साथ बातचीत में डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी किए गए आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया।

पहलगाम आतंकी हमले पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारतीय क्षेत्र जम्मू कश्मीर में बर्बर आतंकी हमला किया गया, जहां 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई। यह हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है। हमले के द्वारा धार्मिक भेदभाव को बढ़ाने की कोशिश की गई और लोगों को धर्म पूछकर मारा गया। पाकिस्तान की सेना के जो प्रमुख हैं, वो खुद धार्मिक कट्टरपंथी हैं। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला उसी कट्टरपंथी सोच का नतीजा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे टीआरएफ और लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन हैं और टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी भी ली है। उन्होंने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को 2023, 2024 में टीआरएफ पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। जयशंकर ने कहा कि हमने पहलगाम आतंकी हमला करने वाले लोगों की पहचान की और ये कोई छिपी हुई बात नहीं है और उसके बाद उन्हें निशाना बनाया। साथ ही किसी सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों के समर्थन में भारत पर हमला किया। भारतीय विदेश मंत्री ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया।

नौसेना का दूसरा विध्वंसक जहाज पानी में उतारने के दौरान क्षतिग्रस्त

कोशिश

उत्तर कोरिया का दूसरा नौसैनिक विध्वंसक इस सप्ताह पानी में उतारने की असफल कोशिश करने के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया।

नई दिल्ली। उत्तर कोरिया का दूसरा नौसैनिक विध्वंसक इस सप्ताह पानी में उतारने की असफल कोशिश करने के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया। सरकारी मीडिया ने गुरुवार को यह खबर दी। जानकार इसे तानाशाह किम जोंग उन के लिए शर्मिंदगी की बात बता रहे हैं। इस वाकये के बाद किम जोंग ने दोषियों पर क्या कहा है, आइए जानते हैं। उत्तर कोरिया का दूसरा नौसैनिक विध्वंसक इस सप्ताह पानी में उतारने की असफल कोशिश करने के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया।

सरकारी मीडिया ने गुरुवार को यह खबर दी। यह किम जोंग के लिए एक झटके की तरह है, क्योंकि वह अपनी नौसेना को आधुनिक बनाने पर जोर दे रहे हैं।

उत्तर कोरिया के लिए सैन्य-संबंधी असफलताओं को स्वीकार करना सामान्य बात नहीं है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि असफल जहाज प्रक्षेपण का खुलासा यह साबित करता है किम नौसेना को बढ़ाने से जुड़े कार्यक्रम के प्रति बहुत गंभीर हैं और अंततः अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के प्रति आश्वस्त हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, बुधवार को चोंगजिन के पूर्वोत्तर बंदरगाह पर लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान, नवनिर्मित 5,000 टन वर्ग का विध्वंसक जहाज असंतुलित हो गया और उसके निचले हिस्से में छेद हो गया, क्योंकि इसके पिछले हिस्से पर लगा परिवहन क्रैडल पहले खिसक कर फंस गया था।

केसीएनए ने इस बात का विवरण नहीं दिया कि समस्या का कारण क्या था, क्षति कितनी गंभीर थी, या कोई घायल हुआ था या नहीं। केसीएनए के अनुसार, समारोह में मौजूद किम ने सैन्य अधिकारियों, वैज्ञानिकों और शिपयार्ड संचालकों को ÷गंभीर दुर्घटना और आपराधिक कृत्य के लिए दोषी ठहराया, जो पूरी तरह से लापरवाही, गैरजिम्मेदारी और अवैज्ञानिक अनुभव के कारण हुआ। किम ने जून के अंत में सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की बैठक बुलाई है ताकि उनकी गैरजिम्मेदाराना गलतियों÷ पर बात की जा सके। सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले नौसेना विशेषज्ञ मून क्यून-सिक ने कहा, यह एक शर्मनाक बात है।

लेकिन उत्तर कोरिया ने इस घटना का खुलासा इसलिए किया क्योंकि वह यह दिखाना चाहता है कि वह अपनी नौसेना के आधुनिकीकरण में तेजी ला रहा है और यह विश्वास व्यक्त करता है कि वह अंततः एक बड़ी नौसेना बना सकता है।÷

मून को संदेह है कि यह घटना संभवतः इसलिए हुई क्योंकि उत्तर कोरियाई कर्मचारी अब तक इतने बड़े युद्धपोत से परिचित नहीं थे, और इसलिए उन्होंने इसे पानी में उतारने के लिए जल्दबाजी कर दी। क्षतिग्रस्त पोत संभवतः देश के पहले विध्वंसक पोत जैसा है, जिसका अनावरण 25 अप्रैल को किया गया था।

विशेषज्ञों ने उत्तर कोरिया का अब तक का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत युद्धपोत माना है। किम ने चोई ह्योन नामक पहले पोत को- जो जापानी औपनिवेशिक काल के दौरान एक प्रसिद्ध कोरियाई गुरिल्ला लड़ाकू था- सेना की परिचालन सीमा और परमाणु हमले की क्षमताओं का विस्तार करने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बताया था।

देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत दिखे पूरे नगरवासी

ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में खेतासराय में निकला भव्य तिरंगा यात्रा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (खेतासराय) ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बाद खेतासराय कस्बे में गुरुवार को सैकड़ो लोगों के साथ शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हिंदुस्तानी सेना की गाथा अंकित तख्ती लिए हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ पूरे नगर में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में स्थानीय नागरिक, युवाओं, व्यापारी वर्ग और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए हाथों में तिरंगा लिए देश के वीर सैनिकों के प्रति गुरुवार को अपनी एकजुटता और सम्मान प्रकट किया। यह यात्रा खेतासराय के प्राचीन दुर्गा मंदिर से निकलकर पुरानी बाजार रोड होते हुए संकट मोचन मंदिर, मुख्य मार्ग होते हुए चौराहा पहुँचा।वहाँ से आगे बढ़ते हुए ओरियंटल बैंक शाखा के पास पहुँच कर सम्पन्न हो गया। खेतासराय मण्डल अध्यक्ष उपेन्द्रनाथ मिश्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में भारी संख्या में सर्व समाज के लोगों की उपस्थिति बनी रही। शौर्य यात्रा में भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी, रूपेश गुप्ता मोनू, कपूर चंद्र जायसवाल, अजय सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा,पूर्व सभासद जगदम्बा पाण्डेय, नगर उद्योग व्यापार मंडल खेतासराय के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, उषा मौर्य, गजेंद्र पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मनोज श्रीवास्तव पप्पू ,राजू बिन्द, विक्की गुप्ता, आदर्श श्रीवास्तव, आचार्य कृष्ण मुरारी मौर्य एडवोकेट, वंश श्रीवास्तव, अनूप गुप्ता, धर्मचंद्र गुप्ता मुकेश प्रजापति, भास्कर तिवारी समेत आदि लोग मौजूद रहे। यात्रा का संचालन मनीष गुप्ता ने करते हुए उपस्थित सभी जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। जुलूस के साथ सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाठक, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, राजकुमार यादव, अंबिका यादव समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहे।

प्राकृतिक खेती के लिये 6875 कृषकों का बना 55 क्लस्टर

जौनपुर। उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडे ने अवगत कराया है कि कृषि विभाग, जौनपुर गोमती नदी के किनारो के ग्रामों के कृषकों को प्राकृतिक खेती से जोड़ कर उनकी आय बढ़ाने एवं नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की तैयारी में जुट गया है। नेशनल मिशन फॉर नेचुरल फार्मिंग के लिये कृषि विभाग द्वारा खरीफ सत्र से अभियान के तहत 10 विकास खण्डों में 6875 कृषको का 55 क्लस्टर तैयार किया गया है। उन्हे प्रशिक्षण एवं संसाधन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के सफल कियान्यवन के लिये नेचुरल फार्मिंग के इनपुट के उत्पाद एवं आपूर्ति हेतु जैव इनपुट संसाधन केन्द्र (बी.आर.सी.) का चयन जिला स्तरीय गठित कमेटी द्वारा किया जायेगा। जिसके लिये इच्छुक जैव इनपुट संसाधन केन्द्र (बी.आर.सी.) अपना आवेदन दिनांक 05 जून तक उप कृषि निदेशक कार्यालय, जौनपुर को उपलब्ध कराये, ताकि जिला स्तरीय निगरानी समिति द्वारा बी.आर.सी. का चयन कराकर क्लस्टर में शामिल कृषको को प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध कराते हुये मिशन मोड में प्राकृतिक खेती का कियान्वयन कराया जा सकें।

स्कूली बस ने बालक को मारी टक्कर मौत

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। बच्चों को ले जा रही स्कूली बस ने बालक को मारी टक्कर, मौत के बाद बस में तोड़फोड़ संग लगाई आग, चक्का जाम, बच्चे बाल बाल बचे, बालक के शव को कब्जे में लिया। नाबालिग चालक फरार आजमगढ़ के सरायमीर थाना क्षेत्र के नंदाव में स्कूली बस ने 11 वर्षीय बालक को टक्कर मार दी। जिसके बाद कोहराम मच गया। लोगों ने दौड़ा कर स्कूली बस को पकड़ लिया। बस को तोड़फोड़ कर आग के हवाले कर दिया गया। बस में सवार बच्चों को नीचे उतार दिया गया था। वहीं बस के चालक को भी पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वह भाग निकला। बताया जा रहा है की बस का चालक भी नाबालिग था और बस का फिटनेस सर्टिफिकेट भी नहीं था। इकरा पब्लिक स्कूल जो कि फूलपुर के मुंडियार के पास होना बताया जा रहा है। वहां की बस बच्चों को लेने के लिए निकली थी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पुलिस फोर्स पहुंच गई थी। किसी तरह से आग पर काबू पाकर बस को थाने पर ले आया गया। मामले में तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई चल रही थी। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि सुबह 7:30 बजे घटना की सूचना मिली थी। लोगों ने बताया कि 11 वर्षीय बालक राजा यादव बाजार जा रहा था। तभी बस ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। बस को आग के हवाले कर लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया था। इसके बाद एसडीएम व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर किसी तरह जाम हटवाए और मांग पत्र लिया गया। लोग मान गए थे। लॉ एंड आर्डर की स्थिति सही है। बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कार्रवाई की जा रही है।

गन्ने के खेत में काम करते समय होमगार्ड की हृदयगति रुकने से मौत, परिवार में मचा कोहराम

जौनपुर, अवधनामा संवाददाता। बहरीपुर गांव निवासी 51 वर्षीय होमगार्ड संजय चौबे की बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से अचानक मौत हो गई। खेत में काम के दौरान हुए इस हादसे से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। संजय चौबे जलालपुर क्षेत्र में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। बुधवार को वे अपने गन्ने के खेत में गुड़ाई का कार्य कर रहे थे, तभी उन्हें सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। परिजन उन्हें तुरंत शहर के एक निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी मृत्यु हार्ट अटैक के कारण हुई। अचानक हुई इस मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और दोनों बेटियाँ गहरे सदमे में हैं। संजय चौबे का इकलौता पुत्र मुंबई में रहकर रोज़गार करता है। घटना की सूचना मिलते ही जफराबाद थानाध्यक्ष जयप्रकाश यादव मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

डिप्टी सीएम पर अभद्र टिप्पणी पर फूंका अखिलेश का पुतला

अवधनामा संवाददाता

अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन व नारेबाज़ी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर अभद्र टिप्पणी करने पर आज इलाहाबाद कचहरी मुख्यालय पर अधिवक्ता एवं भाजपा नेता अविनाश दुबे के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन किया। ग़ौरतलब है कि कुछ दिनों से अखिलेश यादव द्वारा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक पर अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं, जिसके कारण प्रयागराज में अधिवक्ताओं व आम जनमानस में काफ़ी रोष व्याप्त हो गया है। जिसके कारण लोग जगह-जगह अखिलेश यादव का पुतला दहन कर अपना विरोध जता रहे हैं। अधिवक्ता एवं भाजपा नेता संदीप मिश्र ने कहा कि जिस प्रकार से उत्तर-प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक पर जिस प्रकार से अखिलेश यादव द्वारा अभद्र एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई है ये बहुत ही निंदनीय है। संपूर्ण ब्राह्मण समाज बिलकुल इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ता अविनाश दुबे ने कहा कि अखिलेश यादव ने राजनीति में शुचिता व भाषाई मर्यादा को तार-तार करते हुए ब्राह्मण समाज के सम्मान को चुनौती देने का दुस्साहस किया है। यदि अखिलेश यादव ने माफ़ी नहीं माँगी तो संपूर्ण ब्राह्मण समाज सड़क पर उतरेगा। इस दौरान अधिवक्ता विमल तिवारी, बाबू सलाम, पूजा मिश्रा, राम सिंह यादव नैनी, रजनीश द्विवेदी, सुंदरम् त्रिपाठी, प्रशांत सिंह, अनुराग तिवारी, सुमित तिवारी, रितिस मिश्रा, प्रतीक़ शुक्ला, मृदुल मिश्रा, राहुल तिवारी, अनुपम त्रिपाठी, विनोद तिवारी डेहरन, मनीष दुबे, शरद गुप्ता, शनि आदेश शुक्ला, रामकृष्ण द्विवेदी, आर्यन सिंह, दिलीप पूरी (पूर्व वरिष्ठ कार्यकारिणी ज़िला अधिवक्ता संघ), अजय मौर्य, धीरज द्विवेदी सहित सैकड़ों अधिवक्तगण उपस्थित रहे।

रोजगार व पेयजल मेरी प्राथमिकता जमुनापार के लिए : उज्जवल रमण सिंह

प्रयागराज। प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने यमुना सतही पेयजल योजना भीटा व लोहगरा रिफाइनरी स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि जमुनापार की मुख्य समस्या पेयजल व बेरोजगारी हैं इसी को दूर करने के प्रयास में लगा हूँ। उन्होंने कहा कि यमुना सतही पेयजल योजना से जसरा और शंकरगढ़ ब्लाक के 310 गांव को पेयजल की आपूर्ति होगीं। जिससें पूरा क्षेत्र पेयजल से संतृप्ति हो जायेगा आने वाले दिनों में जहाँ अभी शंकरगढ़ में टैंकर से पानी की सप्लाई होती हैं। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि जब इस भीषण आग उगलती गर्मी में लोग अपने घरों से निकलने से परहेज कर रहे हैं वहीं सांसद उज्जवल रमण सिंह जसरा और शंकरगढ़ के पथरीले इलाके में जनता के बीच उनकी समस्या से रूबरू हो समाधान खोजने में लगें हैं। इसी क्रम में दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी से मुलाकात कर लोहगरा रिफाइनरी स्थापना में तेजी लाने का अनुरोध किया। क्योंकि यह जमुनापार ही नहीं सम्पूर्ण प्रयागराज के विकास और रोजगार के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। क्योंकि योजना लाखों करोड़ की है जिससें प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें पेट्रो केमिकल काम्प्लेक्स भी बनेगा जिससें प्लास्टिक दाने की गुजरात से निर्भरता खत्म हो जायेगी। साथ में जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पटेल, कामद प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह, श्रीकांत यादव,प्रताप सिंह, बबलू मिश्रा,अर्जुन सिंह पटेल, विजय कुशवाहा,नवनीत मिश्रा आदि लोग थें।

पीयू इलेक्ट्रॉनिक्स के विद्यार्थियों का वेरिएबल एनर्जी साइक्लोट्रॉन सेंटर में चयन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और उपलब्धि अर्जित की है। विभाग के तीन प्रतिभावान छात्र – अक्ष चौबे, अनुभवी जायसवाल और मुकुल – का चयन भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन कार्यरत प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थान वेरिएबल एनर्जी साइक्लोट्रॉन सेंटर, कोलकाता में प्रशिक्षण हेतु हुआ है। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्र उच्चस्तरीय प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा यंत्रों की कार्यप्रणाली और उन्नत सिग्नल प्रोसेसिंग जैसे तकनीकी क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। यह चयन विभाग की मजबूत शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान उन्मुख वातावरण और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। प्रशिक्षण हेतु हुए चयन का श्रेय विभागाध्यक्ष प्रो. रवि प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन को भी जाता है। साथ ही, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विक्रांत भटेजा ने तकनीकी तैयारी में विशेष भूमिका निभाई। विभाग के सभी शिक्षकों – डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. रीतेश बरनवाल, डॉ. अजय मौर्य, डॉ. विशाल यादव, डॉ. अनीश अंसारी, डॉ. पी.सी. यादव, डॉ. पारुल त्रिवेदी और सुश्री प्रीति शर्मा – ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने इस उपलब्धि को विश्व विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। विभाग के कुछ अन्य छात्रों का चयन इसरो और डीआरडीओ जैसे संस्थानों में भी हुआ है। यह सफलता भावी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को तकनीकी उत्कृष्टता का प्रतीक बनाती है।

लालगंज के झोलाछाप डॉक्टर ने खोल दिया आजमगढ़ स्वास्थ्य विभाग की पोल

अवधनामा संवाददाता

न डिग्री न डॉक्टर फिर भी होता है आपरेशन

आजमगढ़। लालगंज में 100 से अधिक झोलाछाप डॉक्टर अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। आजमगढ़ सीएमओ की मेहरबानी माने या डॉक्टरो की गुंडई, आखिर कब स्वास्थ्य विभाग की पड़ेगी इन फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों पर नजर सीएमओ साहब हाथ पैर हाथ रख बैठे हुए हैं। छेत्रिय लोगो कखन है कि सीएमओ घूसखोर है इन फर्जी डॉक्टरों से मोटी रकम वसूल कर फर्जी अस्पताल चलाने का छूट देते हैं। जहाँ लालगंज में कोई फर्जी नर्सिंग होम में लिंग की जांच प्रभु हत्या भी की जाती है पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है एक वीडियो में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा जिसमें शिवांगी हॉस्पिटल के संचालक तथाकथित डॉक्टर अखिलेश कुमार ने चौलेंज देते हुए बता रहा है। कि लालगंज से मुख्यचिकित्साधिकारी आजमगढ़ को मोटी रकम दी जाती है। आजमगढ़ सीएमओ द्वारा मोटी रकम लेकर आजमगढ़ का स्वास्थ्य विभाग योगी सरकार के मंसूबो पर पानी फेरते नजर आ रहा है। प्रदेश की योगी सरकार स्वास्थ्य विभाग पर दिन-रात काम कर रही है वहीं लालगंज के सैकड़ो झोलाछाप डॉक्टर आजमगढ़ सीएमओ को मोटी रकम देकर भोली भाली जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं एक वीडियो में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा एक वीडियो है जो जीता जागता खुद प्रमाण है। लालगंज के यह फर्जी डॉक्टर बताते हुए खुद को बयां कर रहा है। कि सीएमओ कितनी मोटी रकम लेते हैं और लालगंज में कितनी फर्जी हॉस्पिटल चलते हैं। आजमगढ़ लालगंज के झोलाछाप डॉक्टरों की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल व सीएमओ जिला अधिकारी को अनगिनत बार शिकायत भी किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। झोलाछा फर्जी डॉक्टरों से सीएमओ आजमगढ़ द्वारा एक मोटी रकम लेकर मामले को गोलमाल कर लिया जाता है जिसका जीता जागता प्रमाण लालगंज में फर्जी हॉस्पिटल है। किसी मरीज की ऑपरेशन से मौत के मामले में शाम को अस्पताल में ताला जड़ दिया जाता है। और कुछ ही समय बाद मोटी रकम वसूल कर पुनः ताले को खोल दिया जाता है। जो झोलाछाप डॉक्टर लालगंज में गरीब जनता की जीवन के साथ खिलवाड़ कर अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। योगी सरकार को बदनाम करने में आजमगढ़ लालगंज के फर्जी डॉक्टर लगे हुए हैं। आजमगढ़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी मूकदर्शक बन बैठे हुवे है।

ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित रहा करछना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

प्रधानमंत्री मोदी ने किया करछना सहित 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन

मंडल रेल प्रबंधक और विधायक ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

प्रयागराज। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए गये करछना रेलवे स्टेशन का लोकार्पण समारोह भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित रहा। बृहस्पतिवार को करछना रेलवे स्टेशन पर हुए समारोह में देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया है। स्टेशन को फूलों की मालाओं और सेना के शौर्य को दर्शाने वाले स्टैंडों से सजाया गया। यहां का मुख्य पंडाल भी तिरंगे की थीम पर रहा।

लोकार्पण समारोह मे स्वागत भाषण देते हुए डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने कहा कि करछना स्टेशन का 9.8 करोड़ की लागत से पुनर्विकास हुआ है। यह स्टेशन प्रयागराज- पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मार्ग का हिस्सा है। भविष्य में 160 किलोमीटर प्रति घंटा की गति वाली रेल सेवाओं से जुड़ेगा। स्टेशन पर तीन मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, आधुनिक स्टेशन भवन, आरामदायक यात्री प्रतीक्षालय और विशाल सर्कुलेटिंग एरिया विकसित किया गया है।

करछना अमृत रेलवे स्टेशन के उद्घाटन समारोह अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ करछना विधायक पीयूष रंजन और ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह के साथ मंडल रेल प्रबंधक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उद्घाटन समारोह में पहुंची केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश को विकसित भारत बनाने का हो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संकल्प लिया है वह अब पूरा हो रहा है। हमारी सरकार ने भारत की तस्वीर को बदलने का काम किया गया है। उत्तर प्रदेश में विकसित किए गए स्टेशनों में करछना भी शामिल है।

उन्होंने कहा 9 करोड़ खर्च करने के बाद इस स्टेशन का विकास किया गया है। यह विकसित भारत आपका है, स्टेशन आपका है। इसे सुरक्षित, संरक्षित और स्वच्छ रखना हमारा संकल्प और जिम्मेदारी है। हमारी सरकार की एक सोच है डिजिटल इंडिया का। जो पूरा हो रहा है।

इस दौरान अपना दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प पूरा होता जा रहा है। उन्होंने देश के 103 और प्रदेश के 19 अमृत सरोवर स्टेशनों को पूर्नविकसित कर बड़ा ही कार्य किया है। इस कार्य से रेलवे स्टेशनों पर आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानियां नहीं होंगी।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज का करछना अमृत सरोवर स्टेशन भी विकसित हो चुका है। यहां पर आने वाले यात्रियों को वह पूरी सुविधाएं मिलेंगी जो उन्हें मिलनी चाहिए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पटेल फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल गुरु प्रसाद मौर्य, गणेश केशरवानी, विधान परिषद सदस्य, सुरेंद्र चौधरी तमाम लोग मौजूद रहे।

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, बनकट (आजमगढ़) में 22 मई को समर कैंप का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर की। समर कैंप के पहले दिन से ही बच्चों में उत्साह और उमंग की लहर देखने को मिली। बच्चों ने जुम्बा डांस, योगा, लूडो, शतरंज, कैरम, म्यूजिक क्लासेस सहित विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर में विशेष रूप से एक आकर्षक सेल्फी पॉइंट बनाया गया, जहां बच्चों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लीं और खुशनुमा पलों को कैद किया। यह समर कैंप प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक संचालित किया जा रहा है। आगामी दिनों में कैंप के अंतर्गत अबैकस, कैलीग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट, वैदिक मैथ्स, म्यूजिक क्लासेस, डांस, लीडरशिप वर्कशॉप, स्टोरीटेलिंग, वॉटर पार्क आदि गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनके माध्यम से बच्चे न केवल मनोरंजन करेंगे बल्कि नई-नई बातें भी सीखेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, ÷यह समर कैंप न केवल शैक्षणिक विकास के अतिरिक्त आनंद का माध्यम है, बल्कि यह बच्चों को जीवन कौशल भी सिखाएगा, जो उनके भविष्य में काम आएगा।÷ बच्चों ने भी पहले दिन की गतिविधियों में भाग लेकर अत्यधिक आनंद उठाया और आने वाले दिनों के प्रति उत्साह व्यक्त किया। उन्हें ताजगी प्रदान करने के लिए रिफ्रेशमेंट वितरित किया गया।

आंधी-बारिश से मौसम बदला

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में गुरुवार भोर में मानसून ने करवट ली। सुबह करीब तीन बजे तेज बिजली की चमक और गरजते बादलों के साथ हवाएं चलीं। हवाओं की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रति घंटे रही। शहर के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई और वातावरण में ठंडक महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में आज बादल छाए रहेंगे। इससे धूप कम रहेगी। हवाएं थमने पर उमस बढ़ सकती है। शाम को फिर से तेज हवाओं की संभावना है। तेज आंधी से पेड़ गिरने और तारों के नुकसान की आशंका थी। इसलिए विद्युत विभाग ने कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रोक दी। शेरवानी लिगेसी, अल्लापुर, तेलियरगंज, सोहबतियाबाग, करेली, राजापुर, बमरौली, नेवादा, कसारी-मसारी और साउथ मलाका में बिजली गुल रही। सुबह से रात तक ट्रिपिंग की समस्या बनी रही।मौसम वैज्ञानिकों ने अगले चार दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। तापमान में और गिरावट आ सकती है। तेज हवाओं के साथ बारिश की बौछारें जारी रहेंगी। लोगों को मौसम की चेतावनियों को गंभीरता से लेने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या

पत्रांक : 116/न0पं0गो0/वर्ष-2025-26 दिनांक : 22/05/2025

नगर पंचायत गोशाईगंज में नामान्तरण के लिये निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, इन भवनो पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत है:-

क्रम सं.	भवन संख्या एवं वर्ष	पूर्व में दर्ज भवन स्वामी/ खारिज होने वाला नाम	दर्ज होने वाला नाम	नामान्तरण का आधार
		मोहल्ला कटरा		
1	824-2024	श्री राज कुमार, शिव कुमार, ध्रुप कुमार, श्रवण कुमार, बब्लू कुमार, विनीत कुमार पुत्रगण स्व0 मिश्री लाल	श्री बब्लू कुमार पुत्र स्व0 मिश्री लाल	वरासत
2	243-2024	श्रीमती इसलामुननिशां पत्नी स्व0 शफीक अहमद	श्रीमती तलीमुन निशां पत्नी श्री जहीरूल हसन अन्सारी	वसीयत
3	81-1/2-2024	श्री शफीकुल हसन व फखरूल हसन पुत्रगण हाजी मकबूल हसन 25X 66 1/2	श्रीमती जलीसा बानो पत्नी नबी हसन अन्सारी 25X66 1/2	बैनामा
4	954-2024	श्री शिव कुमार पुत्र कामता प्रसाद	श्री लल्लन प्रसाद कसौधन व श्री केदारनाथ पुत्रगण स्व0 शिव प्रसाद	वरासत
5	85-2024	श्री शेख जावेद पुत्र जैनुल आवदीन	श्रीमती अख्तरूल निशां पत्नी जमालुददीन	बैनामा
6	85-2024	श्रीमती अख्तरूल निशां पत्नी जमालुददीन	श्रीमती रूखशाना पत्नी मोहर्रम अली	बैनामा
7	81-1/2-2024	श्री शफीकुल हसन व फखरूल हसन पुत्रगण हाजी मकबुल हसन 25X66 1/2	श्रीमती शहनाज बानो पत्नी मो0 जाबिर 25X66 1/2	बैनामा
8	गाटा सं. 1140/1	श्री जहीर हसन पुत्र नुरुल हसन	श्रमती किस्मतिन्नसा पत्नी श्री इबने हसन	नक्सा
9	गाटा सं. 1156	श्री पंकज सिंह पुत्र स्व0 सरदार सिंह	श्रीमती जरीना पत्नी शकील अहमद	नक्सा
		मोहल्ला गोशाईगंज		
10	336-2024	श्री साधू पुत्र राम अधार	श्री घनश्याम पुत्र साधू	वरासत
11	148-2024	श्री अब्दुल हसीब पुत्र कमरूददीन	श्री मो0 रफीक आदि पुत्रगण अब्दुल हसीब	वरासत
12	147-2024	श्री अब्दुल हसीब पुत्र कमरूददीन	श्री मो0 रफीक आदि पुत्रगण अब्दुल हसीब	वरासत
13	35 व 36-2024	श्री राधेश्याम पुत्र राम बरन व श्रीमती उर्मिला गुप्ता पत्नी शिव कुमार व विकास गुप्ता पुत्र स्व0 शिव कुमार	श्रीमती सुनिता देवी पत्नी अनिल कुमार	बैनामा

लिपिक
नगर पंचायत गोशाईगंज
अयोध्या

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोशाईगंज
अयोध्या

उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस संख्या – 51255336 दिनांक: 22.05.2025

इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	51255336	Supply, Installation and Commissioning of Pressurized Flushing System for all LHB Coaches as per Specification MMDTS-19027 Rev.3.	400 Set	20.06.2025

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 1507/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा नोटिस

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा संख्या **145-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS** की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि **20.06.2025** समय **(11:30 बजे)** दो पैकेट प्रणाली के तहत **'ई–टेंडर'** आमंत्रित किया जाता है।

NIT. संख्या	145-Dy.CEEC-LKO-2025-26 दिनांक 22.05.2025				
निविदा संख्या	145-Dy.CEEC-LKO-2025-26				
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के काशी यार्ड रीमॉडलिंग चरण–II और काशी–वाराणसी सेक्शन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में मौजूदा ओएचई के संशोधन सहित 50 हर्ट्ज, 2x25 केवी ओएचई के डिजाइन, आपूर्ति निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, साथ ही वाराणसी–पंडित दीन दयाल उपाध्याय सेक्शन में काशी स्टेशन पर 2x25 वेदी Sub-Sectioning और Paralleling Post का प्रावधान।				
निविदा प्रपत्र लागत	कुछ नहीं	लगभग निविदा मूल्य	₹14,33,71,400.48 (रुपए चौदह करोड़ तैंतीस लाख इकहत्तर हजार चार सौ और अड़तालीस पैसे मात्र)		
बोली सुरक्षा/ अग्रिम राशि (EMD)	₹ 8,66,900/-	समापन की अवधि	18 (अठारह) माह	ऑफर की वैधता	90 दिन
IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक	22.05.2025	जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/ परिशिष्ट/ संशोधित तिथि नोट कर सकता है		06.06.2025	
निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय	20.06.2025 (11.30 बजे)	पात्रता मापदंड	निविदा दस्तावेज के अनुसार		

ध्यान दें: (i) ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। (ii) सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्टटेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"

No. 145-Dy.CEEC-LKO-2025-26 दिनांक 22.05.2025 1506/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	ई निविदा सूचना संख्या	टीआरडी–08–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–25
2	कार्य का नाम	105 वर्ग मिमी कॉपर जम्पर को 160 वर्ग मिमि कॉपर जम्पर में परिवर्तित करके ओएचई का वृद्धि, लखनऊ/एनआर डिवीजन में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिवाइस का प्रावधान।
3	अनुमानित लागत	रु0 2,47,96,253.88
4	बयाना राशि	रु0 2,74,000.00/–

UN ग्लोबल रोड सेफ्टी वीक के तहत लखनऊ में वॉकथॉन

रोड सेफ्टी नेटवर्क ने कंज़्यूमर VOICE और कंज़्यूमर गिल्ड के साथ मिलकर उठाई सुरक्षित सड़कों की मांग

लखनऊ। चल रहे ह्र ग्लोबल रोड सेफ्टी वीक के तहत, रोड सेफ्टी नेटवर्क ने अपने प्रमुख सहयोगी कंज़्यूमर VOICE और कंज़्यूमर गिल्ड के साथ मिलकर लखनऊ में एक वॉकथॉन का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य गति नियंत्रण (स्पीड मैनेजमेंट) और पैदल यात्रियों व साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित आधारभूत संरचना की आवश्यकता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस कार्यक्रम में गौतम बुद्ध पब्लिक इंटर कॉलेज, लखनऊ के छात्र-छात्राएं समुदाय के साथ-साथ यातायात पुलिस के अधिकारी श्री देवेंश शाही, ट्रैफिक इंस्पेक्टर/प्रभारी और अन्य विभागीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती पी. शुक्ला, रोड सेफ्टी ट्रेनर सैयद अहित्शाम, सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रतिनिधि, कॉलेज स्टाफ, और सैकड़ों छात्र एवं सड़क सुरक्षा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

"Make Walking & Cycling Safe" (पैदल चलना और साइकिल चलाना सुरक्षित बनाएं) की इस वर्ष की वैश्विक थीम के तहत, यह वॉकथॉन गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज से शुरू होकर बिजनौर रोड तक आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने प्लाकार्ड्स और नारे के माध्यम से सुरक्षित सड़कों, वैज्ञानिक गति सीमाएं, और मजबूत सड़क सुरक्षा नीतियों की मांग की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को एक स्मारक पत्र भी सौंपा गया, जिसमें सड़क सुरक्षा अवसंरचना और प्रवर्तन में तात्कालिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। यह वॉकथॉन उत्तर प्रदेश सरकार से व्यापक गति प्रबंधन दिशानिर्देशों को अपनाने और एक सुदृढ़ राज्य सड़क सुरक्षा कार्य योजना लागू करने का आह्वान था। वर्ष 2024 में ही राज्य में 46,052 सड़क हादसे, 24,118 मौतें, और 34,665 घायल (स्रोत अनुसार) हुए हैं, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि नीति में त्वरित बदलाव अब विकल्प नहीं, आवश्यकता है। लखनऊ ज़िला लगातार राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, जो तात्कालिक सुधार की मांग करता है। कंज़्यूमर VOICE के CEO, असीम सान्याल ने आयोजन की ओर से बोलते हुए कहा, पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों की सुरक्षा को शहरी गतिशीलता की योजना में केंद्रीय स्थान मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश को अब निर्णायक कदम उठाने होंगे–स्मार्ट स्पीड लिमिट अपनाकर और सुरक्षित इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश करके–ताकि नागरिकों की जान बचाई जा सके और राज्य अपनी रोड सेफ्टी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर सके।

मांग

प्रतिभागियों ने प्लाकार्ड्स और नारे के माध्यम से सुरक्षित सड़कों, वैज्ञानिक गति सीमाएं, और मजबूत सड़क सुरक्षा नीतियों की मांग की।

कंज़्यूमर गिल्ड के चेयरपर्सन, अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा, "IIT खड़गपुर द्वारा विकसित वैज्ञानिक गति प्रबंधन ढांचे को लागू करने की तत्काल आवश्यकता है। यदि इन्हें एक ठोस राज्य सड़क सुरक्षा कार्य योजना के साथ जोड़ा जाए, तो हर साल हजारों जानें और गंभीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इस पहल के माध्यम से, रोड सेफ्टी नेटवर्क और उसके सहयोगी युवा नागरिकों की आवाज़ को मजबूत करना, ज़मीनी स्तर पर भागीदारी को प्रोत्साहित करना, और राज्य में एक सुरक्षित, समावेशी गतिशीलता प्रणाली की दिशा में नीति-आधारित बदलाव की वकालत करना चाहते हैं। यह वॉकथॉन एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का हिस्सा है जो आंकड़ों पर आधारित और लागू करने योग्य सड़क सुरक्षा नीतियों की मांग करता है।

फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के साथ गठजोड़ किया

भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के साथ मिलकर अपनी फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि पहल के तहत वाराणसी, उत्तर प्रदेश में एफपीओ के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। आयोजन का उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को क्वालिटी स्टैंडर्ड, सोर्सिंग प्रोसेस और डिजिटल इंटीग्रेशन से जुड़ी इनसाइट्स के माध्यम से सशक्त करना था, जिससे सतत कारोबारी विकास एवं राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच को सुगम बनाया जा सके। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक कृषि श्री शैलेन्द्र सिंह, उप निदेशक कृषि अमित जायसवाल, राष्ट्रीय बीज निगम से श्री योगेन्द्र यादव, नबकिसान से श्री राज शेखर तथा कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय से राज्य कृषि मार्केटिंग इंस्पेक्टर श्री आशीष सिंह उपस्थित थे।

इस गठजोड़ को लेकर चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, फ्लिपकार्ट में हमारा मानना है कि ग्रामीण कृषि व्यवसायों को डिजिटल कॉमर्स से जोड़ने से समावेशी एवं सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। राज्य के कृषि विभाग के साथ साझेदारी के माध्यम से हम एफपीओ को व्यावहारिक जानकारियों और सोर्सिंग एक्सेस के साथ सशक्त बना रहे हैं, जो उन्हें डिजिटल मार्केट में आगे बढ़ने और सही मायनों में ग्रामीण आजीविका को बदलने में सक्षम बनाता है। हम कृषि विभाग, राष्ट्रीय बीज निगम, नबकिसान और कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के सभी सम्मानित प्रतिनिधियों और अधिकारियों को धन्यवाद देना चाहते हैं, जिनके समर्थन और सहयोग ने इस पहल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यशाला में वाराणसी, गोरखपुर और बहराइच के विभिन्न एफपीओ साथ आए। यहां उन्हें फ्लिपकार्ट के ग्रॉसरी बिजनेस लीडर्स और क्वालिटी एश्योरेंस टीम के लोगों से बात करने का मौका मिला। इस दौरान चर्चा फ्लिपकार्ट की प्राइवेट लेबल गॉसरी की सोर्सिंग संबंधी जरूरतों, जीएसटी एवं एफएसएसएआई लाइसेंसिंग समेत अनुपालन से संबंधित आवश्यकताओं और उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप ढालने जैसे विषयों पर केंद्रित रही। इस पहल को एफपीओ के बीच ई-कॉमर्स साझेदारी के लिए जरूरी एग्रीगेशन, पैकेजिंग एवं अन्य गुणवत्ता संबंधी मानकों के बारे में जागरूकता लाने पर भी केंद्रित किया गया। यह पहल ई-कॉमर्स के माध्यम से नए अवसर सृजित करते हुए किसानों और कृषि कारोबारियों को समर्थन प्रदान करने के व्यापक लक्ष्य का हिस्सा है।

मोटर इंश्योरेंस में रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन की लोकप्रियता बढ़ी

वाराणसी। किसी भी वाहन चालक के लिए वाहन को चलाते समय सुरक्षा और आराम उनकी पहली प्राथमिकता होती है। रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन, किसी भी टू-व्हीलर या कार की इंश्योरेंस पॉलिसी के साथ लेना महत्वपूर्ण है। रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन पूरे देश में वाहन मालिकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह इमरजेंसी के दौरान तुरंत सहायता प्रदान करता है, जिसमें समय पर मरम्मत, टोइंग, इमरजेंसी की स्थिति में फ्यूल की डिलीवरी कराना या फ्लैट टायर होने पर मिलने वाली मदद शामिल हो सकती है।मानस कपूर, हेड-टू-व्हीलर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने बताया सुपर और क्रूजर बाइक के मालिकों सहित सीसी मोटरसाइकिल मालिकों ने भी कॉम्प्रिहेंसिव RSA पैकेज चुनने की ओर अधिक प्राथमिकता दिखाई है। जैसे-जैसे उपभोक्ता अधिक शिक्षित होते जा रहे हैं, वे न केवल किफायती RSA विकल्पों की तलाश कर रहे हैं, बल्कि अपनी ज़रूरतों के हिसाब से डिज़ाइन की गई अतिरिक्त सर्विस की भी तलाश कर रहे हैं। अब, RSA को थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी पॉलिसियों के साथ भी लिया जा सकता है। हालांकि, यह लाभ वर्तमान में बहुत कम बीमाकर्ताओं तक ही सीमित है। इसके अलावा नशे में गाड़ी चलाने, वाहन के अनधिकृत उपयोग या घटना का खुलासा न करने के कारण होने वाली खराबी के लिए इसके अंतर्गत कवरेज नहीं मिलता है।

इंडस्ट्री लेवल पर RSA भुगतान किए गए प्रीमियम और प्राप्त मूल्य के बीच के अंतर को भरने की दिशा में काम कर रहा है, खासकर टू-व्हीलर्स के लिए जिसमे घटना के क्लेम कम हैं।

भारत की जीवन बीमा कंपनियों ने अप्रैल 2025 में दर्ज किए रिकॉर्ड कारोबार के आंकड़े

लखनऊ। लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल ने अप्रैल 2025 के लिए अपडेटेड कारोबार आंकड़े जारी किए हैं, जो नए वित्त वर्ष की शुरुआत को दर्शाते हैं। प्रमुख बिंदुओं में यह सामने आया कि भारतीय जीवन बीमा कंपनियों द्वारा अंडरराइट किया गया नया बिजनेस प्रीमियम (एनबीपी) अप्रैल 2025 में साल-दर-साल 8.43% की मजबूती के साथ बढ़कर 21,965.73 करोड़ पहुंच गया, जबकि यह अप्रैल 2024 में 20,258.86 करोड़ था।

काउंसिल के अनुसार, व्यक्तिगत सिंगल प्रीमियम अप्रैल 2025 में 4.47% की सालाना वृद्धि के साथ 2,690.47 करोड़ तक पहुंच गया, जबकि व्यक्तिगत नॉन-सिंगल प्रीमियम 5,234.34 करोड़ रहा, जो पिछले साल की तुलना में लगभग स्थिर रहा। इस प्रदर्शन का श्रेय जीवन बीमा कंपनियों द्वारा नए ग्राहकों को पहली बार बीमा लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर दिए गए विशेष ध्यान को जाता है, जिससे अप्रैल 2025 में संयुक्त व्यक्तिगत प्रीमियम संग्रह में 1.30% की बढ़त दर्ज की गई।

टाटा एआईए ने वित्त वर्ष 25 के लिए 1,842 करोड़ का बोनस घोषित किया

मुंबई। भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपनी सहभागी योजनाओं में 1,842 करोड़ के रिकॉर्ड बोनस भुगतान की घोषणा की है। 8.15 लाख से अधिक पॉलिसियों को इसका लाभ मिलेगा। इस वर्ष का भुगतान पिछले वर्ष के ?1,465 करोड़ के बोनस से 26% अधिक है, यह कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक बोनस है। अन्य सहभागी योजनाओं के अलावा, डायमंड सेविंग्स प्लान, स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान, वैल्यू इनकम प्लान और शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान जैसी प्रमुख सहभागी योजनाओं के लिए बोनस घोषित किया गया है। सहभागी बीमा योजनाओं को पार योजनाएं भी कहा जाता है, यह वो जीवन बीमा पॉलिसियां हैं जो बोनस या लाभांश के रूप में पॉलिसीधारकों के साथ लाभ साझा करती हैं। ये बोनस गारंटीड नहीं होते हैं, लेकिन आम तौर पर इन्हें सालाना घोषित किया जाता है, जो बीमाकर्ता के सहभागी (या लाभ के साथ) फंड के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।

फिक्सर वापस आ गया है और इस बार मामला है पर्सनल

कानपुर। हैदराबाद के मशहूर प्रसाद सिनेमा में आज एक खास सेलेब्रेशन देखने को मिला, जहां फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके की मेज़बानी की सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने, जिनके साथ मौजूद थे वर्सेटाइल और डायनैमिक अभिनेता अर्जुन रामपाल। ये इवेंट नेटफ्लिक्स की जबरदस्त सीरीज़ 'राणा नायडू' के दूसरे सीज़न की वापसी का सेलेब्रेशन था। दोनों सितारों ने बड़े ही शानदार अंदाज़ में ग्रैंड एंट्री ली और राणा नायडू सीज़न 2 का एक विशाल पोस्टर अनावरण किया, जिससे आने वाले धमाके की झलक मिल गई। राणा नायडू सीज़न 2 का प्रीमियर 13 जून को नेटफ्लिक्स पर इस मौके पर फैंस को सीज़न 2 की पहली झलक भी दिखाई गई, जिससे शो को लेकर एक्सक्साइटमेंट और भी बढ़ गयी। अभिनेता राणा दग्गुबाती ने कहा, सीज़न 2 यह वाकई धमाकेदार है। यह पहले से बहुत विशाल है, और बहुत ज़्यादा पर्सनल भी है। नेटफ्लिक्स और पूरी राणा नायडू टीम के साथ दोबारा काम करना बहुत मज़ेदार रहा। हमने चीजों को और गहराई से दिखाया, और ज्यादा पेचीदा बनाया। हर स्तर पर दांव बढ़ा दिए हैं। ये वही सब कुछ है जो दर्शकों को पसंद आया था बस और भी बड़े धमाके के साथ। पहले सीज़न को दर्शकों और फैंस से बहुत प्यार मिला, मुझे खुशी है कि आज हम ये एक्सक्लूसिव फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा कर पाए। अर्जुन का आज मेरे साथ होना खास है और मेरे लिए बहुत मायने रखता है। शो में भले ही राणा और रऊफ (अर्जुन रामपाल का किरदार) आमने-सामने हैं, लेकिन यहां हैदराबाद में मैं एकदम परफेक्ट होस्ट बनने की कोशिश कर रहा हूं। अर्जुन रामपाल ने कहा,÷रऊफ के किरदार को निभाना आसान नहीं था, लेकिन करन अंशुमन की लगन और मेहनत से यह मुमकिन हो पाया। उन्होंने इस किरदार में जिस हल्के फूल्के अंदाज़ में गढ़ा है उससे यह एक बेहतरीन और दिलचस्प कैरेक्टर बन गया, जिसे निभाने में मुझे बहुत मज़ा आया। रऊफ बिलकुल भी नहीं डरता। इस सीज़न में राणा नायडू की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं, रऊफ ने पूरा इंतजाम कर रखा है! यह तो बस मेरा किरदार है, लेकिन निजी तौर पर मेरी राणा के साथ शूटिंग के दौरान अच्छी दोस्ती हो गई है। उनके साथ काम करना वाकई शानदार अनुभव रहा।

गोदरेज प्रोफेशनल ने लखनऊ में 200+ हेयर स्टाइलिस्ट्स को नई सरीअल कलेक्शन के साथ प्रशिक्षित किया

लखनऊ। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रोफेशनल हेयर ब्रांड, गोदरेज प्रोफेशनल ने अपनी नवीनतम हेयर कलर कलेक्शन, द सरीअल कलेक्शन, और स्ट्रेट स्मूथ को लॉन्च किया, जो अब लखनऊ और उत्तर प्रदेश के प्रमुख सैलूनों में उपलब्ध है। इस अवसर पर, गोदरेज प्रोफेशनल ने एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें लखनऊ और उत्तर प्रदेश के 200 से अधिक सैलून और स्टाइलिस्ट एक साथ नजर आए। इसमें एडवांस हेयर कलरिंग तकनीकों पर केंद्रित इंटरेक्टिव ट्रेनिंग सेशन्स आयोजित किए गए, और दिन का समापन हुआ एक भव्य हेयर शो के साथ, जिसमें सरीअल कलेक्शन की झलकियां प्रस्तुत की गईं। ग्लैमर का तड़का लगाते हुए, इस शो की शोभा बढ़ाई लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी दहिया ने, जिन्होंने इस कलेक्शन का एक सिग्नेचर लुक को प्रदर्शित किया। गोदरेज प्रोफेशनल के बिजनेस हेड अभिनव ग्रांधी ने कहा,

दशकों से, गोदरेज भारत के हेयर कलर मार्केट में अग्रणी रहा है, खुदरा क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति स्थापित करते हुए और उद्योग में क्रांति लाते हुए। इसी विशेषज्ञता के आधार पर हमने कुछ वर्ष पहले गोदरेज प्रोफेशनल की शुरुआत की, ताकि हेयर स्टाइलिस्ट्स को सशक्त बनाया जा सके और सैलून को नवाचार और रचनात्मकता के केंद्र में बदला जा सके। अभिनव ने आगे कहा, आज के हेयरस्टाइलिस्ट्स सैलून इंडस्ट्री के असली इन्फ्लुएंसर हैं। उनकी कला और कौशल ही ग्राहक की संतुष्टि और सेवा की गुणवत्ता तय करती है। इसलिए, पिछले कुछ वर्षों में गोदरेज प्रोफेशनल ने देशभर में हजारों सैलून को ट्रेनिंग दी है। 2025 में हम इस पहल को राष्ट्रीय स्तर पर ले जा रहे हैं, जिसमें 11 शहरों के 3000+ सैलून को जोड़ने की योजना है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के हेयरस्टाइलिस्ट्स के लिए लखनऊ में यह ट्रेनिंग और हेयर शो आयोजित किया गया है। स्टाइलिस्ट्स को सफलता के लिए आवश्यक उपकरण और तकनीक प्रदान करके, हम भारत में हेयर स्टाइलिंग के भविष्य को आकार देने में उनकी मदद कर रहे हैं।

सरेरियल कलेक्शन भारत का पहला हेयर कलर रेंज है, जो दुनिया के सबसे आश्चर्यजनक प्राकृतिक आश्चर्यों से प्रेरित है। गोदरेज प्रोफेशनल के नेशनल टेक्निकल हेड, शैलेश मूल्या; क्रिएटिव डायरेक्टर, यियानी त्सापातोरी, और टेक्निकल एम्बेसडर, नजीब-उर-रहमान द्वारा क्यूरेट किया गया ह। यह नवीन रेंज प्रकृति के रंग पैलेट को चार विशिष्ट लुक्स के साथ जीवंत करती है मॉफी मार्वल (गीजा के पिरामिड के मोचा और कॉफी टोन), टेंजरीन ड्रीम (एंटीलोप कैन्यन के कॉपर-गोल्ड रंग), रोजलेट ब्लिस (सेरानिया डे हॉर्नोकल के गुलाब और बैंगनी रंग), और मूनलिट मिस्ट (चांदनी रातों के सिल्वर-ऐश टोन) का लुक्स शामिल है।

ऊषा उथुप की आवाज में जेनएस लाईफ का गान 'कहानी अभी बाकी है' वृद्धावस्था को परिभाषित कर रहा है

मुंबई। 60 साल के बाद के जीवन के लिए समर्पित उद्देश्य पर केंद्रित जेनएस लाईफ ने अपना नया गान, कहानी अभी बाकी है रिलीज़ किया है। यह गीत विभिन्न पीढ़ियों के बीच गुंजायमान हो रहा है। यह केवल एक गीत नहीं है, बल्कि यह महान कलाकार ऊषा उथुप की आवाज में भावनाओं को जगाते हुए उन लोगों की कहानियों को गौरवान्वित कर रहा है, जिनकी ऊर्जा और व्यक्तित्व उम्र के मायने बदल रहे हैं। जेनएस लाईफ संगीत, गतिविधि और जीवंत अनुभवों के माध्यम से उस पीढ़ी को सम्मानित कर रहा है, जो लगातार प्रेरणा देते हुए विकास की ओर बढ़ती और पनपती है। स्टोरीटैलिंग के साथ धुनों और जीवंत अनुभवों को आत्मसात करते हुए यह गीत, कहानी अभी बाकी है उन वरिष्ठ नागरिकों के सार को समाहित करता है, जो उद्देश्य के साथ साहसी जीवन व्यतीत करते हैं। इस पहल में मुख्य भूमिका मीनाक्षी मेनन, संस्थापिका, जेनएस लाईफ ने निभाई है, जो 'कहानी अभी बाकी है' के साथ उन लोगों की आवाज बुलंद करना चाहती हैं, जो सांस्कृतिक कहानियों में अक्सर पीछे छूट जाते हैं। उन्होंने कहा, ''इस गीत में हम न केवल शब्दों और दृश्यों के माध्यम से, बल्कि उन लोगों के माध्यम से एक साहसी कथन पेश करना चाहते थे, जो इसके संदेश को आत्मसात करते हैं। इस वीडियो में दिखाए गए हर व्यक्ति की एक शक्तिशाली कहानी है। 'कहानी अभी बाकी है' में इन कहानियों को शामिल किया गया है, जो हमें स्मरण कराती हैं कि 60 साल के बाद का जीवन सामर्थ्य, उद्देश्य और आनंद का सफर होता है।'' इस गीत के लिए मशहूर कंपोज़र और प्रोड्यूसर, शमीर टंडन ने संगीत दिया है। उन्होंने यादों को नई व समकालीन ध्वनि के साथ पेश किया है। उन्होंने कहा, ''हमारे लिए एक ऐसी ध्वनि का निर्माण करना आवश्यक था, जो अपने जीवन की दूसरी पारी जी रहे लोगों की गरिमा और समृद्धि को गर्व के साथ पेश करे। इस गीत के लिए मुझे ऐसा संगीत कंपोज़ करने का दुर्लभ अवसर मिला, जो प्रामाणिकता पर आधारित हो।

रेज़रपे ने एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब के साथ की साझेदारी

लखनऊ। भारत के स्टार्टअप सिस्टम को समर्थन प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ कारोबारों के लिए भारत के अग्रणी फुल-स्टैक पेमेंट्स एवं बिज़नेस बैंकिंग प्लेटफॉर्म रेज़रपे ने इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्रालय की पहल एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब (एमएसएच) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत रेज़रपे और एमएसएच एक साथ मिलकर डीप टेक एवं उभरते टेक स्टार्ट-अप्स को आधुनिक फिनटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर, मार्गदर्शन, प्रोडक्ट क्रेडिट और इनोवेशन-उन्मुख इकोसिस्टम उपलब्ध कराएंगे।इस साझेदारी पर बात करते हुए आरिफ़ खान, चीफ़ इनोवेशन ऑफिसर, रेज़रपे ने कहा, ''ज़्यादातर बदलावकारी आइडियाज़ ऐसे स्थानों से आते हैं, जहां से उम्मीद नहीं होती। जहां अकेला संस्थापक समस्या का समाधान करता है। लेकिन आइडिया को बिज़नेस में बदलने के लिए जुनून से बढ़कर बहुत कुछ चाहिए; इसके लिए सही इन्फ्रास्ट्रक्चर और अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन और सपोर्ट की ज़रूरत होती है। अगर हम अगले बिलियन का निर्माण करना चाहते हैं तो हमें अगले मिलियन बिल्डर्स को सशक्त बनाना होगा। एमएसएच के साथ यह साझेदारी कुछ ऐसा ही कर रही है। यह शुरूआती अवस्था के संस्थापकों को ज़रूरी टूल्स, मार्गदर्शन एवं आत्मविश्वास प्रदान करती है। आप सुबह 2 बजे वायरफ्रेम स्कैच करने का सपना देखते हैं या कांपती आवाज़ एवं मजबूत दृष्टिकोण के साथ काम करते हैं, हम हर कदम पर आपके साथ हैं।''इसके अलावा यह साझेदारी एमएसएच-से जुड़े स्टार्टअप्स को उद्यमियों के नॉलेज सैशन्स से जुड़ने का मौका भी देगी, जो उन्हें कारोबार में आने वाली वास्तविक चुनौतियों को हल करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इन सत्रों में अनुभवी उद्यमियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों द्वारा व्यवहारिक एवं प्रभावी विषयों जैसे मार्केटिंग, अकाउन्टिंग और प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट आदि को कवर किया जाएगा।

बायोटेक्नोलॉजी और जीन एडिटिंग से टिकाऊ खेती को मिलेगा बढ़ावा

अयोध्या। उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर ज़ोर देते हुए, टेक्नोलॉजी को कृषि विकास का मुख्य इंजन बताया गया। अचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयमें हुए राज्यस्तरीय वर्कशॉप 'फसल सुधार के लिए बायोटेक्नोलॉजी का उपयोग' में मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. के. वी. राजू ने कहा कि अब समय है जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी के सहारे हम कृषि में अगली क्रांति लाएं।डॉ. राजू ने कहा, पिछले आठ सालों में उत्तर प्रदेश ने जबरदस्त तरक्की की है। राज्य की जीडीपी अब करीब 30 लाख करोड़ तक पहुँच गई है, और यह 14त्न की दर से बढ़ रही है। इसमें कृषि एक बड़ी भूमिका निभा रही है। लेकिन चावल और गेहूं जैसी फसलों की उत्पादकता में रुकावट चिंता का विषय है। अब पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर को मिलकर वैज्ञानिक समाधान देने होंगे। फ़एसआईआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राघवन संपतकुमार ने कहा, ÷अब और देरी नहीं की जा सकती। हमें ऐसे टेक्नोलॉजीज़ अपनाने होंगे जो क्लाइमेट चेंज के असर को कम कर सकें।÷ उन्होंने कहा कि बात सिर्फ प्रोडक्शन की नहीं है, बल्कि सस्टेनेबिलिटी की है। प्रिसिशन बायोटेक्नोलॉजी टूल्स से इनपुट का बेहतर उपयोग किया जा सकता है और इससे किसानों की आजीविका भी मजबूत होगी। यह वर्कशॉप बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड (बीसीआईएल) द्वारा ANDUAT के सहयोग से और फेडरेशन ऑफ़ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (फ़एसआईआई) के समर्थन से आयोजित किया गया। यह उत्तर प्रदेश की पहली आधिकारिक पहल थी जिसमें कृषि में बायोटेक्नोलॉजी के उपयोग पर फोकस किया गया।

इन्फोसिस फाउंडेशन ने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण की घोषणा की

इन्फोसिस की परोपकारी कार्य करने वाली और सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने अपने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण को लॉन्च करने का एलान किया है। भारत में सोशल इनोवेशन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इन्फोसिस फाउंडेशन ने इस अवार्ड में हिस्सा लेने के लिए देशभर से इनोवेटर्स एवं सामाजिक उद्यमियों को आमंत्रित किया है। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड 2025 का उद्देश्य व्यक्तिगत स्तर पर ऐसे लोगों को, टीमों को, एनजीओ को और सामाजिक उद्यमियों को चिह्नित एवं पुरस्कृत करना है, जो टेक्नोलॉजी आधारित ऐसे अनूठे समाधान विकसित कर रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर देश के वंचित समुदायों पर उल्लेखनीय प्रभाव डालने में सक्षम हैं। इन्फोसिस फाउंडेशन ने प्रत्येक विजेता को 50 लाख रुपये तक देने की घोषणा की है। पुरस्कार की कुल राशि 2 करोड़ रुपये होगी।

इन्फोसिस फाउंडेशन के ट्रस्टी सुमित विरमानी ने कहा, 'इन्फोसिस फाउंडेशन में हम वास्तविक जीवन की चुनौतियों को दूर करने और समुदायों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में इनोवेशन की ताकत में विश्वास करते हैं। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के माध्यम से हम ऐसे परिवर्तनकारी लोगों को पहचानने और उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी समाधान विकसित कर रहे हैं। हम देशभर के सोशल इनोवेटर्स को आगे आने, अपने विचारों को साझा करने और एक प्रभावी बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। चौथे संस्करण के साथ हमारा उद्देश्य सभी के लिए अवसर सृजित करने की दिशा में लोगों की क्षमताओं को बढ़ाने के अपने लक्ष्य को गति देना है।'

टेक्नो 29 मई को कर रहा है पोवा का लॉन्च

स्मार्ट कनेक्टिविटी और एआई के साथ मिलेगा फ्यूचरिस्टिक डिज़ाईन

लखनऊ। टेकप्रेमियों और डिजिटल नेटिव्स का दिल जीतने वाली टेक्नो की डायनामिक सीरीज़, पोवा का अगला स्मार्टफोन एक बार फिर मानकों को और अधिक बढ़ाने वाला है। स्पेस की थीम वाले टीज़र्स पेश करके काफी उत्सुकता जगाने के बाद टेक्नो 29 मई, 2025 को पोवा कर्व 5जी पेश करना वाला है, जो स्मार्टफोन की क्षमताओं और मानकों को बदल देगा। पोवा ने कभी भीड़ का अनुसरण नहीं किया और पोवा कर्व 5जी ने यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। स्पेस की थीम वाले टीज़र्स से काफी उत्सुकता पैदा करने के बाद टेक्नो एक ऐसा डिज़ाईन पेश कर रहा है, जो सबसे खास है। स्टारशिप्स के प्रारूप और कर्व्ड डिस्प्ले से प्रेरित पोवा कर्व 5जी फ्यूचरिस्टिक फ्रेम में खूबसूरती और व्यवहारिक आराम का बेहतरीन मिश्रण पेश कर रहा है। पोवा सीरीज़ की विरासत पर निर्मित पोवा कर्व 5जी ने एक फ्यूचरिस्टिक बैक पैनल डिज़ाईन पेश किया है, जिसने इस श्रेणी में स्मार्टफोन के लुक और एहसास को बदल दिया है। स्टारशिप्स के एयरोडायनामिक डिज़ाईन से प्रेरित यह बैक पैनल एक स्लिम, कर्व्ड फ्रेम में है, जो कम्फर्ट और स्टाईल, दोनों के लिए बना है। इसलिए यह बाजार में एक सी दिखने वाली डिवाईसेस में सबसे खास दिखाई देता है। पोवा कर्व 5जी का केवल डिज़ाईन ही खास नहीं है। यह एक इरादे के साथ बनाया गया है। यह टेक्नो की 3बी फिलॉसफी - बेस्ट डिज़ाईन, बेस्ट सिग्नल और बेस्ट एआई प्रदर्शित करता है। इस ऑल-इन-वन दृष्टिकोण द्वारा वास्तविक रूप से बेहतरीन दैनिक परफॉर्मेंस प्राप्त होती है। यह उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो चाहते हैं कि उनका स्मार्टफोन उतनी ही मेहनत से काम करे, जितना वो करते हैं।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक का मजबूत प्रदर्शन जारी, 2,709 करोड़ का राजस्व दर्ज किया

लखनऊ। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के परिणाम जारी किए। इस साल बैंक को 47.5% की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 2,709 करोड़ का राजस्व मिला। कंपनी का शुद्ध लाभ 81.4% बढ़कर 63 करोड़ हो गया। ईबीआईटीडीए 64% साल-दर-साल बढ़कर 299 करोड़ दर्ज हुआ। कस्टमर बैलेंस 30.6% की वृद्धि के साथ 3,659 करोड़ हो गया। सकल व्यापारिक मूल्य 3,808 बिलियन रहा। आज एयरटेल पेमेंट्स बैंक यूज़र बेस के आधार पर देश का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल बैंक है।वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के अंत में राजस्व पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 34.7% बढ़कर 726 करोड़ रहा। लाभ 138% की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 26 करोड़ दर्ज हुआ। पिछले चार सालों में, बैंक ने राजस्व में 44% का मजबूत सीएजीआर प्रदान किया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ, अनुब्रत बिस्वास ने कहा, इस साल दर्ज हुई मजबूत वृद्धि ने हमारे व्यवसाय का विस्तार और इसमें ग्राहकों का अटूट विश्वास प्रदर्शित किया है। हमारे सेफ सेकंड अकाउंट की पेशकश को लोगों ने तेजी से अपनाया है, जिससे डिजिटल भुगतान के लिए एक सुरक्षित वैकल्पिक बैंक खाते की बढ़ती जरूरत प्रदर्शित होती है।

पोकर एक माइंड स्पोर्ट

यूपी के ओंकार नाथ ने द मनीमेकर टूर्नामेंट में जीत हासिल कर 15 लाख रुपये का इनाम जीता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले से ताल्लुक रखने वाले 30 वर्षीय सॉफ्टवेयर डेवलपर ओंकार ना

विद्युत कर्मियों की प्रस्तावित हड़ताल के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की व्यापक कार्ययोजना तैयार

देवरिया अवधनामा संवाददाता। आगामी 29 मई से विद्युत विभाग के कुछ संगठनों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल को दृष्टिगत रखते हुए, आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने हेतु रणनीति तैयार की गई और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में वैकल्पिक संसाधनों के रूप में लोक निर्माण विभाग के 32, आरईएस के 21, बाढ़ खंड के 20, नलकूप विभाग के 18, जल निगम (ग्रामीण व शहरी) के 5-5 तथा सिंचाई विभाग के 9 अभियंताओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही, विद्युत कार्यों में दक्ष 33 पूर्व सैनिकों तथा 350 आईटीआई छात्रों को चिन्हित किया गया है। इन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देकर हड़ताल की स्थिति में शिफ्टवार तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 43 विद्युत उपकेंद्र (33/11 केवी) और 4 उच्च क्षमता उपकेंद्र (132/33 केवी) संचालित हैं। इन सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

तीन बकरियां चोरी

महराजगंज, रायबरेली। बीती रात थाना क्षेत्र के मऊ गांव में महराजगंज इन्हौना मार्ग के किनारे स्थित एक घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात बकरी चोरों द्वारा एक किसान की तीन बकरियां चोरी कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है, बकरियों की कीमत लगभग 20, हजार रुपए थी। सुबह जब किसान सो कर उठा और देखा तो तीनों बकरियां गायब थी। बकरी स्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है।

आपको बता दे कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार और गुरुवार की रात मऊ गांव में बकरी चोरी का मामला सामने आया है। बकौल बकरी स्वामी मऊ गांव का रहने वाला शिवचंद पुत्र रामखेलावन पासी ने बताया कि, बुधवार की रात लगभग 11 बजे उनकी पत्नी मधु ने उनके घर परिसर में लगे इंडियामार्का नल पर एक व्यक्ति को पानी पीने के दौरान देखा था, किंतु रात का अंधेरा होने की वजह से वह पहचान नहीं सकी, और जैसे ही वह लोग सोने चले गए, उसके बाद अज्ञात चोरों द्वारा घर के दरवाजे पर खूंटे से बंधी तीनों बकरियां चोरी कर ली गई।

नाइट ब्लड सर्वे में फाइलेरिया की जांच को उमड़ी भीड़

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंजरिया से सम्बंधित शेखपुरा गांव में बुधवार की रात 10 बजे नाइट ब्लड सर्वे शिविर का आयोजन किया गया। पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्यों सीएचओ, ग्राम प्रधान, आशा संगिनी, आशा, आंगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों के सहयोग से गांव में भ्रमण कर लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूक कर शिविर में जांच के लिए लोगों को एकत्र किया गया। लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। शिविर में माइक्रो फाइलेरिया की दर मापने के लिए लगभग 122 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए।

शिविर में पहुंचे वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक नवीन प्रकाश भारती ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे शत प्रतिशत सफलता के लिए पीएसपी सदस्यों के सहयोग से प्रचार-प्रसार कराया गया है। जिससे लोग जागरूक होकर नाइट ब्लड सर्वे में अपना जांच कराया है। नाइट ब्लड सर्वे गतिविधियों का आयोजन का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर फाइलेरिया एवं माइक्रो फाइलेरिया की दर को जानना है। नाइट ब्लड सर्वे से यह पता चलेगा कि ब्लॉक में कितने लोगों में फाइलेरिया के परजीवी पाया जा रहा हैं। पीएसपी सदस्यों के सहयोग से लोगों के अभी जानकारी दी गई कि फाइलेरिया का परजीवी रात में ही सक्रिय रहता है इसीलिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके पता करने के लिए नाइट ब्लड सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे को जल्द से जल्द पूरा करके जहां पर केस निकालेंगे। वहां एमडीए का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए सही जानकारी होनी जरूरी है। यह तभी संभव है जब लोग शुरुआती दौर में पता चलने के बाद ही इसकी जांच करा लें। फाइलेरिया का कोई पर्याप्त इलाज संभव नहीं है। लेकिन इसकी शुरुआत में ही पहचान होने के कारण इसे रोका जा सकता है। नाइट ब्लड सर्वे शिविर के दौरान सीएचओ अजय शर्मा, बीएसडब्लू राकेश, ग्राम प्रधान मुहम्मद अब्दुल सलाम , सीफार के जिला प्रतिनिधि सहित पीएसपी सदस्य आशा संगिनी, आशा, आंगनबाड़ी, सफाईकर्मी, फाइलेरिया मरीज सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

नगर पालिका में वार्डों का हाल बेहाल, जिम्मेदार मौन

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। वार्ड नंबर 2 पिपरपाती निवासी/उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य/मनरेगा प्रभारी नागेंद्र शुक्ल ने मीडिया के द्वारा जारी बयान में कहा कि देवरिया नगर पालिका के अंदर भ्रष्टाचार चरम पर है। कहने के लिए तो ट्रिपल इंजन की सरकार है। लेकिन व्यवस्था के नाम पर शून्य है। वार्डों में नालिया ओवर फ्लो हो गाए है सड़को पर पानी बह रहा है । कहने के नाम पर सफाई नायक, सफाई कर्मी, सभी है पर वार्डों में दुर्व्यवस्था का अंबार लगा है इसकी कोई सुधि तक नहीं है। शुक्ल ने कहा कि देवरिया नगर पालिका परिषद का सीमा विस्तार तो हो गया नगर पालिका की आय बढ़ाने की व्यवस्था तो हो गया लेकिन जनता की सुविधा का ध्यान रखने के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं हैं। वार्डो में लगे खंभों पर लाइट खराब है।

नालिया ओवर फ्लो होकर सड़को पर पानी बह रहा है,। मच्छरों के प्रकोप से नगर की जनता कराह रही है लेकिन। नगर की जनता जब अध्यक्ष, ईओ, सफाई नायक को फोन लगाते हैं इसकी शिकायत दर्ज कराने के लिए तो उन लोगों का फोन भी नही उठता है। अब इस हाल में नगर की जनता अपनी दुर्व्यवस्थाओ का हाल किसे सुनाएं। शुक्ल ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल है। जनता अपने हाल पर अंशु बहा रहा है। और नगर पालिका परिषद देवरिया के जिमेद्दार अपनी पीठ स्वयं थपथपा रही हैं। कांग्रेस नेता ने कहा है कि पिपरपाती, बड़हरा, सक्रापार, चितमंचक, जटमल पुर, खरजर्वा, में सड़क, नाली, खंभों पर लगे लाइट, का हाल बेहाल है। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के नाम पर जमकर धन उगाही हो रहा है।पिपरपाती का सफाई नायक कभी वार्डो में भी नही आता है। सफाई कर्मी वार्डो समय से झाड़ू भी नही लगा रहे हैं। शहर के कई मार्गो कूड़ो का भंडार लगा है।अगर जल्द नगर पालिका में वार्डो की व्यवस्था को सुदृढ़ नही किया गया तो। इसके लिए आर पार की लडाई लड़ी जाएगी।

पी.डी. अकादमी ने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। पी.डी. अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देवरिया ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया।

इस अभूतपूर्व उपलब्धि के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी मित्तल ने समारोह में उपस्थित होकर छात्रों से उनके शैक्षिक अनुभवों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य में उच्चतर उपलब्धियां अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन भरे शब्दों ने उपस्थित सभी लोगों का मनोबल बढ़ाया। स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित इस समारोह में मेधावी छात्रों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र जिलाधिकारी के कर-कमलों से प्रदान किए गए। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में एकाग्र सिंह ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, अथर्व पांडेय (96.8 प्रतिशत), स्वस्तिका दुबे (92 प्रतिशत) और ओम शुक्ला (90.5 प्रतिशत) को 11,000-11,000 रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में आदर्श पटेल ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें 25,000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही, श्रियांश नायक (93.4 प्रतिशत) और अनुष्का गुप्ता (90.8 प्रतिशत) को 11,000-11,000 रुपये की राशि से सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षिक प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह की उपलब्धियां जिले के शैक्षिक परिदृश्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाती हैं। यह समारोह न केवल मेधावी छात्रों के परिश्रम का सम्मान था, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष नंदलाल जायसवाल, निदेशक बीना जायसवाल, शशांक जायसवाल, प्रधानाचार्य नंद गोपाल पांडेय, उप-प्रधानाचार्य डॉ. अंजु सिन्हा, सारिका श्रीवास्तव, सोनी सिंह, श्रवण राय, गुरमीत वर्मा, अक्ष्यवर पांडेय, अमित सिंह, डॉ. रणधीर सिंह, संजीव जायसवाल, डी.के. दुबे, डॉ. अमितेश जायसवाल, ममता नायक, पूजा यादव, पीयूष जायसवाल सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने मेधावियों को किया सम्मानित

जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टास्क फोर्स समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जनपद स्तरीय बर्ड वर्ड फ्लू टास्क फोर्स समीक्षा बैठक बचत भवन स्थिति कलेक्ट्रट सभागार में हुई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन चंद्र की उपस्थिति में एवियन इंफ्लुयन्जा (बर्ड फ्लू) के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह विषाणु द्वारा होने वाला रोग है। यह पशु,पक्षी और मनुष्य को भी संक्रमित करता है। डॉ अनिल ने बताया कि पक्षियों में यह विषाणु प्रवेश करने के कुछ घंटे से तीन दिन तक रहता है। यह संक्रमित पक्षियों की आंख ,श्वास नलिका व बीट के संपर्क में आने से पक्षी और मनुष्य में फैलता है। संक्रमित पक्षियों और कुक्कुट प्रक्षेप के प्रयोग में आने वाली समस्त सामग्री, उपकरणों के संपर्क में आने से यह रोग फैल सकता है। विदेशी, प्रवासी व जंगली पक्षी इस रोग के कैरियर का कारण होते हैं। पक्षियों में संक्रमण होने पर ज्वार आना, फेटल कलगी वह पैरों का बेगानी हो जाना, पक्षियों के गर्दन तथा आँख के निचले हिस्से में सूजन, हरे व लाल रंग की बीट मुख्य लक्षण दिखाई देते हैं। बैठक में एपिडमोंलॉजिस्ट ऋषि बागची ने बर्ड फ्लू के लक्षण और बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू मनुष्य में पशु पक्षियों के द्वारा फैलता है। मानव लक्षणों में सर्दी,जुकाम, गले में खराश, मांसपेशियों में दर्द, सांस लेने में तकलीफ यकृत, गुर्दा और फेफड़ों का काम करना बंद हो सकता है। लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से इसका उपचार अवश्य कराए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पशु चिकित्साधिकारी समय-समय पर गौशालाओं और पोल्ट्री फर्मो का निरीक्षण करें।

कचहरी परिसर में खुला चिकित्सालय, वादकारियों और अधिवक्ताओं को मिलेगा इसका लाभ

देवरिया अवधनामा संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान में माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश राम मिलन सिंह के साथ प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्री बद्री विशाल पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इफ्तेखार अहमद, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ब्रजेश मणि त्रिपाठी, सचिव/अपर जिला जज मनोज कुमार तिवारी व सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण तथा अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, जिला बार एसोसिएशन सिंहासन गिरि, मंत्री, अधिवक्ता संघ, जिला बार एसोसिएशन अजय उपाध्याय द्वारा न्यायालय परिसर में चिकित्सालय का उद्घाटन फिता काट कर किया गया। उद्घाटन के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, डा0 संजय गुप्ता उपस्थित रहे। माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि इस चिकित्सालय से अधिवक्तागण एवं वादकारियों को बुनियादी चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। वहीं अधिवक्ता संघ, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सिंहासन गिरि ने कहा कि न्यायालय परिसर में चिकित्सालय की आवश्यकता थी क्योंकि वकील सुबह से शाम तक अदालत में काम करते हैं और बहुत तनाव होता है। इसलिए न्यायालय परिसर मे चिकित्सालय जरूरी है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिंहासन गिरि द्वारा चिकित्सालय के स्थापना के लिए जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

गिट्टी भरा टेलर अनियंत्रित होकर खाई में पलटा

महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज इन्हौना मार्ग पर औसेरी के पूरवा के आगे पासिन की बगिया के पास गिट्टी लोड टेलर को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइड मार दी। जिससे गिट्टी भरा टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जाकर पलट गया। घटना में ड्राइवर के सिर पर गहरी चोट आई है। क्लीनर की मदद से उसे महराजगंज के एक निजी डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। आपको बता दें कि, घायल ड्राइवर राज नारायण पुत्र जग प्रसाद निवासी मोहिद्दीनपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी, महोबा के कबरई से 65 एमएम गिट्टी टेलर पर लोड करके आ रहे थे, तभी महराजगंज इन्हौना रोड पर स्थित पासिन की बगिया के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइड मार दी, जिससे टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जाकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं। क्लीनर घनश्याम यादव निवासी पता उपयुक्त ने फौरन घायल ड्राइवर को लेकर महराजगंज कस्बे में एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उनका इलाज किया गया।

आकाशीय बिजली गिरने से युवक झुलसा, इलेक्ट्रॉनिक के सामान भी जले

हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन गांव में गुरुवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। खेत में काम कर रहे 18 वर्षीय अमित शर्मा मौसम खराब होने पर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में आकाशीय बिजली गिरी और इसकी चपेट में आ गए। घटना के समय गांव में बिजली आपूर्ति बंद थी। फिर भी आकाशीय बिजली के कारण घरों में हाईवोल्टेज करंट दौड़ गया। इससे कई घरों के पंखे, टीवी, फ्रिज और कूलर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। ग्रामीण अमित को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली ले गए। डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है। हालांकि उनके शरीर पर जलन के निशान हैं। अमित एक गरीब परिवार से हैं। उनके पिता जितेंद्र शर्मा मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बिजली कुछ दूरी पर गिरी थी। लेकिन इसकी तीव्रता इतनी अधिक थी कि झटका सीधे अमित को लगा। ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को बिजली से युवक की झुलसने की सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अमित के लिए मुआवजे की भी मांग की है ताकि उसका इलाज सही से अच्छे अस्पताल में हो सके।

फास्ट फूड बच्चों के लिए नुकसानदायक, प्रोटीन मिनरल्स पोषक तत्वों से भरपूर होता है तिलवा

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में समर कैंप में गुरुवार को दो सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में योगासन के बाद बच्चों को प्रमुख भारतीय खेलों, खेलों में खिलाड़ियों की संख्या और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बारे में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षक लालती देवी और कौशलेंद्र सिंह ने बच्चों को खेल भावना से अपनी रुचि के अनुसार खेल खेलने के लिए प्रेरित किया।लंच के समय बच्चों को लाई चना गुड़ और समापन सत्र में खीरा खिलाया गया। द्वितीय सत्र में बच्चों ने शिक्षामित्र लालती देवी और संकुल शिक्षक देवांशु सिंह के मार्गदर्शन में तिलवा बनाना सीखा और बच्चों को तिलवा बांटा गया।इं प्र अ संजीव कुमार ने सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन के रूप में तिलवा के महत्व की जानकारी दी और बताया कि इसमें आयरन, कैल्सियम, विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं। प्रोटीन, ओमेगा सिक्स, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, कैल्सियम और पोटेशियम से भरपूर होता है। उन्होंने बच्चों को बाजार के फास्ट फूड से दूर रहने और घर में बनी खाद्य सामग्री को ही ग्रहण करने को सचेत किया। संकुल शिक्षक देवांशु सिंह ने बताया कि तिलवा तनाव, हड्डियों की कमजोरी, एनीमिया रोग दूर करने में मदद करता है। पाचन शक्ति बढ़ती है।पाचन अंग मजबूत होते हैं। बच्चों के साथ प्रशिक्षक कौशलेंद्र सिंह, रसोइया रिपु मौर्य, निर्मला, बलवीर और धनपती आदि मौजूद रहे।

लेहनी फीडर की सप्लाई से बिजली गुल, सभी कामकाज ठप

विद्युत बहाल करने में लगे विद्युत कर्मी

अवधनामा संवाददाता

बोदरवार, कुशीनगर। बुधवार को आइ आंधी से कप्तानगंज विद्युत सब डिवीज़न के लेहनी व परतावल फीडर में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है जिससे कई सरकारी विभागों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। गुरुवार को बोदरवार बाजार में संचालित पोस्ट आफिस विद्युत आपूर्ति न होने से पूरी तरह से बदहाल रहा।

पोस्ट आफिस में खुद का जनरेटर न होने से उपभोक्ता में रोष भी देखा गया। विद्युत विभाग की माने तो अभी विद्युत सेवा बहाल होने मे और भी समय लगेगा। तैतीस हजार के मार्ग में आंधी के चलते कई पोल टूट चूके है। उनके बदलने में काफी समय लगने की संभावना है।

पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल

अमेठी अवधनामा संवाददाता। कादीपुर कोतवाली पुलिस की ओर से अपराध नियंत्रण को लेकर जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर के साथ पुलिस टीम रोज अपराधियों की धर पकड़ में लगी हुई है। गुरुवार को पुलिस ने बी एन एस और पास्को एक्ट की धाराओं के एक अभियुक्त को जेल भेजा है। संजय पुत्र बाबू लाल, निवासी ग्राम पाकडपुर, थाना कादीपुर को पुलिस ने मु अ सं0179/2025, धारा 137,-2/,64बी एन एस व 5/6पास्को एक्ट के अन्तर्गत गिरफ्तार किया।एस एच ओ श्याम सुंदर के साथ पुलिस टीम में उप निरीक्षक आनंद बाजपेई और का रवि प्रताप यादव शामिल रहे।

गोशाला प्रमुख जितेन्द्र पांडेय ने की डीएम से मुलाकात

अमेठी अवधनामा संवाददाता। विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा विभाग के क्षेत्र गोशाला प्रमुख और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय ने गुरुवार को डी एम संजय चौहान से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जितेन्द्र पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की ओर से आदेश जारी कर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी जिलाध्यक्षों को पत्रकारों के लिए बनाई गई समिति में मानद सदस्य बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बावजूद इसके अमेठी जिले में पिछले तीन वर्षों से इस समिति की कोई बैठक नहीं हुई है। गोरक्षा विभाग की ओर से माननीय मुख्यमंत्री को सभी जिलों में गोरक्षा और गो संरक्षण के लिए कारगर कदम उठाने के निवेदन के बाद शासन ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। जिले में गोवंश की सुरक्षा के मामले में अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं। पिछले तीन सालों के भीतर गोशालाओं में संरक्षित गायों की बड़ी संख्या में मौत हो चुकी है।

मतदान के प्रति बच्चों को किया जागरूक, बताया महत्व

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। सेंट जेवियर्स स्कूल कप्तानगंज में गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा निति के तहत ÷करके सीखने की कला÷ द्वारा बच्चों को संविधान और निर्वाचन प्रक्रिया अध्ययन हेतु मतदान प्रक्रिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दो समूह बाटा गया और एक जूनियर और एक सीनियर कक्षा समूह में विद्यालय हेड बॉय, सब हेड बॉय, हेड गर्ल, सब हेड गर्ल चुनाव हेतु मतदान कराया गया। जूनियर हेड बॉय प्रत्याशी अक्षत बगड़िया, कृष्णा, अरनव गुप्ता, हेड गर्ल प्रत्याशी शमा खातून, तान्या जायसवाल, गीतांजलि, वंशिका तिवारी, सीनियर हेड बॉय प्रत्याशी दिलशाद अली, कुशाग्र अग्रहरि, आयुष तिवारी, अनुराग सिंह, हेड गर्ल प्रत्याशी राजनंदनी कसौधन रही। इस कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी के रूप में उप प्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया, धीरज यादव, शालिनी जायसवाल ने मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई। मतदान प्रक्रिया की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य डॉ वैभव वांटू ने भारतीय संविधान में निहित चुनाव प्रक्रिया, मतदान का अधिकार, और उसके महत्व को विस्तारित किया। इस प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में विद्यालय के मैनेजर अरविंद कुमार पांडेय ने सबको धन्यवाद दिया। अंत में विद्यालय के निर्देशक आकाश चन्द्रा ने सभी के प्रति खुशी जाहिर करते हुए स्वयं मतदान किया और विद्यार्थियों को ऐसे शिक्षा हेतु आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में शिक्षक ज्ञानेश दीक्षित, इकरामुल हक, यशवंत सिंह सतीश द्विवेदी रेहाना रणजीत सिंह, शिप्रा शर्मा, सुनीता, सुमन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

शराबी भाई ने शादीशुदा बहन को चाकू घोंपकर मार डाला

एक सप्ताह पहले पिता पर भी किया था जानलेवा हमला, बड़े भाई के अंतिम संस्कार में पहुंची थी बहन

अवधनामा ब्यूरो

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस व रोते बिलखते परिजन

कुशीनगर। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गंगवा छापर में बुधवार की रात शराबी भाई ने अपनी शादीशुदा बहन पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस पहुंची, लेकिन आरोपी फरार हो गया। एक सप्ताह पूर्व वह अपने पिता पर भी बांका से हमला कर चुका है।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हरिकिशन चौहान की पुत्री अंजनी (26) वर्ष की शादी कोटिलवा निवासी पतरू चौहान से हुई है। बड़े भाई विशाल की दो दिन पूर्व सड़क हादसे में मौत के बाद वह मायके आई थी। परिजनों के अनुसार बुधवार की रात लगभग 10 बजे उसका भाई राम समुझ चौहान शराब के नशे में घर आया और अपने पिता से किसी बात को लेकर भिड़ गया। अंजनी बचाव करने गई तो उसने बहन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों के शोर मचाने पर मौके पर जुटे लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुर्कहा में भर्ती कराया। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर हनुमानगंज एसओ मनीष कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। आरोपी की गांव में काफी खोजबीन की गई, लेकिन वह हाथ नहीं आया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी थी। हनुमानगंज थानाध्यक्ष मनीष पाण्डेय का कहना है कि सगे भाई ने अपनी शादीशुदा बहन को चाकू घोंपकर मार डाला है। उसकी गिरफ्तारी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी एक सप्ताह पहले अपने पिता पर भी बांका से हमला किया था। उसकी तहरीर हनुमानगंज थाने में दी गई थी, लेकिन उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

सेना के सम्मान में विधायक पी.एन पाठक के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

भारतीय सेना ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया : पी.एन पाठक

अवधनामा संवाददाता

कसया में तिरंगा यात्रा निकालते विधायक व अन्य

कसया, कुशीनगर। गुरुवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिस्सा लिया। यात्रा श्री राम जानकी मठ स्थित शिविर कार्यालय से प्रारंभ होकर कसया नगर मार्ग होते हुए अमर शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी चौक पर संपन्न हुई। इस दौरान यात्रा में भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, वंदे मातरम् समेत देशभक्ति के जयकारे गूंजते रहे।

शहिद मेजर अमिय त्रिपाठी की प्रतिमा पर विधायक श्री पाठक ने फूल-माला अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। दुनिया भर के सभी देशों ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है। ऐसे में भारतीय सेना का जितना सम्मान और प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। भारतीय सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं, जिनका मकसद सेना के शौर्य और पराक्रम की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है। हमारी सेना ने सिंदूर ऑपरेशन के माध्यम से पाकिस्तान के अंदर जाकर नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व सांसद राजेश पांडेय, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

बोदरवार, कुशीनगर। सिन्दूर आपरेशन की सफलता और भारतीय सैनिकों के अद्भूत शौर्य व पराक्रम से अभिभूत बोदरवार बाजार के व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा मंडल अध्यक्ष विचित्र मनि पांडेय व ग्राम प्रधान बोदरवार राजकमल के अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाल कर जहां अपने खुशी का इजहार किया वहीं भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयघोष से पूरा बोदरवार बाजार गूंज उठा। तिरंगा यात्रा प्रमुख रूप से घनश्याम गोरखपुरी, राकेश मद्धेशिया, रवीन्द्र प्रसाद, जितेन्द्र मिश्र, अवधेश गिरि, दुर्गेश कन्नौजिया सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया।

जांच करने गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम के सामने बेहोश हुई महिला

- अवैध रूप से संचालित प्रसव केंद्र पर गर्भपात के दौरान बेटी की हो गई थी मौत
- जांच कर स्वास्थ्य विभाग की टीम पुलिस को सौंपेगी रिपोर्ट : थाना अध्यक्ष

अवधनामा अवधनामा

शाहजहांपुर। जनपद में अवैध रूप से अस्पताल और पैथोलॉजी खोलकर आमजन को ठगने का कारोबार जमकर चल रहा है।

दर्जनों जान जा चुकी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। सांठ-गांठ के चलते आए दिन लोगों की जाने जा रहे हैं 13 मई 2025 को इस संबंध में समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित हुई और जिस वरतारा में अवैध रूप से संचालित प्रसव केंद्र का खबरों में जिक्र किया गया था उसी वरतारा प्रसव केंद्र पर 17 मई को जहांनपुर निवासी सुशीला देवी अपनी गर्भवती बेटी शालिनी को दिखाने ले गई थी जहां अलका और रेनू नाम की दो नर्सों ने उसका गर्भपात करा दिया इस दौरान हालत बिगड़ने पर दोनों नर्स दुकान छोड़कर भाग गई इसके बाद शालिनी की इलाज के दौरान मौत हो गई बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम भावल खेड़ा /झोलाछाप नोडल अधिकारी राजीव कुमार भारती और क्षेत्रीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जहांनपुर गांव जांच करने पहुंचे जिनके सामने सुशीला देवी पूरी घटना को बताते बताते बेहोश हो गई और मौके पर पछाड़ खाकर गिर गई।

दरअसल सुशीला देवी की अकेली बेटी थी और कोई बच्चा नहीं है जो शादी के बाद अपने मां-बाप के पास रहती थी फिलहाल नोडल अधिकारी राजीव कुमार भारती ने बताया कि जांच चल रही है प्रसव केंद्र बंद है आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम पुलिस को सौंपेगी रिपोर्ट

उधर मृतक शालिनी की मां सुशीला देवी ने थाना रोजा में एक प्रार्थना पत्र देकर आरोपी नर्स अलका और रेनू पर कार्रवाई की मांग की है इसके बाद थाना इंस्पेक्टर ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को पत्र भेजकर स्वास्थ्य विभाग की एक टीम गठित कराकर जांच रिपोर्ट मांगी है थाना रोजा प्रभारी राजीव कुमार ने बताया पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर से स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर जांच करने का अनुरोध किया गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पहुंचने से पहले बंद हो जाते हैं अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी और प्रसव केंद्र

स्वास्थ्य विभाग या तो अवैध रूप से संचालित अस्पताल और पैथोलॉजी केंटो पर कार्रवाई नहीं करना चाहता या फिर खानापूर्ति करने में जुटा हुआ है जैसे ही क्षेत्रीय झोलाछाप नोडल अधिकारी राजीव कुमार भारती क्षेत्र में राउंड मारते हैं तो ऐसा लगता है कि अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी और अस्पतालों को पहले ही जानकारी दे दी जाती है और जब वहां मौके पर पहुंचते हैं तो सारी क्लिनिक अस्पताल और पैथोलॉजी उन्हें बंद मिलती है इसे खाना पूर्ति नहीं तो और क्या कहा जाएगा कुछ अस्पताल ऐसे भी हैं जिनका दूसरे डॉक्टरों के नाम रजिस्ट्रेशन कराया गया है लेकिन वह डॉक्टर कभी अस्पताल पर नहीं जाते लेकिन जब उनकी शिकायत होती है तो जांच में वह डॉक्टर वहां बैठे मिलते हैं। जांच से पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम आने की सूचना उन्हें प्राप्त हो जाती है स्वास्थ्य विभाग की टीम कागजों में छापेमार कार्रवाई कर रही है फिलहाल देखना होगा गर्भपात के दौरान हुई महिला की मौत के मामले में कहां तक स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करता है।

सीएमओ ने लिया भ्रष्टाचार और निजी प्रैक्टिस की खबरों का संज्ञान

- कोई कितना भी प्रभावशाली हो कार्यवाही अवश्य होगी
- सीएमओ ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया

अवधनामा अवधनामा

बाँदा। उत्तर प्रदेश-जिला चिकित्सालय बाँदा में दवा व्यवसायियों और चिकित्सकों की कथित सांठगांठ के चलते सामने आए भ्रष्टाचार और निजी कर्मियों की गैरकानूनी प्रैक्टिस को लेकर प्रमुखता से उठाई गई खबरों पर अब प्रशासन हरकत में आ गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी बाँदा को पूरे मामले की जांच कर कडी कार्यवाही करने के लिये कहा है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजेंद्र सिंह ने अवधनामा में प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए बयान दिया है कि वे बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच कर रहे हैं और संबंधित रिपोर्ट विभागीय उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया, ÷कोई कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, रिपोर्ट पूरी तरह निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर ही शासन को भेजी जाएगी। अभी पीड़ित के बयान दर्ज किए जा चुके हैं, अब डॉक्टर का पक्ष जानने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

रामकिशोर और रूपा गोयल पत्रकार है दोनो अलग अलग दिनों मे अपना इलाज करवाने जिला चिकित्सालय आयी जहां रामकिशोर को स्वयं एक दवा व्यवसायी ने बाहर से दवा लिखी वही रूपा गोयल महिला पत्रकार को भी आमतौर पर प्रचलित दवाये भी बाजार मंगवानी पडी आखिर क्यों जिला अस्पताल के डाक्टर बाहरी दवाओं को मंगवाकर ही इलाज करने को तैयार होते है। CMO ने आगे कहा कि जिला चिकित्सालय में किसी भी निजी कर्मी को प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं है और यदि ऐसा हो रहा है तो यह गंभीर मामला है जिसकी जाँच की जाएगी।

कोरोना को लेकर किया आश्वस्तः कोरोना की संभावित लहर को लेकर डॉ. सिंह ने कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। बाँदा जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल के लिए रिज़र्व बेड भी तैयार हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना काल में कार्यरत कोरोना वारियर्स की सूची को फिर से अपडेट कर लिया गया है, ताकि आपात स्थिति में उन्हें फिर से सक्रिय किया जा सके।

निष्कर्षः मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उठाए गए कदमों से यह संकेत मिलता है कि जिला प्रशासन अब स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व तय करने की दिशा में गंभीर है। जनता को अब आगे आने वाली रिपोर्ट और कार्रवाई का इंतजार रहेगा।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई भारत शौर्य तिरंगा यात्रा

सुल्तानपुर। विधायक सुल्तानपुर एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह,मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी सहित तमाम नेता और कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में रहे शामिल। सुल्तानपुर।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी ने आज सुल्तानपुर विधानसभा में लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के संयोजन में राम वन पथ गमन पर कटका बाजार ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही भारतीय सेना के पराक्रम और शूरवीरों के पक्ष में नारेबाजी भी की गई। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष डॉ सुशील त्रिपाठी मौजूद रहे। वहीं वरिष्ठ बीजेपी नेता श्याम बहादुर पांडेय, विजय त्रिपाठी, प्रदीप शर्मा मंडल अध्यक्ष कटका, सूर्य नारायण पांडेय मंडल अध्यक्ष धनपतगंज सहित तमाम बीजेपी नेता, आम कार्यकर्ता सहित आमजन भी शामिल रहे।

धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

टूंडला, अवधनामा संवाददाता। ग्राम पंचायत कुतुबपुर साहब के गांव बजेहेरा में मां दुर्गा जय श्री बाबा आश्रम पर धूमधाम एवं भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रदालुगण शामिल रहे। इस दौरान कथा व्यास सोनम किशोरी शास्त्री ने भागवत कथा पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन में एक जन्म नहीं आकृति हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मो का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीवन जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। जो भी भक्तगण सर पर कलश धारण करते है उनके जीवन में सुख शान्ति समृद्धि प्राप्त होती है। कलश में 33 करोड़ देवी देवताओ का वास होता है। इस मौके पर जयश्री बाबा, बाबा चंदनदास के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

न्यू रेलवे कालोनी में हाईटेंशन के सपोर्ट वायर टूटे, हादसे की आशंका

टूंडला, अवधनामा संवाददाता। रेलवे विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए एत्मादपुर फीडर से आई हाईटेंशन लाइन के सपोर्ट वायर टूट गए हैं। सपोर्ट वायर टूटने से विद्युत विभाग हादसे को आमंत्रण दे रहा है। रेलवे की विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए डेढ़ दशक पूर्व एत्मादपुर से 33 हजार की हाईटेंशन लाइन को न्यू रेलवे कालोनी रिहायशी क्षेत्र से होकर लाया गया था। हाईटेंशन लाइन को लाने के लिए लोहे के खंभों का इस्तेमाल किया गया था। साथ ही विद्युत हाईटेंशन लाइन के नीचे लोहे के सपोर्ट वायर को लगाया गया था। जिससे हाईटेंशन लाइन के तार टूटने से सपोर्ट वायर पर रख जाएं, किंतु हाईटेंशन लाइन के सपोर्ट वायर मनोरंजन केंद्र से लेकर आरपीएफ बैरक तक सारे तार टूट गए हैं। रेलवे का विद्युत विभाग सपोर्ट वायरों को टूटने से हादसों का इंतजार कर रहा है। एक महीने बाद बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। सपोर्ट वायर हाईटेंशन लाइन से टच होते है, तो हादसा बहुत बड़ा होगा।

मातृत्व शिशु एवं बालिका आशीर्वाद व कन्या विवाह सहायता योजना के 10 लाभार्थियों को सौंपे गये स्वीकृति पत्र

बहराइच, अवधनामा संवाददाता। जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने सहायक श्रमायुक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण योजना अन्तर्गत 05-05 श्रमिकों को मातृत्व शिशु एवं बालिका आशीर्वाद योजना के अंतर्गत रू. 1,53,125 तथा कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत रू. 2,75,000 कुल धनराशि रू. 4,28,125 के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव श्रीमती पूजा यादव, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपश्रम आयुक्त मुख्यालय शमीम अख्तर, उपश्रम आयुक्त देवीपाटन मण्डल अनुभव वर्मा, सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

शिक्षक स्वयं विद्यार्थी बनकर सीखें व विद्यार्थियों के कौषलों का निर्माण करें

फिरोजाबाद। जनपद में ''प्राथमिक शिक्षा पर प्रयास और परिवर्तन के सम्बन्ध में'' शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 22.05.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे उनके कार्यालय के सभागार कक्ष में किया गया। जिसमें दार्शनिक श्री गुरूजी चेतन्य आनन्द (प्रयास) के द्वारा ''प्राथमिक शिक्षा पर प्रयास और परिवर्तन के सम्बन्ध में उद्बोधन दिया गया। जिसका विवरण निम्नवत् हैः- परिषदीय विद्यालयों के प्रति आम जनता का नजरिया बदलने के कारण एवं उनके समस्या एवं समाधानों पर चर्चा, परिषदीय विद्यालय की शिक्षण प्रणाली में बदलाव व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा व उसके क्रियान्वयन होने की रूपरेखा पर चर्चा, शिक्षक के व्यवहार में बदलाव कैसे लाया जाये, विद्यार्थियों को गुणवत्तापरख शिक्षा कैसे प्रदान की जाये, शिक्षक स्वयं विद्यार्थी बनकर सीखे तथा शिक्षक बनकर विद्यार्थियों के कौशलों का निर्माण करें। विद्यालय में सुझाव/शिकायत पेटिका लगाकर समस्याओं को सुना जाये व समाधान किया जाये। साथ ही दार्शनिक श्री गुरूजी चेतन्य आनन्द (प्रयास) के द्वारा विद्यालयों में स्वयं उपस्थित होकर नाट्य, संगीत, रंगमंच के माध्यम से किये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

जीरो टॉलरेंस मतलब उगाही के रेट में बढ़ोत्तरी

- हीरो बाइक व बुलेट की टक्कर में घायल बाईक सवारों को ही आरोपी बनाकर किया मुकदमा दर्ज
- बुलेट सवार के प्रभाव में दिया क्लीन चिट

अवधनामा अवधनामा

सुल्तानपुर। बीते बुधवार को थाना क्षेत्र के शनिचरा निवासी आरिफ अपने दो साथियों कय्यूम व चांद के साथ स्थानीय बाजार दीवान तारा में चाट खाने जा रहा था। उसकी हीरो बाइक में,एक साइकिल सवार से पास लेते समय सामने से तेज गति से आ रहे बुलेट मोटरसाइकिल सवार विनय मिश्रा निवासी रेवती का पुरवा ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे हीरो बाइक पर सवार तीनों बच्चे गिरकर चोटहिल हो गए। आसपास के लोगों से फोन पर सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मोटर साइकिलों को एक स्थानीय निवासी की सुपुर्दगी में दे दिया। दूसरे दिन बुलेट सवार विनय मिश्रा को तो गाड़ी सौंप दी गई,जबकि हीरो बाइक सवार की बाइक न देकर बुलेट सवार विनय मिश्रा से तहरीर लेकर घायल बच्चों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी बाइक जब्त कर ली गई। पीड़ित बच्चों ने बताया कि जब उन्होंने अपनी बाइक वापस मांगी तो सिपाहियों ने थानाध्यक्ष को देने के नाम पर दस हजार रुपए मांगे।

असमर्थता प्रकट करने पर उसकी बाइक घटनास्थल से उठाकर थाने ले गए,और सीज कर दिया। थानाध्यक्ष धम्मौर अंजू मिश्रा से संपर्क करने पर बताया कि तुम्हारी बाइक मुकदमे में इंवॉल्व है,उसकी कोर्ट से बेल करवाने के बाद ही वापस दी जा सकती है। पीड़ितों ने बताया कि बुलेट मोटर साइकिल जिसकी टक्कर से हम लोग घायल हुए हैं,उसे तो छोड़ दिया गया,और हम घायलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हमारी छोटी सी बाइक जब्त कर ली गई। इस सरकार में मुसलमान होना ही गुनाह है।

सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को किया जाए पुरस्कृत

- युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए किया जाए जागरूक : जिलाधिकारी

अवधनामा अवधनामा

मैनपुरी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है, निरंतर जागरूकता अभियान के साथ-साथ यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान, जुर्माने में बढ़ोत्तरी के बावजूद मार्ग दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है, जिससे प्रतीत हो रहा है कि सभी कार्य अधूरे प्रयासों के साथ किये जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में कार्य करें, लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की तत्काल मदद करने के लिए प्रेरित करें, घायलों की मदद करने वाले लोगों को गुड सेमेटरन योजना में पुरस्कृत किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देशित करते हुए कहा कि एक्सप्रेस-वे, हाई-वे, मुख्य मार्ग पर जहां-जहां संपर्क मार्ग जुड़े हैं, उन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाएं, अगले 05 दिन में मुख्य-मार्गो के अवैध कट प्रत्येक दशा में बंद कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

श्री सिंह ने अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुये कहा कि सड़क के किनारे कहीं भी गिट्टी, बालू की बिक्री न हो, सड़क की पटरी पर मोरम, गिट्टी की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए, नगर निकाय सड़क के किनारे रखी गिट्टी, मोरम के जब्तीकरण की कार्यवाही करें, मुख्य चौराहों के आस-पास कहीं भी सड़क के किनारे अनाधिकृत कब्जे न रहे, अभियान चलाकर मुख्य मार्गो, चौराहा से अतिक्रमण हटाए जाएं। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी दशा में ओवरलोड वाहनों का संचालन न हो, बिना नंबर प्लेट के संचालित वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि विद्यालयों में नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित कराकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाए, लोगों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, चार-पहिया वाहन चलाते समय सीट-बेल्ट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाए।

1884 में स्थापित नगर पालिका परिषद बन गया हंगामा घर

- नगर एवं नागरिक सुविधाओं को पालिका ने डाला जैसे रद्दी को टोकरी में

अवधनामा अवधनामा

शाहजहांपुर। तिलहर-नागरिक सुविधाओं के लिए 1884 में स्थापित तिलहर नगर पालिका परिषद, अब नागरिकों को सुविधाएं देने में धीरे धीरे पिछड़ता जा रहा है। नगर की सड़के, पेय जल, भवन मान चित्र, अतिक्रमण, तांगा और रिक्शा स्टैंड, नाले और नालियों की सफाई जैसी नगर की मूलभूत सुविधाएं, अब नागरिकों को नगर पालिका स्तर से मिलना बहुत पुरानी बाते हो चली है।

नगर विकास रूपी नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के संबंध में पालिक बोर्ड की, होने बाली बैठके, सिर्फ हंगामई खेल हो कर, नगर भर के लिए हंसी का पात्र बन रही है। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर नगर पालिका कर्मचारियों से कभी सभासद तो कभी आम नागरिकों में मुंह जोरी होकर बात पुलिस थाने तक पहुंचना और फिर अचानक समझौता हो जाना आम बात हो गई है। नगर पालिका की यह स्थिति अब किसी से छिपी नहीं रह गई बल्कि आम तौर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि यह कोई नई बात नहीं लेकिन वर्ष 2023 के बाद नागरिकों की मूलभूत समस्या और सुविधाओं को छोड़ भ्रष्टाचार के आरोप प्रत्यारोप लगाए जाने में हंगामा घर बनने वाली नगर पालिका परिषद तिलहर एवं तिलहर के नागरिकों की सुनने का समय अब सम्मानित सभासदों सहित अधिशाषी अधिकारी और चेयरपर्सन के पास तक नहीं तो कर्मचारियों को क्या लेनादेना। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में जहां नगर पालिकाएं अपने नगर को विकास और सौंदर्यकरण में आगे निकल रही है तो वहीं स्थानीय नगर के हालात नगर के वासियों से छिपे नहीं है। एक दौर था कि जब प्रकाश के निश्चित समय में भी नगर की जगमगाहट, साफ सुथरे रोड व गलियों के चर्चे, आसपास की नगर पालिका क्षेत्रों में जम कर सुनने को मिलते थे परंतु आज नगर की शायद ही कोई गली एवं सड़क बाकी होगी जिस पर रात के अंधेरे में पैदल चलना आसान हो। सरकार की ओर से जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र बनाया जाना जितना ज्यादा सुविधाजनक किया गया तो तिलहर पालिका द्वारा आवेदकों के लिए अत्यधिक कठिन हो गया जो महीनों पालिका के चक्कर लगाते हुए दिखाई पड़ते हैं।सरकार की मंशानूरूप जहां अतिक्रमण पहले के मुकाबले अब न के बराबर होना चाहिए था तो वहीं अतिक्रमण की बढ़ोतरी नहीं हुई बल्कि अवैध कब्जों की भरमाण नजर आने लगी है। खुदी और टूटी सड़कों पर पालिका द्वारा चेतावनी के बड़े बड़े बोर्ड तो जरूर लगे है लेकिन उस संबंध में जब भी पालिका के अधिकारियों को फोन किया जाए तो वे कभी पी डब्ल्यू डी तो कभी जलनिगम का काम बोल कर अपने पल्ला झाड़ लेते दिखाई पड़ते हैं। बमुश्किल नगर में एक मात्र महिला आई टी आई का निर्माण होने के बाद नगर के कितने बच्चों को दाखिला मिल सका, बाँट माँप केंद्र कार्यालय से नगर के कितने व्यापारी नफा उठा पा रहे है, होम्योपैथिक अस्पताल के निर्माण में अभी और कितना समय लगेगा, आयुर्वेदिक अस्पताल की इमारत की शुरुआत कब होगी आदि जन सुविधा छोड़, पालिका परिषद में नगर की सम्मानित जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे सम्मानित जिम्मेदार, सीधा सीधा अपने ही अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए बैठकों को वहिष्कार ही नहीं कर रहे बल्कि स्वयं का नफा देख कर जनहिताय कार्यों को ठंडे बस्ते में डाल कर बैठे नजर आते हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बहराइच

कार्यालय का पता निकट इन्दिरा उद्यान, कपूरथला, बहराइच

पत्रांकः 99/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा(05)/2025-26 दिनांकः 07.05.2025

ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

1. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के श्रेणी ए, बी, सी, डी एवं ई में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु यू0पी0 नेडा के मानकों तथा शासनादेश में उल्लिखित विशिष्टियों के अनुरूप एवं समान कार्य के अनुभव के आधार पर ई-टेन्डरिंग के माध्यम से जिनकी निर्माण लागत कार्य के सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित की जाती है।
2. कार्य का विवरणः-

क्रम सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रू. में (GST छोड़कर)	बिड सिक्योरिटी लाख रू. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	बहराइच	ग्राम पतरहिया के प्रा0वि0 बागपुरवा (बगियापुरवा) में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-बलहा	2.28	0.054	854.00	03 माह
2	बहराइच	ग्राम कन्दौली के प्रा0वि0 गोदियानपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0- कैसरगज	2.28	0.054	854.00	03 माह
3	बहराइच	ग्राम चहलवा के प्रा0वि0 कुड़कुड़ी कुँवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
4	बहराइच	ग्राम मटेही के प्रा0वि0 पचासा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
5	बहराइच	ग्राम रामपुरवा के प्रा0वि0 बनकटी में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
6	बहराइच	ग्राम सुजौली के प्रा0वि0 गड़ैरियनपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
7	बहराइच	ग्राम खड़िया के प्रा0वि0 पश्चिमी खड़िया में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
8	बहराइच	ग्राम हरखापुर के प्रा0वि0 त्रिमुहानीखुटेना फर्मा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
9	बहराइच	ग्राम धर्मापुर के प्रा0वि0 गुजरहा टेपरा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
10	बहराइच	ग्राम मटेहीकला के प्रा0वि0 तेलियनपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
11	बहराइच	ग्राम उर्रा के प्रा0वि0 कंचनपुर में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-मिहींपुरवा	2.28	0.054	854.00	03 माह
12	बहराइच	ग्राम लखैयाजदीद के प्रा0वि0 चमारनपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-रिसिया	2.28	0.054	854.00	03 माह
13	बहराइच	ग्राम डल्लापुरवा के प्रा0वि0 तेलियनपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-शिवपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
14	बहराइच	ग्राम खैराधौकल के प्रा0वि0 लोधनपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-शिवपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
15	बहराइच	ग्राम नेवादा कस्बातीपुरवा के प्रा0वि0 कस्बातीपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-शिवपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
16	बहराइच	ग्राम तिगड़ा के प्रा0वि0 भुजंगपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-शिवपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
17	बहराइच	ग्राम बेलामकन के प्रा0वि0 घुमानी में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-शिवपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
18	बहराइच	ग्राम गेंधरिया के प्रा0वि0 मेघाकोला में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-विशेश्वरगंज	2.28	0.054	854.00	03 माह
19	बहराइच	ग्राम उधरना सरहदी के प्रा0वि0 आज्ञारामपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य-विशेश्वरगंज	2.28	0.054	854.00	03 माह
20	बहराइच	ग्राम रनियापुर गोबरही के प्रा0वि0 ककरहवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य-विशेश्वरगंज	2.28	0.054	854.00	03 माह
21	बहराइच	ग्राम कमोलिया के प्रा0वि0 लोधारा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-चित्तौरा	2.28	0.054	854.00	03 माह
22	बहराइच	ग्राम सोनहरा के प्रा0वि0 जोलाही में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-हुजूरपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
23	बहराइच	ग्राम भेड़ियारी के प्रा0वि0 वीरपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-हुजूरपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
24	बहराइच	ग्राम अकरौरा के प्रा0वि0 मैना में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-पयागपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
25	बहराइच	ग्राम मंझारा तौकली के प्रा0वि0 बाबा बंगला में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-फखरपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
26	बहराइच	ग्राम प्यारेपुर के प्रा0वि0 बीबीपुर में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-फखरपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
27	बहराइच	ग्राम बिराहिमपुर बैल्हौरा के प्रा0वि0 बेल्हौरा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-जरवल	2.28	0.054	854.00	03 माह
28	बहराइच	ग्राम परसोहर के प्रा0वि0 बदलूपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-जरवल	2.28	0.054	854.00	03 माह
29	बहराइच	ग्राम जमुनहा नौबस्ता के प्रा0वि0 बरकतपुरवा में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-नवाबगंज	2.28	0.054	854.00	03 माह
30	बहराइच	ग्राम अम्बरपुर के प्रा0वि0 अहिराबेली में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-शिवपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
31	बहराइच	ग्राम मंझारातौकली के कम्पोजिट विद्यालय मंझारातौकली (मंसूरपुरवा) में 2 किलोवॉट सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-फखरपुर	2.28	0.054	854.00	03 माह
32	बहराइच	ग्राम बसौनामाफी के प्रा0वि0 बसौनामाफी में स्मार्ट क्लास एवं सोलर पैनल स्थापना कार्य। वि0ख0-तजवापुर	3.89	0.092	854.00	03 माह

1. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से बिड डाक्युमेन्ट उपलब्ध होने की तिथि-26.05.2025
2. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 05.06.2025 अपरान्ह 12.00 बजे।
3. ई-निविदा खोलने की तिथि 06.06.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे।
4. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्विपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं/बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और ई-निविदा

उद्योग व व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला सहित अन्य अधिकारी, उद्यमी, और व्यापारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण स्वीकृति व वितरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इन योजनाओं के आवेदनों को लंबित न रखा जाए और नियमानुसार समयबद्ध तरीके से स्वीकृत कर वितरित किया जाए। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने, निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ावा देने, और बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति में अनावश्यक देरी या निरस्तीकरण न करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अधिकतम निवेश आकर्षित करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं, जिससे रोजगार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिले। उन्होंने उद्यमियों की हर संभव मदद करने पर जोर दिया। व्यापारियों ने बिजली, पानी, अतिक्रमण, और कुरारा में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की समस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को इनकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अन्य समस्याओं के नियमानुसार निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने बाजार क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने, वेंडिंग जोन स्थापित करने, और एसडीएम, ईओ, व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के आदेश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी राठ, उपायुक्त उद्योग, उपायुक्त वाणिज्य कर, अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, उद्यमी, और व्यापारी उपस्थित रहे।

माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में समर कैंप का समापन

रचनात्मकता, रोमांच और अनुभवों से भरपूर रहा छह दिवसीय शिविर

वहाज अली निहाल

इटावा। माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में आयोजित छह दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह गुरुवार को उत्साह और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अलावा रचनात्मकता, आत्म-अनुशासन और व्यवहारिक कौशल का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की ऊर्जा, उमंग और नवाचार से भरा हुआ दिखाई दिया। शिविर के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें शूटिंग, तीरंदाजी, पॉटरी आर्ट, फायरलैस कुकिंग, संगीत, नृत्य, संवाद कला और नेतृत्व कौशल प्रमुख रहीं। ये सभी गतिविधियाँ संबंधित विशेषज्ञों की निगरानी में कराई गईं, जिससे बच्चों को मार्गदर्शन और तकनीकी जानकारी प्राप्त हुई। समर कैंप के अंतिम दिन आयोजित एडवेंचर कैंप विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें ज़िप लाइनिंग, रैपलिंग, टायर वॉक, क्रॉसिंग ब्रिज और रेन डांस जैसी रोमांचक गतिविधियाँ कराई गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। इन गतिविधियों ने आत्म-विश्वास, धैर्य और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा दिया। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतीवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव, डायरेक्टर सलिल यादव, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों से संवाद किया, उनके अनुभव सुने और उन्हें प्रोत्साहित किया। चेयरमैन अतीवीर सिंह यादव ने कहा, समर कैंप सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि यह बच्चों की सोच को विस्तृत करने, आत्म-निर्भरता को विकसित करने और उनके अंदर छिपे कौशल को सामने लाने का अवसर है। वाइस चेयरमैन डॉ. विकास यादव ने कहा, इस तरह के शिविर बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से बाहर लाकर व्यवहारिक अनुभवों से जोड़ते हैं। छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कक्षा 7 के शौर्य प्रताप सिंह ने कहा, एडवेंचर कैंप की ज़िप लाइनिंग ने मुझे डर पर जीत पाना सिखाया। कक्षा 5 की प्रतिष्ठा ने कहा, तीरंदाजी और अर्चरी हमें एकाग्रता, धैर्य, लक्ष्य पर फोकस और निरंतर अभ्यास का महत्त्व सिखाते हैं। कक्षा 6 की आराध्या गुप्ता ने कहा, डांस सेशन में मुझे आत्म-विश्वास के साथ स्टेज पर आने का हौसला मिला। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने कहा कि छात्रों की भागीदारी, अनुशासन और सीखने की ललक ने इस शिविर को सफल और स्मरणीय बना दिया। समारोह के अंत में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, प्रोग्राम हेड विनयशील पठानिया एवं शिक्षकों ने सभी छात्रों का अभिनंदन किया और उनके उवल भविष्य की कामना की।

युवा देश के ऐसा सैनिक है जिसके बल पर यह राष्ट्र मजबूत होता है : इंद्रेश

सोनभद्र। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश माहामंत्री देवेंद्र भाई पटेल के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर गुरुवार को आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में इंद्रेश कुमार अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संरक्षक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उपस्थित रहे। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार ने बताया कि युवा इस देश का कर्णधार है युवाओं के ऊपर आईएस राष्ट्र को मजबूत करने की साशक्त जिम्मेदारी है युवा इस देश का ऐसा सैनिक है जिसके बल पर यह राष्ट्र मजबूत होता है। उन्हों ने अपनी जिंदगी को मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। उनके प्रयासों ने ना जाने कितने लोगों की जान बचाई है और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। ऐसे लोग निस्संदेह समाज के हीरो होते हैं। जिनकी प्रेरणा से और लोग भी आगे आकर रक्तदान करने के लिए प्रेरित होते हैं। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंत में मुख्य अतिथि ने बताया कि भारत में दूसरी कथा लिखी गई जिसका नाम सिंदूर था एक कथा महाभारत की थी यह भी आने वाले पीढ़ियों के लिए एक संदेश देने का काम करेंगे।

आंधी-बारिश की तबाही जन जीवन अस्तव्यस्त

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। सरीला क्षेत्र में बुधवार रात तेज आंधी, बारिश और गर्जन ने भारी तबाही मचाई। पतखुरी गांव में 50 वर्षीय मजदूर राजबहादुर अहिरवार पर बाड़े की पक्की छत अचानक ढह गई, जब वह भैंस का दूध निकाल रहे थे। मलबे में एक भैंस, उसका बच्चा और दो बकरियां दब गईं, जिनमें एक बकरी की मौत हो गई। पड़ोसियों ने राजबहादुर और जानवरों को बाहर निकाला, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। उन्हें तुरंत राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज उरई रिफर कर दिया। राजबहादुर की पुत्री सोनम ने बताया कि उनके पास केवल एक बीघा जमीन है और मजदूरी से परिवार चलता था। बाड़े में जानवरों की रखवाली के लिए बनाया गया घर अब ढह चुका है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ग्रामीणों का मानना है कि रात की तेज आंधी और बारिश से दीवार में दरारें आई, जिसके कारण यह हादसा हुआ। लेखपाल अमिता तिवारी ने घटनास्थल का मुआयना कर नुकसान की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही। वहीं, गोहांड विकासखंड के बंगरा गांव में भी आंधी-बारिश ने कहर बरपाया। ग्राम प्रधान पति पूरनलाल ने बताया कि उनके बाड़े में रखा लाखों का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। बाड़े के तीन शेड उड़ गए, जिससे एक भैंस घायल हो गई, जिसका इलाज कराया गया। 55 वर्षीय चाचा रूपराम भी घायल हुए, जिन्हें गोहांड स्वास्थ्य केंद्र में इलाज दिया गया। भूसा भींगकर खराब हो गया, ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और ट्रैक्टर को भी नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि बाड़े में मौजूद 65 वर्षीय सिद्धगोपाल, 62 वर्षीय गयाप्रसाद और 26 वर्षीय देवेंद्र बाल-बाल बच गए। लेखपाल धर्मेंद्र ने नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही।

कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन पत्र सौंपा

सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ सोनभद्र के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में कर्मचारीयो का एक समूह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी सागर से मिलकर कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन पत्र सौपा जिसमें जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया की जिला संयुक्त चिकित्सालय,स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत कार्यत डॉक्टर अंकिता सिंह के द्वारा अपने पद के अनुरूप कार्य न करके आए दिन कर्मचारियों से बदतमीजी एवं ऊलजुलुल बातें किया जाता है तथा कर्मचारियों को वेतन रोकने एवं निकालने की भी धमकी दी जाती है जिससे संविदा कर्मचारी मानसिक रूप से पीड़ित हैं और अपना राजकीय कार्य करने में समस्या उत्पन्न हो रही है संघ के जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि अगर डॉक्टर अंकिता के कार्य एवं व्यवहार में सुधार न हुआ तो संघ व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन करने को बाधित होगा उसकी समस्त जिम्मेदारी अस्पताल प्रबंधन की होगी उक्त अवसर पर अखिलेश दुबे, मीना सोनकर, सुशील दुबे,मयंक पांडे राहुल पांडे, वाचस्पति मिश्रा, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनटीपीसी विंध्याचल ने जल संरक्षण की दिशा में उठाया बड़ा कदम, सुर्या नाला पर बनाया चेक डैम

सोनभद्र/ विंध्यनगर, अवधनामा संवाददाता। एनटीपीसी विंध्याचल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और अहम पहल करते हुए सुर्या नाला पर चेक डैम का निर्माण किया है। यह नाला रिहंद जलाशय (गोविंद बल्लभ पंत सागर) से जुड़ा हुआ है। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और आसपास के जल स्रोतों की गुणवत्ता में सुधार लाना है। यह चेक डैम जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाया गया है, जो जल स्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन और जनसहभागिता को बढ़ावा देने वाला एक महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इस चेक डैम का उद्घाटन संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सिंगरौली) द्वारा किया गया। इस अवसर पर ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (रखरखाव एवं प्रशासन) तथा ईएमजी और ऐश डाइक प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे। एनटीपीसी विंध्याचल की यह पहल न केवल जल गुणवत्ता सुधारने में सहायक होगी, बल्कि यह जल संरक्षण में औद्योगिक संस्थानों की सक्रिय भूमिका का भी प्रमाण है। यह परियोजना आने वाले समय में क्षेत्रीय पारिस्थितिकी और जल आपूर्ति को स्थायित्व प्रदान करेगी।

एनसीएल की दुधिचुआ परियोजना ने आवासीय परिसर में ओपेन जिम का किया शुभारंभ

सोनभद्र/सिंगरौली, अवधनामा संवाददाता। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दुधिचुआ परियोजना ने आवासीय परिसर में ओपेन जिम की शुरुआत की। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (दुधिचुआ) विनोद कुमार सिंह ने ओपन जिम का औपचारिक उद्घाटन किया। एनसीएल दुधिचुआ द्वारा यह कार्य शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस ओपेन जिम के माध्यम से एनसीएल कर्मी तथा स्थानीय लोग सुबह शाम किसी भी समय व्यायाम कर सकेंगे। साथ ही यह ओपन जिम लोगों को एक स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा कर्मी कल्याण हेतु ऐसे विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं।

जिलाधिकारी नें सुनीं शिकायततें

हमीरपुर,अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 92 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया संग्रहालय से जोड़ेंगे अमर सेनानियों की क्रान्तिकारी विरासतः सुधींद्र

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जनपद के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया के नाम से इटावा में स्थापित संग्रहालय में देश और खासकर इटावा- औरैया की धरती के महान क्रांतिकारी सपूतों की स्मृतियों को संजोया जाएगा ताकि वर्तमान और आने वाली पीढ़ी हमारे सेनानियों के क्रांतिकारी व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा और मार्गदर्शन लेती रहे। ये बात जनपद की माटी के अमर सपूत महान क्रांतिकारी एवं पूर्व सांसद कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया की 21 वीं पुण्य तिथि पर नेविल रोड(बस स्टैंड के सामने)स्थित कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया संग्रहालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि संगोष्ठी में देश के जाने माने विचारक एवं कमांडर भदौरिया के पुत्र सुधींद्र भदौरिया ने कही। उन्होंने कहा कि देश के सेनानी परिवारों की एक बहुत बड़ी विरासत से हमारे बाबूजी कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया जी का संपर्क और जुड़ाव रहा है, खासकर इटावा औरैया की माटी के सेनानी सपूतों में गेंदालाल दीक्षित, वल्लभ जी, मौलवी फिदा हुसैन, कृष्ण लाल जैन, गंगाराम धानुक, देवीदयाल दुबे के अलावा महिला सेनानियों में भी, मेरी सेनानी माताजी श्रीमती सरला भदौरियाजी से जुड़ी रही सुचेता कृपलानी जी, दुर्गाबाई देशमुख आदि अनेक सेनानी शख्सियतों के ऐसे नाम हैं, जिनकी स्मृतियां इस संग्रहालय में संजोई जाएंगी। इसके लिए शीघ्र ही एक बड़ा कार्यक्रम होगा, जिसमें उन सेनानी परिवारों के वारिसों तथा कमांडर साहब से जुड़े रहे लोगों का सम्मान भी किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि देश की आजादी और उसके बाद समाज के अंतिम व्यक्ति के हक के लिए प्राण पण से संघर्ष करने वाला कमांडर भदौरिया जैसा व्यक्ति अब इस धरती पर दूसरा कोई नहीं हो सकता। स्तंभकार गणेश ज्ञानार्थी ने कहा कि कमांडर साहब जो आदर्श मूल्य हमारे लिए छोड़कर गए हैं, यदि उन्हें हम सब कमांडर के लोग अगली पीढ़ी तक पहुंचा सके तो सेनानियों के सपने वास्तव में साकार हो सकेंगे। वरिष्ठ पत्रकार डा. जयचंद्र भदौरिया ने कहा कि कमांडर साहब का परमहंसी व्यक्तित्व था, जिनका सभी से आत्मीय और उदारतापूर्ण रिश्ता रहा। उन्होंने जीवनभर समतामूलक समाज की स्थापना के लिए डटकर संघर्ष किया। लखनऊ से पधारे वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी ने कहा कि अगर आप अपने पुरखों को याद नहीं करेंगे तो आपको भी कोई याद नहीं रखेगा। कमांडर साहब को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सब समाज में सामंजस्य एवं प्रेम बढ़ाने के रास्ते पर चलें। संगोष्ठी का संचालन करते हुए कमांडर भदौरिया के घनिष्ठ शागिर्द और सहयोगी रहे खादिम अब्बास ने उनसे जुड़ी अनेक स्मृतियों को ताजा किया। गोष्ठी में सुधीर मिश्र, प्रेरणा दीक्षित, सलीम खान, शिक्षक राजवीर सिंह, सुरेश चंद्र शंखवार, चंद्रवीर सिंह चौहान, नासिर जलील एडवोकेट समेत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनेक लोगों ने कमांडर भदौरिया को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अंत में कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया के पौत्र सिद्धार्थ भदौरिया ने सभी का आभार जताया।

एनटीपीसी विंध्याचल में निकली स्वच्छता रैली

सोनभद्र/विंध्यनगर। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत, एनटीपीसी विंध्याचल ने आज अपने टाउनशिप परिसर में एक प्रेरणादायक स्वच्छता रैली का आयोजन किया। इस रैली में एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों के साथ-साथ सीआईएसएफ, यूनियन तथा एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली का नेतृत्व ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने किया। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें संजीब कुमार साहा (महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल (महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला (महाप्रबंधक प्रचालन), ए.जे. राजकुमार (महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम) और राकेश अरोड़ा (मानव संसाधन प्रमुख, विंध्याचल) शामिल रहे। रैली के दौरान टाउनशिप में स्वच्छता के नारे गूंज उठे, जिन्होंने न केवल वहां मौजूद लोगों को प्रेरित किया, बल्कि साफ-सफाई, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक भागीदारी के महत्व को भी उजागर किया।

कलिंगा के साइड पर इस तरह असुरक्षित ढंग से निकाली जा रही ओबी।

अवधनामा संवाददाता

अनपरा/सोनभद्र। खड़िया कोल खदान में कार्यदायी संस्था कलिंगा कॉमर्शियल कंपनी के कथित अधिकारीयो पर संविदा पर नौकरी देने के नाम पर दो लाख रुपये धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया हैं।शक्तिनगर थाना क्षेत्र नीमियाटाड़ बस्ती निवासी कल्याण सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह ने थाने पर लिखीत शिकायत देकर आरोप लगाया कि खड़िया कोल खदान में मिट्टी निकालने का कार्य करने आई कार्यदायी संस्था कलिंगा कॉमर्शियल कंपनी के कथित अधिकारियों ने संविदा की नौकरी देने का झांसा देकर पीड़ित से दो लाख रुपये नगदी ठगी कर लिए। रुपये मांगे जाने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। पीड़ित ने पुलिस से रुपए वापस दिलवाने की मांग की हैं।शक्तिनगर थाना अध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 173बीएनएस के तहत विवेक मिश्रा सहित एक अन्य अज्ञात के खिलाफ 316(2), 318(4) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

असुरक्षित कार्य के साथ दो लाख दो नौकरी लो का ऑडियो वायरल ने पकड़ा तुल

शक्तिनगर वायरल ऑडियों को लेकर स्थानीय लोग व विस्थापितों में भारी रोष है।इस मामले को लेकर सोनाचल संघर्ष वाहिनी अधिवक्ता रोशन लाल यादव ने कहा वहां काम करने वाले मजदूर डरे व सहमे हुए है उनसे असुरक्षित गाड़ी चलवाई जा रही है जो कभी भी बड़ी हादसा होने का इंतजार कर रही है।उन्होंने पूरे मामले को गंभीरता से ली है।और मामले को लेकर डीएम सीएमडी से लेकर सीएम व सीबीआई में शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच कराने की तैयारी में लगे हुए है। उन्होंने कहा लेनदेन वाला खेल कोई नया नहीं है। खडिया परियोजना में कुछ माह पूर्व ही कार्य शुरू की ओबी कंपनी कलिंगा कामर्शियल कारपोरेशन लिमिटेड में भी कर्मियों की भर्ती को लेकर इसी प्रकार के खेल चलने के आरोप सामने लगातार आये हैं। ताजा मामला ये है कि यहां भर्ती में लेनदेन के खेल को लेकर एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कलिंगा के ही अधिकारी की संलिप्तता की बात सामने आ रही है और ओबी कंपनी के उक्त अधिकारी नाम की पुष्टि सूत्र कर रहे हैं। जिससे इस ओबी कंपनी में कर्मियों की पूरी भर्ती प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में आ रही है। साथ ही इससे कलिंगा के जिम्मेदार एनसीएल की छवि को भी प्रभावित करने का कार्य कर रहे हैं।

खडिया खदान क्षेत्र में आयोजित हुआ अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। खदान जैसे जोखिम भरे कार्यक्षेत्र में उत्पादन लक्ष्यों को सुरक्षित वातावरण में प्राप्त करने के उद्देश्य से इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिससे कर्मियों की आपातकालीन स्थिति में तत्परता और सजगता सुनिश्चित की जा सके। मोक ड्रिल का अवलोकन खान सुरक्षा महानिदेशालय से पधारे राजीव कृष्ण कुमार, और जीवन कुमार, ने किया तथा के अधिकारियों ने इस व्यापक तैयारी और सुरक्षा अभ्यास की सराहना करते हुए इसे एक प्रशंसनीय और अनुकरणीय प्रयास बताया, साथ ही आयोजन की सफलता पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में अरुण कुमार त्यागी, महाप्रबंधक, खडिया क्षेत्र की गरिमामयी उपस्थिति रही एवं राकेश कुमार अवस्थी, परियोजना अधिकारी, खडिया परियोजना, संतोष कुमार, प्रबंधक, खडिया खदान, तथा क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी रंजीत कुमार प्रधान मौजूद रहे,साथ ही वर्कमैन इंस्पेक्टर तथा सेफ्टी कमेटी के सभी सदस्य भी इस मॉक ड्रिल में सम्मिलित रहे। खडिया खदान की सुरक्षा और प्रबंधन व्यवस्था की बात करें तो यह एक पाँच सितारा रेटिंग खदान है, जिसने पिछले तीन वर्षों से लगातार पाँच सितारा रेटिंग लाकर उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। इस वर्ष भी खनिक दिवस के अवसर पर ग्रुप 'ए' में सर्वाधिक 9 पुरस्कार अर्जित कर, खदान की कुशल प्रबंधकीय क्षमता को सिद्ध किया है। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने की स्थिति को प्रदर्शित किया गया, जिसमें ष्ट्ठस्न की फायर टीम, अग्नि नायक दल, एवं संबंधित आपातकालीन सेवाएं – जैसे कि अमन अग्नि वाहन, मशीनरी एवं अग्नि नियंत्रण यंत्र, और संचार तंत्र – की तत्पर भागीदारी रही। इस अभ्यास ने संकट की घड़ी में कार्य-समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की सटीकता को दर्शाया। मिशन-विजन के सभी आयामों को ध्यान में रखते हुए खडिया खदान क्षेत्र न केवल उत्पादन व उत्पादकता में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है, बल्कि सुरक्षा के उच्च मानकों को अपनाकर एक आदर्श खदान के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

संक्षिप्त समाचार

जटायु संगठन ने श्रीराम जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

सरीला (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता। जटायु संगठन ने सरीला क्षेत्र के छेड़ीबेनी गांव स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी सरीला को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।संगठन के जिलाध्यक्ष रामनारायण राजपूत ने बताया कि मंदिर के नाम पर लगभग 50 बीघा कृषि भूमि है, जिसके संरक्षक जिलाधिकारी हैं। मंदिर की कृषि भूमि की नीलामी से प्राप्त 14 लाख रुपये की धनराशि खाते में जमा होने के बावजूद मंदिर की स्थिति दय नीय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मंदिर में पुजारी की नियुक्ति नहीं है और मरम्मत के अभाव में यह प्राचीन मंदिर खंडहर में तब्दील हो रहा है। यह मंदिर पूरे गांव की आस्था का केंद्र है।संगठन ने मंदिर के रखरखाव और सौंदर्यीकरण की मांग की। इस अवसर पर शिवनारायण राजपूत, अवधेश कुमार, सुभाष, ईश्वरदास सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम हेतु कार्यशाला आयोजित

हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार, माननीय जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में मुख्य वक्ता शैली सरण, सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/एफ.टी.सी., ने कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की रोकथाम और संबंधित समस्याओं के निवारण पर विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने महिलाओं के हितों के संरक्षण से संबंधित कानूनों के बारे में बताया।कार्यशाला के दौरान महिलाओं के अधिकारों से संबंधित कानूनी पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पराविधिक स्वयंसेवक, पैनल अधिवक्ता, और लीगल डिफेंस काउंसिल ने सक्रिय भागीदारी की।

डीएम ने रात्रि में आई आंधी तूफान से हुई क्षति का विवरण दिया

इटावा,अवधनामा ब्यूरो। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अवगत कराया कि जनपद इटावा में दिनांक 21 मई को रात्रि में आयी आंधी तूफान से हुई क्षति का विवरण निम्नलिखित ह 1.तहसील सदर इटावा में 01 जनहानि तथा तहसील जसवंतनगर में 01 जनहानि हुई हैं, जिसकें सम्बन्ध में प्रत्येक मृतक के परिवारीजन को 4,00,000.00 (चार लाख रू)अनुग्रह अनुदान दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। 2. तहसील सदर इटावा में 02 व्यक्ति घायल हुए हैं तथा तहसील भरथना में 01 व्यक्ति घायल हुआ है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। 3.जनपद में आयी आंधी-तूफान से 10 कच्चे मकान/झोपड़ी क्षति हुयी है। 4.जनपद में रात्रि को आयी आंधी तूफान से 33 के0वी0ए0के 22 विद्युत स्टेशन में ब्रेक डाउन हुआ,जिसमें 07 को रिस्टोर कर दिया गया है 15 पर काम चल रहा हैं। 11 के0वी0ए0के 90 लाइन बन्द हैं,जिन पर कार्य चल रहा है अगले 2-03 घण्टे में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी।

चार लुटेरों को लूट की योजना बनाते किया गिरफ्तार

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। थाना वैदपुरा पुलिस लूट की योजना बना रहे चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन तमंचा, आधा दर्जन जिन्दा कारतूस, एक अवैध चाकू, एक टॉर्च तथा एक ईको स्पोर्ट कार बरामद की।प्रभारी थाना वैदपुरा संजय कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत खेडा नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग कर रहे थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ईको स्पोर्ट कार में सवार चार व्यक्ति खेडा नहर तिराहे से केन्द्रीय कारागार महोला जाने वाले मार्ग पर बने रेलवे अन्डर पास के नीचे लूटपाट की घटना कारित करने की फिराक में खडे है जिनके पास अवैध असलहा भी है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना वैदपुरा पुलिस टीम ने ईको स्पोर्ट कार में बैठे चार व्यक्तियो अंकित उर्फ शिवम पुत्र वीरेन्द्र दुबे निवासी गम्भीरा थाना करहल जनपद मैनपुरी, आशीष यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी नगला बिहारी थाना करहल जनपद मैनपुरी, अभिषेक उर्फ गोलू पुत्र सत्यवीर निवासी बहादुरपुर थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी, कुलदीप उर्फ मोनू पुत्र विनोद यादव निवासी नगला दयाल थाना करहल जनपद मैनपुरी को आवश्यक बल प्रयोग कर रेलवे अन्डर पास के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।

पर्यावरण संरक्षण में समाज भी निभाए भूमिका : योगी

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी-2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख किया और प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष

2070 तक भारत को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया है, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। यह केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब तक हम सभी मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक सतत विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब और खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्ढों में डालकर कंपोस्ट बनाया जाता था, तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे और गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअंदाज कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असंतुलन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने गांवों में तालाबों को ड्रेनेज का माध्यम बनाने और गोचर भूमि पर अतिक्रमण जैसे कदमों को आत्मघाती बताया। योगी ने उत्तर प्रदेश के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य का जैव विविधता बोर्ड 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' के विजन को साकार करने के लिए नए अभियान चला रहा है। पिछले आठ वर्षों में वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण कर राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही, नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी को कानपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्मल और अविरल बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। कानपुर, जो कभी नमामि गंगे का सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था, आज वहां गंगा स्वच्छ और जीवंत है। उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण में स्थानीय परंपराओं और ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सनातन धर्म की उस परंपरा का उल्लेख किया, जिसमें पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को देवताओं के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि पीपल, बरगद और जामुन जैसे वृक्षों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। पहले लोग चींटियों को मारने के बजाय आटा और चीनी देकर उन्हें प्राकृतिक रूप से हटाते थे। यह प्रकृति के साथ सामंजस्य का उदाहरण है।

मदरसों पर बुलडोज़र कार्रवाई के खिलाफ अदालत जाएंगे मुस्लिम संगठन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद उत्तर प्रदेश में सरकार द्वारा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को कथित रूप से जबरन बंद कराये जाने के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटायेगा। जमीयत उलेमा-ए-हिंद (अरशद मदनी) की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बृहस्पतिवार को लखनऊ में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया।संगठन के वरिष्ठ सदस्य और विधिक सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने न्यूज़ एजेंसी को बताया कि जमीयत की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश के कई जिलों, खासकर नेपाल से सटे बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, महराजगंज तथा कुछ अन्य जनपदों में हाल में प्रशासन द्वारा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को जबरन बंद कराये जाने की कार्रवाई को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया गया है।

रशीदी ने बताया, मदरसों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत भी संरक्षण मिला हुआ है। साथ ही साल 2014 में उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की पीठ ने भी मदरसों को संरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भी पिछले साल 20 दिसंबर को मदरसों पर कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया था, मगर उसके बाद भी गैर मान्यता प्राप्त इस्लामी शिक्षण संस्थानों को जिस तरीके से बंद किया जा रहा है, वह संविधान के खिलाफ हैं।

अखिलेश ने बताया, उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव में जीत का समीकरण

भाजपा की हार का राजनीतिक गणित

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में 1.93 लाख शिक्षकों की भर्ती के लिए हाल ही में जारी विज्ञापन महज एक राजनीतिक जुमला है और यह 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को महंगा पड़ेगा। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में भाजपा की हार का राजनीतिक गणित पेश किया। उन्होंने कहा, 'एक लाख तिरानवे हजार शिक्षक भर्तियों के जुमलाई विज्ञापन से जन्मा : 2027 के चुनाव में भाजपा की हार का राजनीतिक गणित।'सपा प्रमुख ने अपनी लम्बी पोस्ट में इसकी काल्पनिक गणना करते



हुए कहा, 'मान लिया जाए कि एक पद के लिए कम-से-कम 75 अभ्यर्थी होते, तो यह संख्या 1,44,75,000 होती और एक अभ्यर्थी के साथ यदि केवल उनके अभिभावक जोड़ लिये जाएं तो कुल मिलाकर तीन लोग इससे प्रभावित होंगे अर्थात यह संख्या 4,34,25,000 होगी। ये सभी वयस्क होंगे। अतः इन्हें 4,34, 25,000 मतदाता मानकर अगर राज्य की 403 विधानसभा सीट से विभाजित कर दें तो यह आंकड़ा लगभग 1,08,000 वोट प्रति सीट का आयेगा।' उन्होंने कहा कि और अगर इनमें से आधे को भी भाजपा का मतदाता मान लें (चूंकि भाजपा 50 प्रतिशत जनाधार की जुमलाई बात करती आई है) तो हर सीट पर लगभग 54,000 मतों का नुक़सान भाजपा को होना तय है। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति में भाजपा 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों में दहाई सीट पर ही सिमट जाएगी। यादव ने कहा कि पुलिस भर्ती मामले में 'भर्तियों का यह गणित' भाजपा को राज्य में लगभग आधी सीट पर हराने में सफल भी रहा है, अतः ऐसे आंकड़ों को अब सभी गंभीरता से लेने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अब यह मानसिक दबाव का नहीं, वरन सियासी सच्चाई का आंकड़ा बन चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'जैसे ही यह आंकड़ा प्रकाशित होगा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपाई प्रत्याशियों के बीच जाएगा वैसे ही उनकी राजनीतिक गणना टूटकर बिखर जाएगी, और विधायक बनने का उनका सपना भी। इससे भाजपा में एक तरह से भगदड़ मच जाएगी। ऐसे में भाजपा को मतदाता ही नहीं, बल्कि प्रत्याशियों के भी लाले पड़ जाएंगे।'

अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी पर संगोष्ठी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पुण्यशलोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत जिला संगोष्ठी का आयोजन कानपुर उत्तर में किया गया, जिसमें माननीय सदस्य विधान परिषद् मुकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में मुकेश शर्मा ने कहा- राजमाता अहिल्याबाई होलकर जी का शासन तीस वर्षों तक चला। यह एक ऐसे काल के रूप में प्रसिद्ध है, जिसके दौरान एक उत्तम व्यवस्था और अच्छी सरकार बनी तथा लोगों को समृद्धि प्राप्त हुई। वे एक बहुत ही योग्य शासक और प्रबंधक थीं, जिन्हें अपने जीवनकाल में बहुत सम्मान प्राप्त हुआ। उनकी मृत्यु के बाद, कृतज्ञ लोगों द्वारा उन्हें एक संत के रूप में माना गया। मुकेश शर्मा ने आगे कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर न केवल मालवा साम्राज्य की प्रजापालक रानी थीं, बल्कि भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में गिनी जाती हैं। 18वीं शताब्दी में धर्म, शिक्षा, जनकल्याण और औद्योगीकरण के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान ने उन्हें युग निर्माता बना दिया। यह आयोजन महान महिला शासिका के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज में नारी सशक्तिकरण, शिक्षा और जनकल्याण के संदेश को व्यापक रूप से फैलाने की दिशा में एक सशक्त पहल रहा।

सी.एम.एस. समर कैम्प में सँवर रही है छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों द्वारा आयोजित किये जा रहे समर कैम्प जहाँ एक ओर छात्रों की नैसर्गिक बहुमुखी प्रतिभा को निखारने व संवारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु सी.एम.एस. की प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। समर कैम्प के अन्तर्गत सी.एम.एस. के सभी 21 कैम्पसों में इन दिनों छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिल रहा है, जहाँ छात्र अपनी रूचि के अनुसार खेलकूद, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, ताइक्वाण्डो, योगा, सेल्फ-डिफेन्स, तैराकी, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, वाद्य यंत्र, वेस्टर्न म्यूजिक, ऐरोबिक्स, पेन्टिंग आदि विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा को निखारने व सँवारने में संलग्न नजर आये। खास बात यह है

कि ये निःशुल्क समर कैम्प छात्रों में आपसी सद्भाव, सौहार्द व एकता के विचारों को बढ़ावा देने का अवसर भी साबित हो रहे हैं, जिसमें छात्र अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में पारंगत होने के साथ ही यादगार अवसरों को संजो रहे हैं। विदित हो कि गर्मी की छुट्टियों के सर्वश्रेष्ठ सदुपयोग एवं छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु सी.एम.एस. के सभी कैम्पसों में इन दिनों समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों की फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना एवं मजेदार तौर-तरीकों से उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों में चल रहे समर कैम्प छात्रों के लिए एक यादगार अवसर है, जो स्कूली कक्षाओं की सीमा से परे रूचिपूर्ण तौर तरीकों से छात्रों के सर्वांगीण विकास कर रहा है। इस समर कैम्प में छात्र प्रातः 5.30 बजे से ही समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूरी ऊर्जा व उत्साह के साथ दिन की शुरूआत करते हैं और अपनी रूचि के क्षेत्र में नई-नई चीजे सीखते हैं। श्री खन्ना ने बताया कि छात्रों के अभिभावक समर कैम्प के आयोजन से अत्यन्त प्रसन्न हैं एवं विद्यालय के इस अभिनव प्रयास की भूरि-भूरि प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबन्धन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

पशुधन मंत्री ने गोसेवा आयोग द्वारा प्रदेश के जनपदों में गोआश्रय स्थलों की समीक्षा की

स्थानीय स्तर पर गो जनित उत्पादों की मांग को बढ़ावा दिया जाए

- आयोग द्वारा 08 मंडल मुख्यालयों की एक-एक गोशाला को पूर्णत आत्मनिर्भर बनाया जाए
- पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों पर गो जन्य उत्पादों के बिक्री की व्यवस्था करने के निर्देश
- गाय हमारी आस्था और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा: अध्यक्ष श्याम बिहारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल की अध्यक्षता में आज यहां विधानभवन स्थित कार्यालय कक्ष में गोसेवा आयोग द्वारा विभिन्न जनपदों के भ्रमण के दौरान गोसंवर्धन एवं गोशालाओं के निरीक्षण तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाए जाने के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में आयोग द्वारा समस्त जनपदों की विभिन्न वृहद् गो संरक्षण केन्द्रों, अस्थाई गो आश्रय स्थलों, कान्हा गोशाला एवं पंजीकृत

गोशालाओं में आयोग के पदाधिकारीगण एवं अधिकारीगण द्वारा भ्रमण व निरीक्षण की विस्तृत जानकारी एवं सुझाव दिए गए।

बैठक में पशुधन मंत्री ने गोसेवा आयोग पदाधिकारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि गोरखपुर मंडल, अयोध्या मंडल, वाराणसी मंडल, लखनऊ मंडल, झांसी मंडल, बरेली मंडल, आगरा मंडल तथा चित्रकूट के मंडल मुख्यालय से एक-एक गोशाला को पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस हेतु महिला सहायता स्वयं समूह, एनजीओ का सहयोग लिया जाए। गोकाष्ठ दण्डिका बनाने के लिए गोकाष्ठ मशीन की व्यवस्था की जाए। गोबर से कम्प्रेस्ड बायो गैस और पाइप लाइन बायो गैस बनाई जाए। स्थानीय स्तर पर गो जनित उत्पादों की मांग को बढ़ावा दिया जाए।सिंह ने कहा कि पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों जैसे चित्रकूट, अयोध्या, गोरखनाथ पीठ, बृजभूमि आदि स्थानों पर गो जन्य उत्पादों के बिक्री की व्यवस्था की जाए। प्राकृतिक एव जैविक खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग द्वारा गोआश्रय स्थलों के निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गई है, उन्हें त्वरित गति से निस्तारित किया जाए। हरे चारे हेतु नेपियर घास की बुआई को प्राथमिकता दी जाए। प्रदेश की समस्त गोशालाओं में गोबर व गोमूत्र का संचय एवं उपयोग कर पचगव्य उत्पाद यथा साबुन, अगरबत्ती, धूपबत्ती, गोकाष्ठ, गोनाइल, घनवटी, गोअर्क एवं अन्य औषधियों का निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे गोशालाएं स्वाबलबी बन सकेंगी।बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त जी ने कहा कि गाय केवल आस्था का विषय नही है बल्कि हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। गो सेवा आयोग अब कृषि को व्यवसाय से और गाय को उपयोगिता के साथ जोड़ने की दिशा में नए आयाम की ओर अग्रसर है। विभिन्न गोशालाओं में पर्याप्त भूमि है जिस पर हरे चारे का उत्पादन किया जा सकता है, जिससे गोशालाओं में संरक्षित गोवंश को हरे चारे की उपलब्धता हो सकेगी। गुप्त ने गोशालाओं के निरीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गोआधारित प्राकृतिक कृषि कर रहे लगभग 100 कृषकों के खेतों पर भ्रमण किया गया। गोआधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने से गोबर एवं गोमूत्र की उपयोगिता को बढ़ाया जा सकता है।

प्रदेश को 2027 तक बालश्रम मुक्त किये जाने पर हुआ मन्थन

अवधनामा ब्यूरो

- 12 जून को अन्तर्राष्ट्रीय बालश्रम प्रतिषेध दिवस पर होगा कार्यक्रम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को आगामी वर्षों में 2027 तक बाल श्रम मुक्त कराने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा तैयार की गयी राज्य कार्य योजना के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, श्रम एम. के सुन्दरम की अध्यक्षता में आहूत बैठक में निर्णय लिया गया कि विभिन्न विभागों के समन्वय व सहयोग से ही 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। बाल श्रम उन्मूलन व पुनर्वासन में विभिन्न विभागों की भूमिका व वृहद जनजागरण हेतु 12 जून को अर्न्तराष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस के अवसर पर लखनऊ में एक कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में श्रमायुक्त, मार्केण्डेय शाही द्वारा प्रदेश में बाल श्रम की स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए विभिन्न विभागों की भूमिका के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया। शाही के द्वारा बताया गया कि वर्तमान सरकार का यह संकल्प है कि उ0प्र0 को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त कराना है। इसमें श्रम विभाग के साथ शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज्य, गृह, स्वास्थ, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास विभाग, शहरी विकास व व्यवसायिक शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने प्रस्तुतिकरण में बताया कि ऐसे बच्चों को विद्यालयों में नामांकित है परन्तु विद्यालय नहीं आते, वो सम्भावित बाल श्रम की श्रेणी में रहते है। और उनका विद्यालय में ठहराव एक बड़ी चुनौती है। सचिव महिला कल्याण, बी0 चन्द्रकला ने महिला कल्याण विभाग की बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सहित चाइल्ड हेल्पलाईन के सम्बन्ध में बताया गया। बैठक की चर्चा में यह भी अवगत कराया गया कि बाल श्रम से सम्बन्धित डाटा, 2011 की जनगणना के बाद उपलब्ध न होने के कारण बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रमों के संचालन में समस्या आती है। इस सम्बन्ध में बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर बाल श्रमिकों व कामकाजी बच्चों का पता करने हेतु पंचायती राज विभाग के माध्यम से कामकाजी बच्चों का डाटा एकत्रित कर श्रम व शिक्षा विभाग के साथ साझा किया गया। नया सवेरा योजना पर चर्चा में यूनिसेफ अधिकारी, सैयद मंसूर कादरी द्वारा सुझाव दिया गया कि नया सवेरा का एक गुणात्मक मूल्यांकन कराकर उसे पुनः लागू करने पर विचार किया जा सकता है। बैठक में प्रमुख सचिव, श्रम एम0 के0 सुन्दरम ने कहा कि शीघ्र ही सभी जनपदों में जिला टास्क फोर्स गठन करा लिया जाए एवं ग्राम स्तर पर पंचायत विभाग के सहयोग से डाटा संकलित कर श्रम विभाग के साथ साझा किया जाए। शीघ्र ही यूनिसेफ के साथ मिलकर विभिन्न विभागों की सभी योजनाओं को संकलित कर बुकलेट तैयार की जाएगी जिसमें बाल श्रमिक व उनके परिवारों को लाभान्वित कराया जा सकें।

इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में बीबीए पाठ्यक्रम को मंजूरी

लखनऊ। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में 22 मई को आयोजित गवर्निंग बोर्ड की बैठक में बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) पाठ्यक्रम को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष एवं कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमुख प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में गवर्निंग बोर्ड के सदस्य डॉ. संदीप गोयल, प्रबंध निदेशक, रेडिफ्यूजन ब्रांड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड; सुवीतिका विक्रांत देवरस, उपाध्यक्ष - ब्रांड, मार्केटिंग एवं डेटा, आईएचसीएल; प्रोफेसर पी.के. सिंह, निदेशक, आईआईएम तिरुचिरापल्ली; तथा विश्वविद्यालय के डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट्स, डीन फैकल्टी ऑफ कॉमर्स, रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक उपस्थित रहे। बैठक का समन्वय प्रोफेसर विनीता काचर, ओएसडी, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ विश्वविद्यालय ने किया। गवर्निंग बोर्ड ने बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) पाठ्यक्रम की संस्तुति करते हुए उसे औपचारिक स्वीकृति प्रदान की।

अन्नू बनीं भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो

काकोरी लखनऊ। भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन का विस्तार करते हुए लखनऊ वृंदावन की निवासी और समाजसेविका अन्नू तिवारी को उत्तर प्रदेश के महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद द्वारा की गई। अपनी नियुक्ति पर, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अन्नू तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन पर जो भरोसा जताया है और उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगी। अन्नू तिवारी ने आगे कहा कि किसी भी व्यापारी महिला को आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए वह शासन-प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने का पूरा प्रयास करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि वह बहुत जल्द पूरे उत्तर प्रदेश के हर जिले में संगठन का विस्तार करेंगी। यह नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अन्नू तिवारी और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर और फूल-माला पहनाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद कामिल, राष्ट्रीय महामंत्री मनीष द्विवेदी और शिवसरूप गुप्ता जी ने भी अन्नू तिवारी को बधाई दी।

कौशल विकास योजनाओं पर की गई प्रस्तुति

लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने आज मिशन मुख्यालय में मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भ्रमण पर आए भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 8 अधिकारियों से भेंट की।भ्रमण पर आए अधिकारियों को राज्य कौशल विकास मिशन (न्वैक्ड) के अंतर्गत संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभाग के विशेष सचिव अभिषेक सिंह एवं मिशन के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उत्तर प्रदेश में कौशल विकास के क्रियान्वयन, नवाचारों तथा युवाओं के सशक्तिकरण हेतु की जा रही पहलों को साझा किया गया। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम एवं विशेष सचिव अभिषेक सिंह द्वारा आईएफएस अधिकारियों के साथ भावी रणनीतियों एवं संभावित समन्वय के अवसरों पर भी चर्चा की गई, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण एवं सतत विकास के लक्ष्यों के साथ कौशल प्रशिक्षण को जोड़ा जा सके।

नागरिकों को मिलेगी राहत

- बारिश से पहले शुरू करें 10 किमी सीवर लाइन: असीम अरुण
- शहर में 19 किमी सीवर लाइन का होना है काम
- जून के अंत तक तैयार होगा नये एसटीपी का डी.पी.आर.

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में जनपद कन्नौज में नगर के लिए 19 किलोमीटर की सीवेज लाइन का काम स्वीकृत हुआ था, जिसमे से 10 किमी का कार्य पूरा हो चुका है। शेष 9 किमी का कार्य भी जल्द पूरा होगा। सीवेज लाइन के क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को ऑनलाइन बैठक हुई। जिसमे सदर विधायक व मंत्री असीम अरुण, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रईस, यूपी जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक राज शेखर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री असीम अरुण ने निर्देश

दिए कि जो 10 किमी की सीवर लाइन तैयार हो गयी है उसे साफ कर बारिश से पहले शुरू कर दिया जाये। इस सीवर लाइन को घरों से कनेक्ट किया जाये। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि अभी 13 एम.एल.डी. की क्षमता का एसटीपी कार्य कर रहा है। जिसमे 10 एमएलडी सीवेज पहुँच रहा है। जल निगम के प्रबंध निदेशक ने अपने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जून माह के अंत तक नए एसटीपी का डीपीआर तैयार करें। इसके साथ ही जल निगम, नगर पालिका और जिला प्रशासन के अधिकारियों की एक संयुक्त कमिटी बनाई जाएगी जो प्रत्येक सप्ताह कार्य के प्रगति की निगरानी का वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट करेगी।

ग्रामीण आजीविका मे कार्यरत ब्लॉक मिशन मैनेजरों को दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग/संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा दिनांक 19 से 22 मई, 2025 की अवधि में महानिदेशक संस्थान एल. वेंकटेश्वर लू. के संरक्षण एवं संस्थान के अपर निदेशक (प्र.) सुबोध दीक्षित के मार्ग निर्देशन में ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत एफ.एन.एच.डब्ल्यू फ्लिप बुक मॉडयूल-1 एवं एम.आई.एस. लोकोस ट्रांजैक्शन÷ विषयक 04 दिवसीय राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लॉक मिशन मैनेजर (बी.एम.एम.) हेतु

आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण के प्रथम दो दिवसों में विभिन्न विषयों यथा-प्रदेश में माताओं, किशोरियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति तथा यू.पी.एस. आर.एल.एम. की भूमिका पर चर्चा, फ्लिप बुक मॉडूयल-1 पर परिचय एवं उपयोग पर चर्चा, जीवन के प्रथम एक हजार दिनों में निवेश, सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार की अवधारणा सिद्धांत एवं रणनीति पर चर्चा, जेण्डर का खाद्य पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के संबंध पर चर्चा व परिचर्चा, स्वास्थ्य पोषण और स्वच्छता से आपसी सम्बन्ध स्तनपान व माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन तथा महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार के विषयों पर समझ बनाना, सी.एल.एफ कटऑफ, सीट प्रारूप पर चर्चा, सी.बी.ओ. के ट्रांजैक्शन का इंस्टालेशन एवं यूजर आई.डी. बनाना, लोकोस ट्रांजैक्शन के फॉर्मेट को साइट पर भरना, क्लस्टर लेवल फेडरशन का अनुश्रवण व डाटा कलेक्शन तथा भुगतान की प्रक्रिया एवं भुगतान इत्यादि पर राज्य स्तरीय सम्बन्धित प्रबुद्ध विषय-विशेषज्ञों द्वारा कुल लक्षित 83 प्रतिभागियों के सापेक्ष 78 प्रतिभागियों की क्षमता संवर्धन करने के साथ द्वितीय दो दिवसों में एम.आई.एस. पद्धति पर आधारित सम्बन्धित विषयों पर कम्प्यूटर संकाय के विषय-विशेषज्ञों द्वारा ज्ञानवर्धन किया गया।